राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 लैंड बैंक निर्माण में किसी भी तरह की ढिलाई ...

अधिनायक लिपिक भर्ती परीक्षा कदाचारमुक्त ... 10

वर्ष : 14 | अंक : 60 | पटना, मंगलवार, 09 जून, 2026 | विक्रम संवत 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 21.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,54,815 |
| चांदी | 2,98,600 |
| संसेक्स | 73,524 |
| निफ्टी | 23,123 |

# विप चुनावः एनडीए के 9 और महागठबंधन के 01 उम्मीदवार ने किया नामांकन

■ सीएम सम्राट, संजय झा, ललन सिंह सहित कई दिग्गज रहे मौजूद

प्रात : किरण

पटना। बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर सोमवार को जदयू के निशांत कुमार सहित एनडीए के सभी नौ उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को राजद के सुनील सिंह ने भी पर्चा भरा। आवश्यकता पड़ने पर विधान परिषद की नौ सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को प्रस्तावित है। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद रिक्त हुई एक सीट पर उपचुनाव भी कराया जा रहा है। एनडीए में शामिल भाजपा और जदयू ने बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव 2026 के लिए



भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह, डॉ. संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को उम्मीदवार बनाया है, जबकि जदयू ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार, डॉ. भारती मेहता, जो पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता हैं, और शिवानी प्रजापति, जो पश्चिम चंपारण जिला परिषद अध्यक्ष रह चुकी हैं, को भी उम्मीदवार बनाया है। जदयू ने ललन प्रसाद को भी विधान परिषद भेजने का फैसला लिया है। लोजपा (रामविलास) की ओर से अशरफ अंसारी को प्रत्याशी बनाया है। इन सभी प्रत्याशियों ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी , केंद्रीय मंत्री लालन सिंह, चिराग पासवान सहित एनडीए के घटक दलों के कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानमंडल परिसर पहुंचने के बाद लोगों को विक्ट्री का साइन दिखाकर एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत का दावा किया। विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से एनडीए की आठ सीटों पर जीत पक्की है। महागठबंधन की ओर से राजद नेता सुनील सिंह ने अपना नामांकन भरा है। हालांकि, पार्टी के भीतर ही उनकी उम्मीदवारी पर सवाल उठने लगे हैं। राजद अध्यक्ष लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सुनील सिंह के नाम पर आपत्ति जताते हुए सीधे तौर पर तेजस्वी यादव की कार्यप्रणाली पर निशाना साधा है, जिससे महागठबंधन में आंतरिक खींचतान स्पष्ट दिख रही है।

# सीएम सम्राट की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक, 25 एजेंडों पर लगी मुहर

# गांव से शहरों तक भूमि मापी शुल्क में दो गुणा बढ़ोतरी

■ जमीन मापी के लिए ऑनलाइन कर सकते आवेदन

प्रात : किरण

पटना। राज्य सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मौजूद जमीनों की मापी की दर में तकरीबन दो गुणा की बढ़ोतरी की है। बढ़ोतरी के बाद नई दर के मुताबिक, नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत क्षेत्र में मौजूद रैयती जमीन की मापी के लिए प्रति खेसरा 2 हजार रुपये और अधिकतम 8 हजार रुपये की दर निर्धारित की गई है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में प्रति खेसरा 1 हजार रुपये और अधिकतम 4 हजार रुपये मापी शुल्क निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित कैबिनेट की विशेष बैठक में इससे संबंधित मसौदे पर मुहर लगी। कैबिनेट में 25 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बारे में विस्तृत जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी ने सूचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। श्री चौधरी ने कहा कि इस नए प्रावधान के तहत




शहरी क्षेत्र में तत्काल मापी के लिए प्रति खेसरा 4 हजार और अधिकतम 16 हजार रुपये का शुल्क देना होगा। वहीं, ग्रामीण इलाकों में तत्काल मापी के लिए प्रति खेसरा 2 हजार और अधिकतम 8 हजार रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं, इससे पहले सामान्य जमीन की मापी की यह दर शहरी इलाकों के लिए 1 हजार रुपये प्रति खेसरा और अधिकतम 4 हजार रुपये थी। इसी तरह ग्रामीण इलाकों के लिए यह दर 500 रुपये और अधिकतम 1 हजार रुपये थी। परंतु अब इसे बढ़ाकर दोगुणा कर दिया गया है।

**सासामूसा चीनी मिल को फिर से परिचालन कराने की अनुमतिः** गोपालगंज स्थित सासामूसा के मेसर्स सासामूसा सुगर वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड का फिर से परिचालन कराने की अनुमति मिली। इस क्षेत्र के गन्ना किसानों को पूर्व के पेराई सत्रों का बकाए ईख मूल्य मूलधन की राशि 42 करोड़ 99 लाख 9 हजार 95 रुपये के भुगतान की अनुमति मिली। इससे सासामूसा चीनी मिल क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा एवं रोजगार सृजित होंगे।

**15 वर्ष पुराने वाहनों को स्क्रैप कराने पर एसओपी जारीः** राज्य में 15 वर्ष पुराने गैर-सरकारी वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए जारी एसओपी (मानक संचालन नियमावली) जारी है। इसके तहत निबंधित यान स्क्रैपिंग सुविधा (आरवीएसएफ) के माध्यम से वाहन को स्क्रैप कराने पर सीओडी (सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट) जारी किया जाता है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि अब इस सीओडी के आधार पर नए वाहनों के निबंधन में मोटरवाहन कर में निर्धारित छूट दी जाएगी।

इससे अधिक से अधिक संख्या में गैर-सरकारी वाहनों को स्क्रैप किए जाने और नए वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इससे वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी।

## पीएम फसल बीमा योजना को मंजूरी

राज्य में रबी मौसम 2026-27 से केंद्र सरकार की तरफ से प्रायोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाय) को कार्यान्वित करने की स्वीकृति मिल गई है। यह योजना राज्य में खरीफ मौसम 2018 से कार्यान्वित बिहार राज्य फसल सहायता योजना का स्थान लेगी। इस नई योजना के तहत बीमित किसानों के कृषि लागत के समतुल्य फसल क्षति का भुगतान किया जाएगा। इसमें बड़े जोत वाले राज्य के किसानों को भी उनके बीमित भूमि के समतुल्य फसल क्षति का लाभ होगा।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना : तीन माह के लिए 3662 करोड़ राशि स्वीकृत

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को इस साल मई, जून और जुलाई की पेंशन राशि के भुगतान के लिए बिहार आकस्मिकता निधि से 3,662 करोड़ रुपये अग्रिम स्वीकृत करने का भी निर्णय लिया गया है।

राज्य सरकार की ओर से संचालित छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना और मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लाभार्थियों के बीच इसका भुगतान किया जाएगा। इसके तहत लाभार्थियों को प्रतिमाह 1,100 रुपये की पेंशन प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दी जाती है। सरकार ने प्रत्येक माह की 10 तारीख को पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने का फैसला किया है।

**एक जुलाई से लागू होगी विकसित भारत- जी राम जी योजना :** ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए मंत्रिमंडल ने विकसित भारत-जी राम जी योजना, बिहार-2026 को भी स्वीकृति दी है। यह योजना एक जुलाई 2026 से राज्य के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगी। इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं, उन्हें एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की विस्तारित मजदूरी रोजगार गारंटी प्रदान की जाएगी। सरकार का कहना है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आजीविका सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

## बिहारशरीफ, हाजीपुर, बेगूसराय, सहरसा में एसटीपी-जलापूर्ति के लिए 736 करोड़

नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) के अंतर्गत बिहारशरीफ, हाजीपुर, बेगूसराय और सहरसा में जलापूर्ति एवं सीवरेज परियोजनाओं (एसटीपी) के लिए कुल 736 करोड़ रुपये खर्च करने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। बिहारशरीफ एसटीपी की लागत 101 करोड़ 63 लाख, बेगूसराय एसटीपी की लागत 375 करोड़ 86 लाख, हाजीपुर जलापूर्ति परियोजना की लागत 131 करोड़ 88 लाख तथा सहरसा जलापूर्ति योजना की लागत 127 करोड़ 45 लाख है।

## पटना स्थित आईआईटी में रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत

पटना स्थित आईआईटी में रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए राज्य सरकार की तरफ से संस्थान को 305 करोड़ रुपये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।केंद्र प्रायोजित योजना डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत बिहार निबंधन नियमावली- 2026 की स्वीकृति के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई है। इसके तहत सभी निबंधन कार्यालयों को पूरी तरह से पेपरलेस करने की योजना है। इसके अलावा जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय और राज्य के पीएचईडी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर को लेकर सहमति बनी।

## मुंगेर जलाशय योजना का काम दिसंबर 2027 तक होगा पूरा

मुंगेर जिला के खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत सिंधवासी जलाशय योजना का कार्य दिसंबर 2027 तक पुर्ण हो जाएगा। इसकी लागत राशि को बढ़ाकर 125 करोड़ रुपये से 196 करोड़ रुपये कर दी गई है। वर्तमान खड़गपुर झील जलाशय से करीब 1.50 किमी अपस्ट्रीम में मनी नदी एवं सिंधवारणी नदी के संगम स्थल पर स्थित है। इससे निकलने वाली उच्चस्तरीय मुख्य नहर की लंबाई 9.66 किमी में पुनर्स्थापन कार्य कराया जाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### औरंगाबाद में बस-ट्रक में टक्कर; आंध्र प्रदेश के तीन श्रद्धालुओं की मौत

पटना। औरंगाबाद जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। आंध्र प्रदेश से आए श्रद्धालुओं को ले जा रही एक पर्यटक बस राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक ट्रक से टकरा गई। यह हादसा रविवार देर रात औरंगाबाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भभानी होटल के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, लगभग 40 श्रद्धालु आंध्र प्रदेश से बोधगया में दर्शन के बाद वाराणसी जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बस चालक आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, इसी दौरान यह दुर्घटना हो गई। मृतकों की पहचान 50 वर्षीय हजरतय्या, 43 वर्षीय पद्मावती और 64 वर्षीय पशुलेटी वेंकटेश के रूप में हुई है, जो आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के संगमा गांव के निवासी थे। सदर अस्पताल, औरंगाबाद के डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। घायलों में सुभानम्मा, नरेंद्र रेड्डी और प्रसाद शामिल हैं, जबकि 7 से 8 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# पश्चिम एशिया के वर्तमान हालात अत्यंत चिंता का विषयः भारत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर सोमवार को अत्यधिक चिंता व्यक्त की तथा क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए जारी वार्ता शीघ्र संपन्न करने की अपील की। भारत ने तनाव तत्काल घटाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की। ईरान द्वारा उत्तरी इजराइल पर मिसाइलें दागे जाने के बाद इजराइल ने पश्चिमी और मध्य ईरान में हवाई हमले किये हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, पश्चिम एशिया में हुए ताजा हमलों पर भारत गहरी चिंता व्यक्त करता है। ये घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए अत्यंत चिंता का विषय हैं। मंत्रालय ने वैश्विक अर्थव्यवस्था, विशेषकर ऊर्जा आपूर्ति पर इस संघर्ष के प्रभावों का भी उल्लेख किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, यह संघर्ष 100 दिनों से अधिक समय से चल रहा है और इससे जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। मंत्रालय ने कहा, हम सभी पक्षों से तत्काल तनाव घटाने, यह सुनिश्चित करने की अपील करते हैं कि नागरिकों को कोई नुकसान न पहुंचे और कूटनीतिक समाधान के लिए जारी बातचीत संपन्न की जाए ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता लौट सके। अप्रैल में हुए युद्धविराम के बाद, पहली बार तनाव अत्यधिक बढ़ने के बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और इजराइल से एक-दूसरे पर हमला बंद करने का आग्रह किया है।

**तुरंत ईरान छोड़ दें, भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारीः** नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एक बार फिर से एडवाइजरी जारी कर दी है। इसमें भारतीय नागरिकों से ईरान की यात्रा से बचने का आग्रह किया गया है और वहां पहले से मौजूद लोगों को उपलब्ध परिवहन विकल्पों का उपयोग करके तुरंत देश छोड़ने को कहा गया है।

### भारतीय दूतावास ने एक्स पर दी जानकारी

ईरान में कार्यरत भारतीय दूतावास ने अपने एक्स पर एडवाइजरी जारी करते हुए लिखा क्षेत्र में हुए हालिया घटनाक्रमों को देखते हुए, दूतावास सभी भारतीय नागरिकों को ईरान की यात्रा से बचने की अपनी पूर्व सलाह को दोहराता है ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को उपलब्ध परिवहन साधनों द्वारा देश छोड़ने की सलाह दी जाती है।

### पश्चिम एशिया में लगातार तनाव बढ़ रहा

भारतीय दूतावास की नई एडवाइजरी ऐसे समय में जारी की गई है जब ईरान और इजराइल के बीच हालिया झड़पों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। भारत स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है और उसने क्षेत्र में रहने वाले अपने नागरिकों से बार-बार सावधानी बरतने और यात्रा एवं सुरक्षा संबंधी अपडेट के लिए दूतावास के संपर्क में रहने का आग्रह किया है।

# मंत्री दीपक प्रकाश की पुनर्नियुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की पुनर्नियुक्ति को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में मुख्य सवाल यह उठाया गया है कि क्या कोई व्यक्ति, जो बिहार विधानमंडल के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है, संविधान के अनुच्छेद 164(4) के तहत दी गई छह माह की अवधि समाप्त होने के बाद पुनः मंत्री पद पर नियुक्त किया जा सकता है। याचिकाकर्ता ने दीपक प्रकाश की मंत्री पद पर निरंतरता को असंवैधानिक बताते हुए उनकी नियुक्ति रद्द करने की मांग की है। याचिका में दलील दी गई है कि अनुच्छेद 164(4) के अंतर्गत गैर-विधायक को मंत्री बनाए जाने की छह महीने की संवैधानिक छूट केवल एक बार ही उपलब्ध है। इसका बार-बार इस्तेमाल इस्तीफा देकर, मंत्रिमंडल पुनर्गठन या पुनर्नियुक्ति के माध्यम से नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद 164(4) का प्रावधान संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक जवाबदेही को दरकिनार करने के लिए नहीं है। याचिका में स्पष्ट किया गया है कि यह प्रावधान केवल अस्थायी व्यवस्था है, जिसका दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। याचिका में कहा गया है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति तक सीमित नहीं है बल्कि इससे संवैधानिक शासन, संसदीय लोकतंत्र, मंत्रिपरिषद की जवाबदेही और कार्यपालिका की शक्तियों की संवैधानिक सीमाओं जैसे व्यापक मुद्दे जुड़े हुए हैं। याचिकाकर्ता ने अदालत से इस पर तत्काल सुनवाई करने और अंतरिम आदेश जारी करने की अपील की है। संविधान के अनुच्छेद 164(4) में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति जो विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य नहीं है, उसे मंत्री बनाए जाने के छह महीने के अंदर सदन का सदस्य बनना अनिवार्य है।

# खान सर पर गिरफ्तारी की तलवार, अग्रिम जमानत याचिका पर कोर्ट का फैसला सुरक्षित

प्रात : किरण

पटना। पटना में कोचिंग सेंटर पर हुए विवाद मामले में अब पुलिस खान सर की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस की एक टीम खान सर की गिरफ्तारी के लिए दौड़ रही है। वहीं इस बीच खान सर की तरफ से कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई, जिस पर सोमवार को सुनवाई हुई। फैसल खान उर्फ खान सर के वकील ने पटना सिविल कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। दोपहर 12:30 बजे कोर्ट ने सुनवाई की लेकिन फैसला नहीं दिया है। खान सर के वकील अरविंद कुमार महुआर ने कहा कि ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर और अन्य लोगों पर खान सर के स्टाफ ने केस दर्ज कराया है। इसके बाद खान सर पर भी केस दर्ज हुआ है। अरविंद कुमार महुआर ने कहा कि अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई है और कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। आज या कल कोर्ट इस मामले में फैसला सुना सकता है।

**मंथन** इंडिया ब्लॉक का जमावड़ा : 23 दलों के दिग्गज जुटे, आगे की रणनीति पर मंथन

# महंगाई एवं संविधान जैसे मुद्दों पर एकजुटता की जरूरत : खरगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की सोमवार को संविधान क्लब में हुई अहम बैठक में केंद्र सरकार को आर्थिक, सामाजिक और विदेश नीति के मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनसीपी (एससीपी) सांसद सुप्रिया सुले, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत 23 दलों के नेता मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों और आर्थिक सुस्ती जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर लाखों लोगों के मतदान अधिकार छीनने की कोशिश की जा रही है और संविधान पर लगातार हमला हो रहा है। खरगे ने कहा कि विपक्ष ने संसद में एकजुटता




दिखाते हुए परिसीमन विधेयक समेत कई विवादित विधेयकों को पराजित किया था और अब इसी एकता को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को डराने और परेशान करने के लिए किया जा रहा है, जबकि गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नए निवेश की रफ्तार रोजगार सृजन की जरूरतों के अनुरूप नहीं है। साथ ही परीक्षा प्रणाली में अव्यवस्था के कारण लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

**भाईचारे को मजबूत करना जरूरी :** बैठक से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया ब्लॉक 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों पर भी नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए भाईचारे को मजबूत करना जरूरी है। एनसीपी (एससीपी) सांसद सुप्रिया सुले ने भी देश में आर्थिक संकट, महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को गंभीर मुद्दा बताया। बैठक में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए, जबकि द्रमुक (बीएमके) के प्रतिनिधि मौजूद नहीं रहे। हालांकि वामपंथी नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि डीएमके भले बैठक में शामिल नहीं हो रही हो, लेकिन वह विपक्षी एकता के साथ खड़ी है। बैठक के बाद इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करने का भी कार्यक्रम तय किया।

### आम आदमी पार्टी इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है : संजय

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि आआपा अब इंडी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। आज होने वाली बैठक में आआपा शामिल नहीं होगी। संजय सिंह ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि तमिलनाडु में बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच कांग्रेस द्वारा डीएमके को विश्वास में लिए बिना अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को समर्थन देने के कारण दोनों दलों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं।

### इंडिया गठबंधन ने प्रधान का इस्तीफा मांगा, वोट लूट पर सीजेआई को लिखेगा पत्र

विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सोमवार को एकजुटता प्रदर्शित करते हुए सोमवार को लाखों युवाओं के भविष्य के साथ विश्वासघात करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की और कहा कि वह वोट लूट को लेकर जल्द ही प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को पत्र लिखेगा। गठबंधन ने यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में करीब ढाई घंटे की बैठक के बाद केंद्र सरकार सरकार से गंभीर आर्थिक स्थिति, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों तथा जनसरोकारों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की बुलाने की मांग भी की।

## संक्षिप्त खबरें

### डाकघर में ग्राहकों के बैठने की व्यवस्था नहीं

दनियावां। स्थानीय एरई शाखा डाकघर में ग्राहकों को बैठने की भी व्यवस्था नहीं है। ग्राहकों को खाता से रुपया निकालना हो या लिफाफा पर पता लिखना हो,खड़े खड़े काम करने की मजबूरी है ग्रामीण रंजय कुमार ने बताया कि बड़े-बुजुर्गों को खड़े-खड़े कार्य करने में परेशानी होती है। इस संबंध में शाखा डाकपाल कपिल प्रसाद ने बताया कि पुराने फर्नीचर टूट गए है। जबकि नया की आपूर्ति नहीं हो सका है। डाक निरीक्षक हिलसा को फर्नीचर की आपूर्ति के लिए पत्र लिखा गया है।

### झाड़ियों से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, तस्कर फरार

फतुहा। नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम जेठुली में छापेमारी कर झाड़ियों से लावारिस हालत में भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से 180 एमएल की 20 बोतल प्रीमियम स्कॉच मिश्रित व्हिस्की, 500 एमएल की 18 केन स्ट्रॉन्ग बीयर तथा 750 एमएल की 7 बोतल प्रीमियम व्हिस्की बरामद की। हालांकि छापेमारी के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर लिया है और मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### केन बियर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

दानापुर । शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने मनेर की ओर से केन बियर लेकर आ रही टोटो गाड़ी को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने गाड़ी से 128 पीस केन बियर बरामद किया। इसके साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान मनेर के दोस्त नगर निवासी रोशन कुमार के रूप में की गई। बताया जाता है कि गश्ती के दौरान शाहपुर पुलिस दाऊदपुर मुख्य मार्ग पर मनेर की ओर से संदिग्ध रूप में आती एक टोटो गाड़ी को रोका। पुलिस को देख चालक भागने का प्रयास किया, पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने गाड़ी से 128 पीस केन बियर बरामद किया।

# एम्स पटना में सीपीआर प्रशिक्षण: जीवन रक्षा की दिशा में एक और मजबूत कदम

**प्रात: किरण संवाददाता**



पटना। एम्स पटना ने एक बार फिर आपातकालीन चिकित्सा प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को सिद्ध करते हुए 17वें इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) प्रोवाइडर कोर्स का सफल आयोजन किया। बाल रोग विभाग द्वारा भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम वयस्क, बाल एवं शिशु सीपीआर तकनीकों पर आधारित रहा जिसका उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को जीवन रक्षक हस्तक्षेपों में अधिक सक्षम एवं आत्मविश्वासी बनाना था।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संस्थानों से आए चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, नर्सिंग छात्रों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। प्रतिभागियों ने इसे एक अत्यंत उपयोगी, व्यावहारिक एवं कौशल उन्मुख प्रशिक्षण अनुभव बताया जो वास्तविक जीवन की आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय क्षमता विकसित करने में सहायक है।

कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ह्लकार्डियक अरेस्ट जैसी स्थितियों में प्रत्येक सेकंड अमूल्य होता है। और समय पर किया गया प्रभावी सीपीआर किसी भी जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी को बदल सकता है।

उन्होंने एम्स पटना और भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक सशक्त और संवेदनशील बनाते हैं।

इस उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप कुमार (कोर्स डायरेक्टर) के मार्गदर्शन में किया गया। उनके साथ डॉ. चंद्र मोहन कुमार, विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग; डॉ. अरुण प्रसाद, वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं प्रमुख प्रशिक्षक तथा डॉ. पुनीत कुमार चौधरी, कोर्स कोऑर्डिनेटर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रशिक्षण सत्रों को अत्यंत व्यावहारिक और इंटरएक्टिव स्वरूप में आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों को नवीनतम बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं सीपीआर गाइडलाइंस के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रतिभागियों को कार्डियक अरेस्ट की पहचान से लेकर उच्च गुणवत्ता वाले चेस्ट कंप्रेशन, एयरवे मैनेजमेंट एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली तक का गहन प्रशिक्षण दिया गया। गोल्डन मिनट्स की अवधारणा पर विशेष जोर देते हुए उन्हें यह समझाया गया कि प्रारंभिक प्रतिक्रिया ही जीवन रक्षा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है।

इस अवसर पर संकाय सदस्यों डॉ. अरुण प्रसाद, डॉ. सुमन मिश्रा, डॉ. नीता केल्वानी, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अमित कुमार एवं डॉ. श्वेता ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनके कौशल को और अधिक निखारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम के समापन पर यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि निरंतर प्रशिक्षण एवं कौशल विकास ही एक सशक्त और प्रतिक्रियाशील स्वास्थ्य प्रणाली की नींव है।

इस कोर्स का सफल आयोजन एम्स पटना की उस सतत प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है जिसके तहत संस्थान न केवल चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता सुनिश्चित कर रहा है बल्कि जीवन रक्षा कौशल को समाज के हर स्तर तक पहुँचाने का भी कार्य कर रहा है।

# दुल्हिन बाजार प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर रोगी हितधारक मंच का होगा गठन

- बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

**प्रात: किरण संवाददाता**

दुल्हिनबाजार (पटना)। फाइलेरिया लाइलाज और गंभीर बीमारी है। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकार संकल्पित है। फाइलेरिया बीमारी से बचने के लिए सावधानी और इससे ग्रसित हो जाने पर रोग का प्रबंधन ही एकमात्र रास्ता है। ये बातें सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरतपुरा के सभागार में प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ को संबोधित करते हुए एमओआईसी डॉ. विजय कुमार ने कही। बता दें कि सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरतपुरा के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सभी सीएचओ को आगामी वर्ष 2027 तक राज्य से फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर किए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रम के रोड मैप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान बीसीएम सुनैना कुमारी ने सीफार संस्था के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जाने वाले अभियान को काफी कारगर और लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि सीफार के द्वारा पहले चरण में प्रखंड के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर को चिह्नित कर फाइलेरिया उन्मूलन के लिए किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम से पंचायत के लोग काफी लाभान्वित हुए हैं। इसके अलावे सीफार संस्था के सहयोग से प्रखंड के फाइलेरिया मरीजों का यूडीआईडी कार्ड के लिए आवेदन किया जा रहा है। जो भरतपुरा सीएचसी के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब प्रखंड के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सीएचओ के नेतृत्व में रोगी हितधारक मंच (सीएचओ-पीएसपी) का गठन किया जाएगा। इस मंच के सदस्यों के माध्यम से पंचायत व गांवों में फाइलेरिया बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही वर्ष चलने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान की सफलता को लेकर आमजनों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावे एमएमडीपी किट वितरण और नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) के दौरान लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में पीएसपी सदस्यों की अहम भूमिका होगी।

# ऊर्जा मंत्री ने स्काडा में 1912 टॉल-फ्री सेवा का लिया जायजा

- ऊर्जा मंत्री ने शिकायत दर्ज करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं से की सीधी बात
- अधिकारियों को ग्रामीण उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने के दिए निर्देश

**प्रात: किरण संवाददाता**

पटनाः आज दिनांक 8 जून 2026, सोमवार को माननीय ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने ऊर्जा विभाग के आधुनिक कॉल सेंटर 1912 टॉल-फ्री कस्टमर केयर सेंटर का निरीक्षण करने के लिए स्काडा भवन पहुंचे। निरीक्षण के दौरान। माननीय मंत्री ने उपभोक्ता सेवा, अनुरक्षण कार्यों और स्काडा में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

**मंत्री ने 1912 टॉल-फ्री कॉल सेवा के जरिए उपभोक्ताओं से की सीधी बात**

ऊर्जा विभाग द्वारा स्काडा में संचालित आधुनिक 1912 टॉल-फ्री कास्टमर केयर के निरीक्षण के दौरान माननीय ऊर्जा मंत्री ने भागलपुर, दरभंगा, बांका, नौगछिया, पूर्णिया आदि जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं से सीधी बातचीत कर उनका फीडबैक लिया। इस दौरान मंत्री ने उपभोक्ताओं की विद्युत सेवा से जुड़ी परेशानियों को समझा।बीते दिनों दर्ज शिकायतों के संदर्भ में उपभोक्ताओं से सीधी बात कर 1912 सेवा के बारे में जानकारी ली। सीधी बातचीत में उपभोक्ताओं ने अपनी शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर ऊर्जा विभाग एवं माननीय मंत्री का आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण के बाद माननीय ऊर्जा मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करना विभाग की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।उन्होंने ग्रामीण उपभोक्ताओं के बीच 1912 सेवा का प्रचार प्रसार करने की बात कही ताकि राज्य के सुदूरवर्ती उपभोक्ताओं को भी इसका लाभ मिल सके । माननीय मंत्री ने ड्रॉप होने वाले कॉल्स की संख्या को कम करने के लिए विशेष ध्यान देने की बात कही ।

# दनियावां के खेतों में फैल रहा प्लास्टिक रूपी जहर

**प्रात: किरण संवाददाता**

दनियावां। दनियावां प्रखंड के खेतों में प्लास्टिक (पॉलीथिन) रूपी जहर फैलता जा रहा है। यह कोई सुनी-सुनाई बात नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत है।

शाहजहांपुर पंचायत के हसनपुर गांव स्थित खंधा में हजारों की संख्या में पॉलीथिन फेंकी हुई मिली है। पड़ताल के दौरान पता चला कि किसी मशरूम उत्पादन इकाई द्वारा मशरूम उत्पादन के बाद निकले अवशिष्ट पदार्थों को पॉलीथिन सहित खेतों में फेंक दिया गया है। खेत में मशरूम के रद्दी पदार्थ भी सैकड़ों टन की मात्रा में पड़े हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मशरूम के जैविक अवशेष खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन इनके साथ फेंकी गई पॉलीथिन किसानों के लिए भविष्य में गंभीर समस्या बन सकती है। पॉलीथिन मिट्टी में आसानी से नष्ट नहीं होती, जिससे भूमि की गुणवत्ता प्रभावित होती है और फसलों के उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने तथा खेतों से पॉलीथिन हटाने की मांग की है, ताकि कृषि भूमि को प्रदूषण से बचाया जा सके।

### 12 युवको को अलग-अलग जगहों से किया गया गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ताराचक नाला के पास दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में नितिन कुमार का हत्या बाईक को लेकर उठे विवाद में हुई थी। पुलिस ने घटना का बाहर घंटे बाद ही खुलासा करते हुए घटना में शामिल बारह युवकों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर लिया ।साथ ही घटना में उपयोग किए गए एक देशी पिस्टल,पांच गोली,तीन बाईक और नौ मोबाइल बरामद किया। सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को देर रात दस बजे ताराचक नाला के पास दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में एक किशोर नितिन कुमार की मौत हो गई थी और दो लोग बिजय व सन्नी जख्मी हो गए थे। घटना को गंभीरता को देखते हुए एएसपी शिवम धाकड़ व थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। वैज्ञानिक और हर तलह से बात सामने आई कि रविवार को शाम में सैनिक चौक के पास बाईक को लेकर झगड़ा और मारपीट हुई थी ।देर रात को शराब पार्टी के दौरान दोनों गुट एक बार फिर भीड़ गए और गोलीबारी हो गई। बताया कि घटना के बाद पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी। गिरफ्तार युवकों में दानापुर थाना क्षेत्र के ताराचक निवासी जयंत कुमार उर्फ जानू,रिशु कुमार,प्रिंस कुमार,मिथिला कालोनी के शिवरंजन कुमार व शुभम कुमार, सगुना द्रावीलेन के आशुतोष कुमार, नया टोला के बादल कुमार, फुलवारीशरीफ सबजपुरा के सोनू कुमार,गर्दनीबाग सरिस्ताबाद पछियारी टोला निवासी शान्तनु कुमार,खगौल दल्लूचक के दीपक कुमार व हर्ष कुमार,बिक्रम के मोरियावां निवासी उत्कर्ष कुमार है ।सभी को घटना में शामिल रहने पर अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया।

### नगर परिषद कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अति आवश्यक हुआ

दानापुर। नगर के अंतर्गत बढ़ती आगलगी घटना को देखते हुए अनुमंडलाधिकारी अनिरुद्ध पाण्डेय ने क्षेत्र मे बिना अनापत्ति प्रमाणपत्र के संचालित होटल, लॉज, अस्पताल, क्लिनिक, कमर्शियल मॉल एवं कोचिंग संस्थान को तीन दिन के अंदर फॉयर सुरक्षा ऑडिट के लिए अग्निशमन कार्यालय एवं बिल्डींग बॉयलाज मानक के लिए संबंधित क्षेत्र के नगर परिषद कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अति आवश्यक है। अन्यथा उन पर कार्रवाई होगी। अत्यधिक गर्मी और बढ़ते तापमान से विद्युत लाईनों पर लोड बढ़ जाने के कारण शॉट सर्किट और आग लगने का खतरा को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने इसको लेकर सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी संबंधित कोचिंग सस्थानों, अनुमण्डल अग्निशमन पदाधिकारी, दानापुर संबंधित सभी संस्थानों, अनुमण्डल अस्पताल के उपाधीक्षक, दानापुर तथा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुमण्डल संबंधित अस्पताल, क्लिनिक एवं सभी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी होटल, लॉज, कमर्शियल मॉल के प्रबंधक प्रो० को अपने स्तर से आदेश तामिला कराने को लेकर निर्देश जारी किया है।

### प्रेरणा छात्रावास में आयोजित समर कैंप सह-ग्रीष्मकालीन किशोरी महोत्सव का किया गया आयोजन

दानापुर। नगर के अंतर्गत महादलित समुदाय की बेटियाँ शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल सकती हैं। उक्त बातें एसएसबी के उप समादेष्टा सुनील पासवान ने नारी गुंजन द्वारा शिक्षा आई, खुशियाँ लाईह्व पर आधारित संचालित प्रेरणा छात्रावास में आयोजित समर कैंप सह-ग्रीष्मकालीन किशोरी महोत्सव में कही। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और नए सपने देखने का साहस विकसित करेगा। इससे पूर्व समर कैंप सह-ग्रीष्मकालीन किशोरी महोत्सव का उद्घाटन उप समादेष्टा सुनील पासवान, केंद्रीय भूजल बोर्ड, के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला, विजय प्रकाश एवं नारी गुंजन की सचिव पद्मश्री सुधा वर्गीज ने संयुक्त रूप से किया। श्री शुक्ला ने कहा कि शिक्षा ताकत है, शिक्षा से ही उड़ान है।

# शंघाई में हो रही प्रतियोगिता में अपना टैलेंट दिखाएंगे राजकीय पॉलिटेक्निक गुलजारबाग के आशीष

**प्रात: किरण संवाददाता**

पटना।राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गुलजारबाग, पटना के छात्र आशीष राजवंश का चयन चीन के शंघाई में होने वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 22 सितंबर को आयोजित की जाएगी।इस प्रतियोगिता में वे एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के क्षेत्र में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आशीष का अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में चयन बताता है कि बिहार के सरकारी तकनीकी संस्थान अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में तेजी से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। वे संस्थान में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छठे सेमेस्टर के छात्र हैं।उनकी इस उपलब्धि पर विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की माननीया मंत्री श्रीमती शीला कुमारी ने खुशी जताई और इसे बिहार व देश के लिए गर्व की बात बताया। उन्होंने यह भी कहा कि यह चयन बताता है कि बिहार के सरकारी तकनीकी संस्थानों में राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। विभाग उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और चाहेगा कि वे देश और बिहार का नाम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। आशीष राजवंश की इस उपलब्धि से संस्थान के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। राजकीय पॉलिटेक्निक गुलजारबाग, पटना ने आशीष राजवंश को संस्थान का ह्लब्राइट स्टारह्व बताते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और जुनून ने उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाया है। संस्थान की ओर से जारी संदेश में कहा गया कि आशीष की सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

# प्रेम यूथ फाउंडेशन के वॉलंटियर ने राहगीरों को भोजन पानी बांटा

**प्रात: किरण संवाददाता**



पटना। प्रेम यूथ फाउंडेशन में वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे वॉलंटियर अमिनेश और प्रत्य अमृत की टीम ने महेश नगर पटना में तपती धूप में राहगीरों को भोजन पानी उपलब्ध कराया। मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नही है नर ही नारायण है । ए एन कॉलेज पटना के वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे वॉलंटियर ने स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, कपड़ा का थैला निर्माण, पौधारोपण, रक्तदान, भोजन वितरण, योगाभ्यास लगातार कर रहे है । नई शिक्षा नीति मे तीस घँटा का वॉलेंट्रीयरशिप को अनिवार्य किया गया है यह छात्र छात्राओं को समाज से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है । हर व्यक्ति को एक घँटा देश को और एक घँटा देह को देना ही चाहिए । भोजन वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ मोहित सरदाना ने फीता काट कर किया । उन्होंने वॉलंटियर के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि हम सबो की जिम्मेदारी है कि समाज के बेहतरी के लिए काम करे । विकसित भारत के सपनो को साकार करने में युवाओ की महत्वपूर्ण भूमिका है । प्रोग्राम ऑफिसर अविनाश पांडेय ने बताया कि फॉउंडशन युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शतत प्रयासरत है । मौके पर अनिमेष कुमार ,प्रत्यय अमृत ,सुहैल साबर जहरा अहमद ,रिमझिम कुमारी, गंगा देवी महिला महाविद्यालय के खुशी कुमारी , मनीष कुमार मौजूद रहे ।

# भारतीय रेल ने तीन सेक्शन में 163 चालू करके कवच 4.0 सेफ्टी रोलआउट में तेजी लाई

- कवच 4.0 सरमाटांर से निमियाघाट (76 ), फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड (43) और सासाराम से फेसर (44 ) सेक्शन पर चालू हुआ
- कवच 4.0 अब पूर्व मध्यु रेल में 256.3 रूट किलोमीटर से ज्यादा को कवर करता है

**प्रात: किरण संवाददाता**

हाजीपुर। भारतीय रेल ने आज अपने नेटवर्क के तीन सेक्शन में कवच वर्जन 4.0 (ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) के 163 रूट किलोमीटर चालू किए, जो रेल सेफ्टी को मजबूत करने में एक और बड़ा मील का पत्थर है। नए चालू किए गए सेक्शन में धनबाद और पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के सरमाटांर से निमियाघाट (76 े), फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड (43 े) और सासाराम से फेसर (44 े) सेक्शन शामिल हैं। पूर्व मध्यि रेल के दीन दयाल उपाध्याय मंडल में कवच सिस्टम को शामिल किया गया है। इस कमीशनिंग के साथ, इंडियन रेलवे हाई-डेंसिटी रूट पर ट्रेन प्रोटेक्शन, ऑपरेशनल सेफ्टी और रिलायबिलिटी बढ़ाने के लिए स्वदेशी कवच सिस्टम के डिप्लॉयमेंट में तेजी ला रहा है।

आज के शामिल होने के बाद, कवच वर्जन 4.0 को पूर्व मध्य रेल में कुल 256.3 रूट किलोमीटर पर कमीशन किया गया है। इसमें पूर्व मध्य रेल का मानपुर-सरमाटांर (93.3 डे) सेक्शन भी शामिल है।



**पूर्व मध्य रेल पर कवच 4.0 की कार्यान्वयन की प्रगति –**

पूर्व मध्य रेल के धनबाद और पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के सरमाटांर से निमियाघाट, फ्लाईओवर केबिन से भभुआ रोड और सासाराम से फेसर के लेटेस्ट कमीशन किए गए 163 रूटकिमी सेक्शन पर कवच 4.0 के साथ ट्रेन ऑपरेशन शुरू हो गया है। फेसर-सासाराम सेक्शन पर कवच युक्त पहली ट्रेन 15137 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस सफलतापूर्वक चलायी गयी । यह फेसर से 03:02 बजे गुजरी और सासाराम 03:50 बजे पहुंची । भभुआ-पंडित दीन दयाल उपाध्याय/फ्लाईओवर केबिन सेक्शन पर यह भभुआ से 04:39 बजे निकली और पंडित दीन दयाल उपाध्याय/एफओसी से 05.20 बजे गुजरी।कवच को पूर्व मध्य रेल के 4,238 रूट किलोमीटर पर लगाया जा रहा है, जिसमें पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रधानखंटा सेक्शन पर 417 रूट किलोमीटर शामिल हैं। यह दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड ट्रंक रूट का एक जरूरी हिस्सा है जो उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से होकर गुजरता है। इस सेक्शन पर यात्री यातायात एवं माल गाड़ियों को मिला जुला ट्रैफिक है और वर्तमान में यहाँ 130 किमी प्रति घंटे की गति की अनुमति है।

**कवच के बारे में संक्षिप्त विवरण –**

कवच वर्ज़न 4.0, भारत की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का नवीनतम और सबसे उन्नत संस्करण है। इसे परिचालन फीडबैक और स्वतंत्र सुरक्षा आकलनों के आधार पर निरंतर तकनीकी अपग्रेड के माध्यम से विकसित किया गया है। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा अनुमोदित, कवच 4.0 रेलवे सुरक्षा में एक बड़ी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।इसे विशेष रूप से भारत के विविध, उच्च-घनत्व और मल्टी-लाइन रेल नेटवर्क की परिचालन मांगों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बेहतर विश्वसनीयता, त्वरित प्रतिक्रिया और मौजूदा सिग्नलिंग एवं इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है। वैश्विक सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए एक स्वतंत्र सुरक्षा मूल्यांकनकर्ता (आईएसए) द्वारा प्रमाणित, कवच 4.0 भारतीय रेलवे में बड़े पैमाने पर तैनाती के लिए पूरी तरह तैयार है।

कवच सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोप्रोसेसर, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और रेडियो संचार प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करता है। जब एक पूर्व-निर्धारित दूरी के भीतर उसी ट्रैक पर दूसरी ट्रेन का पता चलता है, तो यह सिस्टम लोको पायलट को सचेत करता है

# बिहार के लिए ऐतिहासिक क्षण : दीदी की लाइब्रेरी को अमेरिकी विश्वविद्यालय की पत्रिका में मिली वैश्विक पहचान

- त्रैमासिक पत्रिका में सामुदायिक पुस्तकालय और करियर विकास केंद्र (सीएलसीडीसी) कार्यक्रम का विस्तृत वर्णन

**प्रात: किरण संवाददाता**

पटना। बिहार ने एक बार फिर से वैश्विक स्तर पर अपना पहचान स्थापित किया है। दरअसल, अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से प्रकाशित प्रतिष्ठित त्रैमासिक पत्रिका स्टैनफोर्ड सोशल इनोवेशन रिव्यू के अंक में राज्य में संचालित सामुदायिक पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र (जीविका दीदी की लाइब्रेरी) को स्थान मिला है। इस उपलब्धि के बाद ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि बिहार की धरती से शुरू की गई पहल आज वैश्विक स्तर पर महिला नेतृत्व, सामुदायिक नवाचार और शिक्षा के माध्यम से पीढ़ीगत गरीबी निवारण के एक प्रभावी मॉडल के रूप में पहचानी जा रही है। यह उपलब्धि हरेक जीविका दीदी एवं उनके भावी पीढ़ी के अटूट विश्वास को समर्पित है। अगर सही मार्गदर्शन एवं अवसर मिले तो गांव की महिलाएं भी समाज को बदलने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं। हाल के कुछ दिन पहले अमेरिकी स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से प्रकाशित होने वाली स्टैनफोर्ड सोशल इनोवेशन रिव्यू नामक एक प्रमुख पुरस्कार विजेता पत्रिका में जीविका की लाइब्रेरी और उसकी सफलता को लेकर एक विस्तृत कहानी का प्रकाशन किया गया है। इसमें भोजपुर जिले के कुलहरिया एवं अमहारा गांव में संचालित दीदी की लाइब्रेरी पर ध्यान केंद्रित है।

इस पूरी कहानी में राज्य में नई पहल के तहत शुरू दीदी की लाइब्रेरी से हर वर्ष निकलने वाली प्रतिभा, ग्रामीण घरेलू महिलाओं के लाइब्रेरी के सहारे आत्मस्वलंबन की गाथा को शामिल किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को आत्म निर्भर और साक्षर बनाने की दिशा में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से दीदी की लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है। यह पूरी पहल बिहार सरकार के सामुदायिक पुस्तकालय और करियर विकास केंद्र (सीएलसीडीसी) कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पहला पुस्तकालय फरवरी 2023 में खुला था,

और अब 33 जिलों में 117 पुस्तकालय संचालित हैं। इन केंद्रों पर पुस्तकालय वेबिनार, करियर कार्यशालाएं, अंग्रेजी प्रशिक्षण, रोजगार एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा की तैयारियों में ग्रामीण प्रतिभाओं को सहयोग दिया जा रहा है।

# प्रेस मेंस वेलफेयर एसोसिएशन ने किया पौधारोपण

- विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े के तहत चलाया जा रहा वृहद पौधारोपण अभियान

**प्रात: किरण संवाददाता**




पटना। विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े के तहत प्रेस मेंस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों की अलग-अलग टीमें राजधानी पटना के अलग-अलग जगहों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया। एसोसिएशन के द्वारा हडताली मोड़ पार्क के समीप नीम के पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने के संदेश दिए। इससे पहले पटना के मरीन ड्राइव, अनीसाबाद, राजवंशी नगर, राजीव नगर,जीरोमाइल, बांस घाट, पटना सिटी और राजा बाजार इलाके में नीम,जामुन,बरगद,पीपल,आम सहित दर्जनों वैरायटी के सैंकड़ों पौधे लगाए गये हैं। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करना और हरित आवरण को बढ़ाना है।

एसोसिएशन के सचिव दयाशंकर तिवारी ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान का मुख्य मकसद पर्यावरण को संतुलित और हरा-भरा रखना है। साथ ही वायु प्रदूषण को कम करके ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाना एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार से मांग करते हैं कि वह आम अवाम के जीवन की रक्षा और पर्यावरण बचाने के लिए अपने सभी कर्मचारी पदाधिकारी को कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए बाध्य करे।

इस मौके पर संगठन के संगठन सचिव बालकृष्ण ने बताया कि पर्यावरण पखवाड़े में आप अपनी माँ को सम्मान देने के लिए उनके नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी अरविंद कुमार, अरुण कुमार पांडे सहित संगठन के सदस्य मुकेश, अमन, नीरज, प्रेम कुमार, उपेन्द्र कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सं. : टीएल–एसी–सीआरडब्ल्यू–एचआरटी–एलएचबी–आरएमपीयू–3**
**दिनांकः 05.06.2026**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थानः** 03 वर्ष की अवधि हेतु, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, हरनौत में एल एच बी ए.सी. कोचों के रूफ माउंटेड पैकेज यूनिट (आर एम पी यू) का ओवरहॉलिंग एवं मरम्मत कार्य (कुल 1440 आर एम पी यू अर्थात 720 कोच)।, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रू. 15,44,54,232.28/– (रूपये पंद्रह करोड़ चवालीस लाख चौवन हजार दो सौ बत्तीस और अट्ठाईस पैसे मात्र।), **3. निविदा प्रपत्र की राशिः** शून्य।, **4. जमा की जाने वाली अग्रधन की राशिः** रू. 30,89,100.00/– (रूपये तीस लाख नवासी हजार एक सौ मात्र)।, **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑन लाइन **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि **26.06.2026** को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी।, **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है । कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र इत्यादि खरीदा जा सकता है।** : निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी होगा तो शुद्धि–पत्र वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**

पीआर/0367/सीआरडब्लू–एचआरटी/सीआरडब्लू/टी/26–27/52

# एनडीए के पास पर्याप्त बहुमत, सभी सीटों पर जीत को लेकर कोई संशय नहीं : श्रवण

## जनसुनवाई में मंत्री श्रवण कुमार, लेसी सिंह एवं सुनील कुमार ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सह ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार विधान परिषद चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि एनडीए के पास पर्याप्त संख्याबल है और सभी 9 सीटों पर जीत को लेकर किसी प्रकार का कोई संशय नहीं है। मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कही। साथ ही उन्होंने श्रवण कुमार ने निशांत कुमार सहित एनडीए की ओर से विधान परिषद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले सभी उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। पत्रकारों के अन्य सवालो पर उन्होंने कहा कि कहा कि सरकार समय-समय पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लेती है तथा लालू परिवार को भी निर्धारित नियमों के अनुसार पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। मंत्री लेसी सिंह एवं मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**निजी स्वार्थ की राजनीति करती है राजदः** इस मौके पर मीडिया से बातचीत में भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार दुर्भावना से कोई कार्य नहीं करती है। आवास आवंटन हो या सुरक्षा से जुड़ा कोई मामला, सभी निर्णय निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजद के लोगों को जनता से कोई सरोकार नहीं है और वे केवल निजी स्वार्थ की राजनीति में लगे रहते हैं।

### जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सहयोग शिविर का उद्देश्य

ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित सहयोग शिविरों से आम लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करना है। इस जनहितकारी पहल को लेकर आम जनता में काफी उत्साह का वातावरण है।

# लैंड बैंक निर्माण में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी : मंत्री

## विकास कार्यों के लिए जमीन चिन्हित कर शीघ्र करें उपलब्ध

- राजस्व महा अभियान के आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुंगेर, पूर्णिया एवं कैमूर जिलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि राजस्व मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें, अन्यथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान मंत्री ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि विकास कार्यों और औद्योगिक निवेश को गति देने के लिए प्राथमिकता के आधार पर लैंड बैंक का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि दस वर्ष से अधिक पुराने मामलों की विशेष समीक्षा की जाए तथा सरकारी जमीनों पर की गई अवैध अथवा गलत जमाबंदियों को तत्काल रद्द करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही ऐसे मामलों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने कहा कि केवल वादों के निष्पादन की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्णयों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि कमजोर एवं त्रुटिपूर्ण आदेश उच्च न्यायालयों में टिक नहीं पाते हैं। इसलिए सभी स्तरों के न्यायालयों में गुणवत्तापूर्ण निर्णय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अगली समीक्षा से जिला समाहर्ता एवं प्रमंडलीय आयुक्त स्तर के न्यायालयों की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। राजस्व महा-अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित आवेदनों की स्कैनिंग और ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य तत्काल पूरा किया जाए।

दाखिल-खारिज, परिमार्जन के आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करें

दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस एवं ई-मापी के मामलों की समीक्षा के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि डिफेक्ट चेक के नाम पर आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति तत्काल बंद की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती पुराने लंबित मामलों के साथ-साथ प्रतिदिन प्राप्त होने वाले नए आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन है और इसे हर हाल में पूरा करना होगा। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह एवं विशेष सचिव इनायत खान समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# दोषी अधिकारियों पर गिरेगी गाज, शिकायतों के निपटारे में नहीं होगी देरी : मंत्री

- नगर विकास एवं आवास मंत्री ने की समीक्षा, दिए कई अहम निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को विभाग में आरोप एवं निगरानी संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित शिकायतों, आरोपों तथा निगरानी मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा एवं विधान परिषद के माननीय सदस्यों द्वारा अधिकारियों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। श्री मिश्रा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दे जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं से जुड़े होते हैं। इसलिए ऐसी शिकायतों के निपटारे में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन हेतु एक स्पष्ट एवं प्रभावी मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए तथा उसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान हो सके। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को सभी लंबित मामलों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों एवं आरोपों की जांच प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक मोड में संचालित किया जाए, ताकि दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग में नियम विरुद्ध कार्यप्रणाली, भ्रष्टाचार एवं लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी स्तर पर अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि शिकायतों की जांच निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं पारदर्शी ढंग से की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहां दोष सिद्ध हो वहां कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, वहीं असत्य अथवा आधारहीन शिकायतों के मामलों पर भी गंभीरता से विचार किया जाए, ताकि कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदारी से कार्य कर रहे अधिकारियों का मनोबल प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करना भी सुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि सुशासन, जवाबदेही एवं पारदर्शिता को मजबूत बनाने के लिए शिकायतों का त्वरित समाधान अत्यंत आवश्यक है। जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए विभागीय कार्यप्रणाली में जवाबदेही, समयबद्धता और संवेदनशीलता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाते हुए जनता एवं जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करें।

# एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत तय, संख्या बल और जनसमर्थन हमारे साथ : सरावगी

- विधान परिषद चुनाव में एनडीए पूरी तरह एकजुट, सभी प्रत्याशी होंगे विजयी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव 2026 के लिए एनडीए के सभी नौ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट, संगठित और मजबूत है। उन्होंने विश्वास जताया कि गठबंधन के सभी उम्मीदवार विजयी होंगे तथा विधान परिषद में एनडीए की ताकत और अधिक बढ़ेगी। सोमवार को एनडीए के सभी नौ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पवन सिंह, डॉ. संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित ने नामांकन किया। वहीं जदयू की ओर से निशांत कुमार, डॉ. भारती मेहता, शिवानी प्रजापति और ललन प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से अशरफ अंसारी ने अपना नामांकन पत्र भरा। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में जो कार्य किए हैं, उसी का परिणाम है कि गठबंधन के प्रति जनप्रतिनिधियों और जनता का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद चुनाव में भी यह विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि एनडीए के पास स्पष्ट संख्या बल है और सभी सहयोगी दल पूरी मजबूती के साथ एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी विभिन्न सामाजिक वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा उनके अनुभव और कार्यक्षमता का लाभ बिहार को मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी उम्मीदवार निर्विरोध अथवा भारी समर्थन के साथ विजयी होकर सदन में पहुंचेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कार्यकुशलता से बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एनडीए सरकार ने राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, रोजगार और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। यही कारण है कि जनता और जनप्रतिनिधियों का विश्वास लगातार एनडीए के पक्ष में मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी एनडीए बिहार के विकास, गरीब कल्याण और सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

## राजद की ओर से डॉ सुनील कुमार सिंह ने विप चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन



पटना। राष्ट्रीय जनता दल की ओर डॉ सुनील कुमार सिंह ने बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए दो सेट में विधानसभा के प्रभारी सचिव सह निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, राजद के मुख्य सचेतक कुमार सर्वजीत, कांग्रेस से मदन मोहन झा, आईआईपी पार्टी के आईपी गुप्ता, विधायक भाई वीरेंद्र, रणविजय साहू, सुरेन्द्र राम, सतानंद समबुद्ध उर्फ ललन यादव, अनीता देवी, राहुल कुमार शर्मा, गौतम कृष्णा, करिश्मा राय, सावित्री देवी, शंकर यादव, अजय कुमार दांगी, सुबेदार दास, अमरेन्द्र कुशवाहा, आसिफ अहमद, अविनाश मंगलम, के अलावा विधान पार्षद कार्तिकेय सिंह, मुन्नी रजक, अशोक कुमार पांडेय, अजय कुमार सिंह, प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, पूर्व विधायक सुदय यादव, विनय कुमार यादव, मुकेश रोशन, विजय कुमार मंडल, प्रमोद कुमार वर्मा, जेम्स कुमार यादव, उपेन्द्र चंद्रवंशी सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

## ममता बनर्जी की तानाशाही नीतियों से त्रस्त होकर टीएमसी में मची भगदड़ः मंगल



पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने तृणमूल कांग्रेस में मची राजनीतिक उथल-पुथल और दिल्ली में आयोजित विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक पर तीखा हमला बोला है। श्री पांडेय ने तृणमूल कांग्रेस के कई सांसदों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद में अलग गुट की व्यवस्था करने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कुशासन की समाप्ति के बाद अब उनकी राजनीतिक पारी का भी अंत अब तय हो चुका है। श्री पांडेय ने कहा कि ममता बनर्जी की तानाशाही, तुष्टीकरण और विकास विरोधी नीतियों से अब उनकी ही पार्टी के सांसद और विधायक पूरी तरह से ऊब चुके हैं। टीएमसी के सांसदों का लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखना और एनडीए में शामिल होने की इच्छा जताना यह साफ करता है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और देश के विकास मॉडल पर पूरा भरोसा है। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी टीएमसी के कई बड़े नेता ममता बनर्जी की जनविरोधी नीतियों के कारण पार्टी का साथ छोड़ चुके हैं और टीएमसी के राज्यसभा सांसद भी इस्तीफा दे रहे हैं। ये इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि पार्टी के भीतर असंतोष का ज्वालामुखी फूट चुका है। टीएमसी अब ताश के पत्तों की तरह ढह रही है।

# फिल्म नीति में कलाकारों के लिए अनुदान से होगा रोजगार का सृजन : मंत्री

- कला एवं संस्कृति मंत्री ने फिल्म शूटिंग पूरी होने पर लिया फीडबैक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार से फिल्म अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह ने सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार फिल्म प्रोत्साहन नीति 2024 के तहत बिहार में फिल्म की शूटिंग करने पर निमार्ता को 4 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी देने का प्रावधान है। इसके अलावा, फिल्म में बिहार के कलाकारों को काम देने पर उन्हें भुगतान की गई राशि का 50 फीसदी अतिरिक्त अनुदान दिया जाता है, जिससे बिहार के कलाकारों को राज्य में ही काम मिल रहा है। डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि फिल्म नीति का निर्माण विभिन्न राज्यों की फिल्म नीतियों का अध्ययन करने के बाद फिल्म निमाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर किया गया है। साथ ही, बिहार में शूटिंग होने वाली फिल्मों के निमाताओं और कलाकारों से उनका फीडबैक लिया जा रहा है। उसके अनुसार कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में अबतक 50 से अधिक फिल्मों की शूटिंग की अनुमति दी गई है, जिनमें से ज्यादातर फिल्मों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि निमाताओं को शूटिंग परमिशन के लिए अलग-अलग विभागों में आवेदन की आवश्यकता नहीं है। फिल्म निगम के माध्यम से वे ऑनलाइन परमिशन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म निमाताओं की सुविधा के लिए बिहार के स्थानीय कलाकारों और वेंडर का डेटा बेस तैयार किया जा रहा है। बिहार का कोई भी कलाकार या वेंडर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम की साइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकता है। अभिनेता कुमार कन्हैया सिंह ने कहा कि इस पहल से राज्य में फिल्म उद्योग के विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि फिल्मों के माध्यम से बिहार के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि स्थानीय भाषाओं के साथ ही हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में बिहार की कहानियों को बड़े परदे पर दिखाया जाय। उन्होंने कहा कि बिहार में भी फिल्म अवार्ड शो आयोजित करने की जरूरत है, जिससे फिल्म निमाताओं का फिल्म नीति के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

# महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देना जरुरी : मंत्री

- समाज कल्याण मंत्री ने महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से संचालित योजनओं की समीक्षा की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। समाज कल्याण विभाग की मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से संचालित योजनओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दी।

उन्होंने मिशन शक्ति, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, महिला हेल्पलाइन-181, वन स्टॉप सेंटर (सखी), बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कामकाजी महिला छात्रावास, महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों सहित निगम की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का समीक्षा किया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण, पुनर्वास, आर्थिक सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भरता से संबंधित योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। मंत्री ने निगम का भ्रमण कर महिला हेल्पलाइन-181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 के संचालन, शिकायत निवारण व्यवस्था तथा महिलाओं एवं बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सहायता सेवाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संकटग्रस्त महिलाओं एवं बच्चों को त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण सहायता उपलब्ध कराएं। हेल्पलाइन सेवाओं को राज्य के प्रत्येक जिले एवं पंचायत स्तर तक पहुंचाने को कहा।

राज्य सरकार महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना जैसी पहलें महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव एच आर श्रीनिवास, निगम के प्रबंध निदेशक, धर्मेन्द्र कुमार सहित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीड़ित पशुपालक परिवारों के बीच 30 लाख रुपए की सहायता राशि का हुआ वितरण

- पटना डेयरी प्रोजेक्ट, सुधा डेयरी, पटना द्वारा ह्यजन कल्याण कोष योजना का हुआ भव्य उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पटना (सुधा डेयरी) द्वारा सोमवार को दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों के कल्याणार्थ समर्पित जन कल्याण कोष सह योजना का उद्घाटन और सहायता राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम दशरथ मांझी सभागार में हुआ। इस विशेष कल्याणकारी योजना के माध्यम से दुग्ध संघ ने अपने सदस्य किसानों और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी सामाजिक और सहकारी प्रतिबद्धता को धरातल पर उतारा है। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव सह अध्यक्ष, कॉम्फेड शीर्षत कपिल अशोक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संघ का यह प्रयास सराहनीय है, विपरीत परिस्थितियों में पशुपालकों को संबल प्रदान करना ही सहकारिता का असली मूल मंत्र है। साथ ही इस जन कल्याण योजना को कॉम्फेड के द्वारा बिहार के सभी दुग्ध संघो में जल्द से जल्द लागू करने को कहा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक श्री समीर सौरभ ने किसानों के स्वावलंबन पर जोर देते हुए कहा कि ह्यसुधाह्ल ब्रांड की असली ताकत हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के परिश्रमी किसान हैं और संकट की हर घड़ी में महासंघ उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस विशेष कोष का निर्माण पूरी तरह से सहकारिता की भावना के साथ किया गया है। इस कोष का मुख्य उद्देश्य सक्रिय पशुपालकों एवं दुग्ध समिति के संबद्ध कर्मियों की असामयिक मृत्यु अथवा उनके दुधारू पशुओं की हानि होने पर तत्काल वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सोमवार के इस ऐतिहासिक अवसर पर कुल 30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि सीधे लाभार्थियों और उनके आश्रितों के बीच वितरित की गई है। संघ के प्रबंध निदेशक रुपेश राज ने कहा कि संघ की यह जन कल्याण योजना केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह हमारे किसान भाई-बहनों और उनके मूक पशुओं के प्रति एक श्रद्धांजलि और कृतज्ञता है, जिन्होंने असमय दुनिया को अलविदा कह दिया।

## मृत्यु प्रमाण पत्र और मजदूरों के आश्रितों को मुआवजा दे सरकार : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बिहार के तीन मजदूरों की मौत उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कोल्डस्टोर के छत गिरने से हो गई थी। घटना के तीन महीने बीत जाने के बाद भी मृतकों का न मृत्यु प्रमाण पत्र बना है और न ही आश्रितों को मुआवजे की राशि मिली। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी से मांग करती है कि वे अपने स्तर से हस्तक्षेप कर यूपी सरकार से बात कर बिहार के मृतक मजदूरों का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवायें और आश्रितों को मुआवजे की राशि जल्द से जल्द दिलवायें। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार के सहरसा जिले के सलखुआ थाना अंतर्गत पिपरा गांव के तीन मजदूरों सनोज चैधरी, मसिंदर सादा उर्फ मसिंदर कुमार और ज्योतिश सादा उर्फ ज्योतिश कुमार की मौत आदर्श कोल्डस्टोर की छत गिरने से 23 मार्च 2026 को प्रयाग राज, उत्तर प्रदेश में हो गई थी। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण अभी तक मृतकों का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बना है। जिस कारण मृतक के आश्रितों को कोई सरकारी सहायता नहीं मिली है। बिहार में प्रवासी मजदूरों की मौत पर मुआवजे की राशि देने का भी प्रावधान है, लेकिन बिहार सरकार ने भी अभी तक मृतक के आश्रितों को कोई सहायता राशि नहीं दी है।

# ग्रामीण इलाकों में वित्तीय जागरूकता और डिजिटल साक्षरता के लिए चल रही अनोखी मुहिम

- बिहार राज्य सहकारी बैंक राज्य के ग्रामीण इलाकों में कैंप लगाकर फैला रहा है जागरूकता
- 2 जून से बीएससीबी के इस जागरूकता अभियान की हुई है शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार के ग्रामीण इलाकों में वित्तीय जागरूकता और डिजिटल साक्षरता के लिए एक अनोखी मुहिम चल रही है। बिहार राज्य सहकारी बैंक (बीएससीबी) की ओर से इसको लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बैंक के कर्मी ग्रामीण इलाकों में जागरूकता के लिए वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित करते हैं और ग्रामीणों को बैंकिंग से जुड़ी जानकारी दी जाती है। उन्हें साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचाने के लिए जागरूक किया जाता है। इन शिविरों में सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभ एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। बिहार राज्य सहकारी बैंक (बीएससीबी) न सिर्फ राज्य के ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग की बेहतर सुविधाएं मुहैया करवा रहा है, बल्कि ग्रामीणों में वित्तीय जागरूकता फैलाकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को भी बखूबी निभा रहा है। बैंक की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 में 600 वित्तीय समावेशन शिविरों का आयोजन किया जाना है। इन शिविरों की श्रृंखला की शुरूआत बीते 2 जून को सारण जिले से हो चुकी है। इस दिन जिले के हसनपुर पीडीसीएस परिसर में वित्तीय समावेशन शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया था।

विभिन्न ग्रामीण इलाकों में लगाए जा रहे ऐसे शिविरों में बैंक द्वारा लोगों के नए बचत बैंक खाते भी खोले जा रहे हैं। इसके अलावा यहां बैंक की विभिन्न योजनाओं और उत्पादों की भी जानकारी दी जा रही है, जिनमें सीएएसए अकाउंट, आरएएफए, गोल्ड लोन, धन लक्ष्मी योजना तथा महिलाओं के लिए विशेष ऋण एवं जमा योजनाएं शामिल हैं। इनमें डिजिटल साक्षरता और वित्तीय जागरूकता पर विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसमें लोगों को डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन और सुरक्षित वित्तीय व्यवहार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय समावेशन अभियान का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाना तथा लोगों को सरकारी एवं बैंकिंग योजनाओं से जोड़ना है।



बिहार राज्य सहकारी बैंक द्वारा ग्रामीण इलाकों में वित्तीय जागरूकता और डिजिटल साक्षरता की मुहिम शुरू की गई है। यह पहल अत्यंत सराहनीय है। गांव-गांव तक डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित लेन-देन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि हर किसान, महिला और युवा साइबर फ्रॉड से बचें और सहकारी बैंक से सीधे जुड़ें।

राम कृपाल यादव, मंत्री, सहकारिता विभाग

## 9 जून को सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना दिया जाएगा : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालु प्रसाद यादव, कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के निदेशार्नुसार बिहार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ती विधि व्यवस्था, संगठित भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध, लूट हत्या, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे राज्य भर के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर 9 जून 2026 को राष्ट्रीय जनता दल की ओर से धरना दिया जाएगा। एजाज ने आगे बताया कि प्रखण्ड स्तर पर आयोजित धरना में पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद, पुर्व सांसद, विधायक, पुर्व विधायक, सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के साथ-साथ आम जनों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी होगी। एजाज ने सभी से सरकार के खिलाफ आयोजित धरना में शामिल होने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो नशेड़ी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में

मनीगाछी(दरभंगा)। नेहरा थाने की पुलिस ने दो नशेड़ी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोती कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी में एक नेहरा कोठी टोल गाँव निवासी स्व सीताराम सहनी का पुत्र रामचन्द्र सहनी एवं दूसरा जगदीशपुर गाँव निवासी प्रमोद चौपाल का पुत्र पारस चौपाल हैं। उन्होंने बताया कि दोनों अपने अपने परिवार में हंगामा कर रहा था। परिजनों की सूचना पर दोनों को हिरासत में लेकर ब्रेथ एनलाइजर से जाँच कराया गया। जाँच में शराब पीने की पुष्टि होने पर विधिवत गिरफ्तार कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 762 किसानों के बीच बोनस वितरण

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत संचालित बेलसंडी तारा दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के द्वारा वर्ष 2017 से 2022 तक का 762 किसानों के बीच बोनस वितरण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मिथिला उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष उमेश राय ने किसान अपने पशु का बीमा कराएं। बीमा में किसानों का छोटा सा अंशदान लगता है। वहीं प्रबंध निदेशक आरके झा ने बताया कि हम लोग किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए दिन रात चिंतित रहते हैं। किसानों के पिछले वर्ष की आपूर्ति की एवज में प्रति लीटर 15 पैसे का भुगतान किया जा रहा है। सभा को मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार मिश्र, अजय कुमार चौधरी, पथ प्रभारी, एवं पथ प्रदर्शक राकेश कुमार आदि ने संबोधित किया।

### 26 स्वर्ण पदकों के साथ मुजफ्फरपुर बना ओवरऑल चैंपियन, राज्य वुशू चैंपियनशिप में लहराया परचम

मुजफ्फरपुर। भागलपुर के खेल भवन में 5 से 7 जून 2026 तक आयोजित 16वीं बिहार राज्य सब-जूनियर एवं जूनियर वुशू चैंपियनशिप 2026 में मुजफ्फरपुर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जिले के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 26 स्वर्ण, 8 रजत एवं 11 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साथ ही मुजफ्फरपुर ने सांडा और ताओलू दोनों स्पधाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मुजफ्फरपुर के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों और स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को चैंपियन बनाया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में दीपु कुमार, सागर कश्यप, श्रेयांश चौधरी, संध्या कुमारी, सालू कुमारी, तनमय कुमार, आशीष कुमार, मो. शेहनवाज, मायरा कुमारी, प्रीति कुमारी, उज्जवल कुमार, प्रांशु राज, वरुण सिंह, विशेष मणि सिंह, प्रीत राज, दिव्यांश बसंत, आरनव, कृष्णा कुमारी एवं रिशिवा रिधी सहित अन्य खिलाड़ी शामिल रहे। वहीं रजत और कांस्य पदक विजेताओं ने भी जिले की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस उपलब्धि के पीछे प्रशिक्षक गेशु कुमारी और सौरभ कुमार की मेहनत और मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### मोतिहारी में जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, महिला समेत तीन गंभीर घायल

मोतिहारी। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पकड़ी दीक्षित गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज पहले सदर अस्पताल में किया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल कैलाशी देवी के पुत्र विशाल ने बताया कि गांव के ही रणजीत पांडे के साथ उनके परिवार का लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। विशाल के अनुसार, रणजीत पांडे पहले भी कई बार उन्हें जमीन छोड़ने के लिए धमकी दे चुका था और नहीं मानने पर जान से मारने की चेतावनी देता था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते सोमवार को रणजीत पांडे बाइक से उनके घर पहुंचा और आते ही हमला शुरू कर दिया। विशाल का कहना है कि आरोपी अपने साथ धारदार हथियार लेकर आया था और बिना किसी बात के हमला कर दिया। इस दौरान उसकी मां कैलाशी देवी पर गंभीर वार किया गया, जिससे उनका दाहिना हाथ शरीर से अलग हो गया। वहीं विशाल और उसके भाई के सिर पर भी वार किया गया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक संपन्न

### सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा, सभी वरीय पदाधिकारियों को शिविर स्थल निरीक्षण का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें मानवाधिकार, लोकायुक्त, आरटीपीएस, न्यायालयों में लंबित वाद, मुख्यमंत्री जनता दरबार, एसी,डीसी बिल, सहकारिता, कृषि, राजस्व एवं जन शिकायत सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने आगामी 16 जून को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को शिविर तथा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 2 जून को आयोजित सहयोग शिविर में विभिन्न पंचायतों और नगर निकायों से कुल 6527 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें आज तक 4208 का समाधान किया गया जिसका प्रतिशत 65 प्रतिशत है। इसमें 124 आवेदनों को रिजेक्ट किया गया .अभी पेंडिंग 2195 आवेदन है जिसको जिलाधिकारी ने चार दिनों के अंदर शून्य करने का निर्देश दिया है।16 जून को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के लिए पंचायत और नगर निकाय की कुल 48 स्थलों का चयन किया गया है। प्रत्येक प्रखंड के लिए दो-दो स्थान एवं नगर निगम और नगर निकाय की एक-एक वार्ड का में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी सभी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व) मनोज कुमार, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) राकेश कुमार, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सलीम अख्तर सत्येंद्र प्रसाद उपनिदेशक, पवन कुमार जिला पंचायती राज पदाधिकारी ,जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## मधुबनी की सिंचाई योजनाओं को लेकर उपमुख्यमंत्री से मिले विधायक माधव आनंद

● जल संसाधन विभाग से क्षेत्र की लंबित योजनाओं पर त्वरित कार्रवाई की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव माधव आनंद ने शनिवार को पटना में बिहार के उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर मधुबनी जिले की सिंचाई एवं जल प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को उठाया। मुलाकात के दौरान विधायक ने रहिका प्रखंड के खुजरी पंचायत स्थित केशोपुर में मुख्य नहर से निकलने वाली वितरिका (डिस्ट्रिब्यूटरी) नहर के शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने से हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। इसके अलावा पंडौल प्रखंड क्षेत्र में पुरानी कमला नदी की उड़ाही (डी-सिल्टेशन) कर उसे नहर प्रणाली से जोड़ने का भी अनुरोध किया गया। विधायक ने कहा कि इससे जल संरक्षण, जल निकासी और सिंचाई व्यवस्था में सुधार होगा तथा किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। माधव आनंद ने दोनों योजनाओं से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपमुख्यमंत्री को सौंपते हुए इनके महत्व से अवगत कराया। इस पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने मामलों की विभागीय समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।विधायक ने कहा कि क्षेत्र के किसानों, युवाओं और आम लोगों की समस्याओं के समाधान तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक पहल और आश्वासन के लिए उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## इगल्स क्रिकेट क्लब ने बेनीपुर क्रिकेट क्लब को 30 रनों से हराया



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दरभंगा जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित 25-26 सत्र की बी डिवीजन जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाईनल मैच कपूरी ठाकुर बाबा नागार्जुन स्टेडियम बेनीपुर में इगल्स क्रिकेट क्लब ने बेनीपुर क्रिकेट क्लब को 30 रनों से पराजित कर दिया। टॉस जीत कर पहले बल्लेवाजी करते हुए इगल्स क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित 28ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाए। इगल्स के बल्लेवाज मनिकार्निका ने तीन चौके एवं चार छक्के की मदद से 39 रन बनाए। सावन कुमार ने दो चौके की मदद से 28 रन, कृष्णा ने एक चौके और दो छक्के की मदद से 26 रन,प्रिंस एवं दुलारे ने भी 12-12 रन बनाए। बेनीपुर क्रिकेट क्लब के गेंदबाज अनीश एवं कृष्णा ने तीन तीन विकेट, मो. कैफ एवं आशीष ने दो दो विकेट प्राप्त किये। जवाब में खेलने उतरी बेनीपुर क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 27 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 112 रन ही बना सकी। बेनीपुर के बल्लेबाज मो. कैफ ने एक चौके तथा 3 छक्के की मदद से 28रन,सोनू ने 3चौके एवं 1छक्के की मदद से 20रन, आयुष ने भी 12रन बनाये। इगल्स के सचिन ने 3विकेट, तथा सोनू एवं आयुष ने दो दो विकेट प्राप्त किये । विजेता टीम के ऑलराउंडर मानिकर्निका मैन ऑफ दी मैच चुने गए।

## एन एच 27 पर ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को रौंदा, घटनास्थल पर ही हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)।एन एच 27 के राजे चौक के निकट सोमवार की सुबह करीब सात बजे ट्रक चालक ने मोटरसाईकिल सवार को पीछे से ठोकर मार रौंदते हुए करीब सौ गज तक घसीट दिया। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गई।मृतक युवक की पहचान मनीगाछी थाना क्षेत्र की भंडारिसम पंचायत के चकवसावन गांव निवासी वैद्यनाथ साहु का पुत्र ललित साहु ( 26 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राजे चौक के निकट वह मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान चलाता था। दिनभर दुकान चलाकर वह घर लौटता था तथा सुबह नास्ते की टिफिन लेकर वह दुकान के लिए निकल जाता था। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से उसकी मां बीमारी के कारण अपनी बहू के साथ चकवसावन गांव में ही रहती थी। सोमवार की सुबह अपनी मां को देखकर जैसे ही वह अपनी दुकान से थोड़ी दूरी पर फोर लेन पर मोटरसाइकिल पूरब की दिशा में चल रहा था कि पीछे से नमक लदे ट्रक के चालक ने उसे ठोकर मार दी।ठोकर लगने से वह मोटरसाइकिल के साथ बीच सड़क पर गिरा तो ट्रक चालक ने उसे सौ गज से अधिक दूरी तक घसीट दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक द्वारा घसीटे जाने से मृतक की लाश ट्रक के चक्के में फंस गई। घटना के बाद लोगों ने ट्रक को घेर लिया। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल वहां अपने पुलिस बल के साथ पहुंचे मनीगाछी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने ट्रक चालक को अपने हिरासत में ले लिया और क्रेन की मदद से ट्रक में फंसे युवक तथा मोटरसाइकिल को बाहर निकाला।इस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई और करीब डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित रही। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डी एम सी एच भेज दिया है और हिरासत में लिए गए चालक को ट्रैफिक थाना में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में ट्रैफिक थाना द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि मुजफ्फपुर जिला के देशरी थाना क्षेत्र के रहने वाले ट्रक चालक बीरेंद्र राय पटना से नमक लेकर गुवाहाटी जा रहे थे कि बीच रास्ते में यह अनहोनी घटना घट गई। घटना के उपरांत थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार के घर चकवसावन पहुंच कर रोते बिलखते उसके परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए उसके अंतिम संस्कार के लिए पांच हजार रुपए नगद भी दिए। घटना की सूचना पर सी ओ रविकांत ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मृतक के आश्रितों को आपदा प्रबंधन द्वारा सरकार की ओर से मिलने वाली राशि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उपलब्ध करा दी जाएंगी। वहीं भंडारिसम पंचायत के मुखिया पति आशीष यादव ने बताया कि तत्काल कबीर अंत्योष्टि के तहत पिड़ित परिवार को तीन हजार रूपया दिया जा रहा है और पारिवारिक लाभ योजना का भी लाभ दिलाया जाएगा।

## शराब समेत पूर्व मामले में 05 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

### जयनगर थाना पुलिस का अभियान जारी, पांच आरोपियो की गिरफ्तारी



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर थाना पुलिस ने अभियान के तहत शराब समेत पूर्व मामले के आरोप में 05 आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई में थाना अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जयनगर थाना क्षेत्र के दुल्लीपट्टी से शराब व एक मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब में कुल 180 लीटर शराब और एक मोटरसाइकिल है। मामले में गिरफ्तार आरोपी खजौली थाना क्षेत्र के छपराढी गांव निवासी लगभग 24 वर्षीय मुकेश कुमार बताया जाता है। मामला दर्ज कर मामले में गिरफ्तार आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वही पूर्व के मामले में गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी लगभग 60 वर्षीय मो.रफीक बताया जाता है। वही पूर्व के कुर्की मामले के आरोपियों में थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी लगभग 42 वर्षीय महेंद्र राम और लगभग 60 वर्षीय राजेन्द्र राम एवं लगभग 40 वर्षीय सुरेंद्र राम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के वाहन पर पथराव मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन, 7 आरोपी गिरफ्तार

● उग्र विरोध और पथराव मामले में विशेष टीम की छापेमारी, सात आरोपी दबोचे गए

● सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। खजौली थाना क्षेत्र के ठाहर गांव में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण शंकर प्रसाद के वाहन पर पथराव कर शीशा क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तीन महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 5 जून की रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसी घटना के बाद मंत्री अरुण शंकर प्रसाद 7 जून की शाम मृतक के परिजनों से मिलने ठाहर गांव पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने वहां मौजूद महिलाओं को उकसाकर मंत्री के वाहन के सामने खड़ा कर दिया तथा विभिन्न मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि इसी क्रम में पथराव कर मंत्री के वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही मिथिला क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक मधुबनी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि घटना में मंत्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।मामले को गंभीरता से लेते हुए खजौली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, गुप्त सूचना एवं अन्य स्रोतों के आधार पर आरोपितों की पहचान कर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की।पुलिस ने इस मामले में वीणा देवी, शीतला देवी, रंजू देवी, बद्री मंडल, विवेक कुमार यादव, राजदेव यादव तथा सुनील कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित ठाहर गांव के निवासी बताए गए है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही लोगों से अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि कानून को हाथ में लेना, हिंसक गतिविधियों में शामिल होना तथा सार्वजनिक शांति भंग करना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मधुबनी पुलिस निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्रवाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी का भंडाफोड़ विदेशी चीनी सेब की खेप जब्त

### सीमा पार से आ रही प्रतिबंधित सेब की खेप पकड़ी, तीन तस्कर कस्टम के हवाले

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी एवं अवैध व्यापार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), जयनगर को बड़ी सफलता मिली है। एसएसबी ने 410 किलोग्राम प्रतिबंधित चीनी सेब के साथ तीन लोगो को गिरफ्तार किया है तथा तस्करी में प्रयुक्त एक ऑटो को भी जब्त किया है।जानकारी के अनुसार, 7 जून 2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी की ह्यएफह्व समवाय कमला की नाका पार्टी ने मिश्रीलाल चौक, उसराही क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान सीमा स्तंभ संख्या 271/डब्ल्यू पी -1 से लगभग 1.8 किलोमीटर भारतीय क्षेत्र में नेपाल से भारत की ओर आ रहे एक इलेक्ट्रिक ऑटो को रोककर तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान वाहन में रखे 23 कार्टनों से कुल 410 किलोग्राम प्रतिबंधित विदेशी मूल के चीनी सेब बरामद किए गए। इनमें 360 किलोग्राम ह्लक एप्पलह्व तथा 50 किलोग्राम अन्य किस्म के चीनी सेब शामिल हैं।पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्तियों ने बताया कि सेब नेपाल के बलहा क्षेत्र से लाकर जयनगर सब्जी मंडी में बेचने के लिए ले जाए जा रहे थे। कार्रवाई के दौरान एक भारतीय और दो नेपाली नागरिकों को पकड़ा गया।एसएसबी ने बरामद सेब, जब्त वाहन एवं आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग (लैंड कस्टम), जयनगर के हवाले कर दिया है। 48वीं वाहिनी एसएसबी, जयनगर के कमांडेंट ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी, प्रतिबंधित वस्तुओं के कारोबार और सीमा पार अपराधों के विरुद्ध एसएसबी पूरी सतर्कता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सीमा चौकियों एवं आसूचना तंत्र की सक्रियता के कारण तस्करी के ऐसे प्रयास लगातार विफल किए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी इस प्रकार की सघन कार्रवाई जारी रहेगी।

## महंगाई बेरोजगारी बढ़ रहे अपराध भ्रष्टाचार के खिलाफ राजद करेगी जन आंदोलन

● आम जनता की समस्याओं को लेकर राजद का आंदोलन, कार्यकताओं को दिए गए दिशा-निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता सह तैयारी समिति की बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष मधुबनी रामाशीष यादव की अध्यक्षता एवं प्रखंड अध्यक्ष अमित यादव के संचालन में संपन्न हुआ। बैठक में आगामी 9 जून को प्रस्तावित धरना कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए मिथिलांचल प्रभारी फैयाज आलम ने देश एवं प्रदेश की ज्वलंत समस्याओं महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा बढ़ते अपराध पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि आम जनता छात्र किसान मजदूर युवा महिलाएं इन समस्याओं से त्रस्त है और इनके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना समय की मांग है। मौके पर वीर बहादुर राय (जिला अध्यक्ष, झंझारपुर), उमाकांत यादव (पूर्व विधायक), अरुण महतो (प्रत्याशी, बाबूबरही), राज कुमार यादव, फूल हसन अंसारी, प्रदीप प्रभाकर, श्रीनारायण महतो, भारत भूषण यादव, विष्णुदेव यादव, सचिन चौधरी, रामविलास यादव, भोगी यादव, निशांत मंडल, रामचंद्र साह, भोला यादव, सूर्यनाथ यादव, सुमन झा, अरविंद मंडल, बाबूराम प्रभाकर, जीतू यादव, अमर कुमार, रामदेव ठाकुर, गंगा प्रसाद चौधरी,गुनन्द यादव,डॉ .मनोज वर्मा ,सुरेश यादव,दिनेश यादव,राम उदगार यादव,संजीव मंडल,भोगी यादव,झगडू यादव,लालू यादव,रामकुमार यादव,प्रमोद यादव, जहांगीर हाशमी समेत बड़ी संख्या में राजद नेता एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## नगर विकास मंत्री से मिले विधायक, कांटी नगर परिषद के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का किया आग्रह

मुजफ्फरपुर।कांटी नगर परिषद के लंबित विकास कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर सोमवार को नगर विकास व आवास मंत्री नीतीश मिश्रा से उनके कार्यालय में स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने मुलाकात किया। इस दौरान श्री कुमार ने श्री मिश्रा से कांटी नगर परिषद के प्रस्तावित लंबित सड़क, नाला , वृद्ध आश्रम, कांटी प्रखंड परिसर में बड़ा पार्क का निर्माण, कांटी नगर परिषद मुख्यालय में स्टडी सेंटरकी स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया एवं लिखित ज्ञापन सौंपा। मंत्री नीतीश मिश्रा ने विधायक अजीत कुमार के सभी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान श्री कुमार ने मंत्री श्री मिश्रा से कांटी हाई स्कूल के पास से छिन्मस्तिका मंदिर निकलने वाली बाईपास सड़क को जनहित में प्राथमिकता में रखते हुए निर्माण कार्य कराने का भी आग्रह किया। विधायक अजीत कुमार ने बताया कि नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा ने उनके सभी मांगो पर जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिए हैं और उन्हें विश्वास है कि जल्द से जल्द सभी कार्य की स्वीकृति मिलकर विकासात्मक व जनहित के कार्य जमीनी धरातल पर भी शीघ्र उतरेगी।

## खरीफ खेती में आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर डीएम ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। कृषि विभाग द्वारा शारदीय (खरीफ) महाअभियान-2026 के तहत सोमवार को नगर भवन में जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला -सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में डीएम ने किसानों से रबी, खरीफ और गरमा तीनों मौसम में खेती करने का आह्वान करते हुए कहा कि कृषि में विविधीकरण और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर ही किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी कोशी नहर परियोजना पूरी होने पर जिले के 1.61 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। डीएम ने मखाना बोर्ड की संभावित स्थापना, झंझारपुर एवं जयनगर में अत्याधुनिक कृषि मंडी विकसित करने तथा कृषि उत्पादों को ई-ग्राम पोर्टल से जोड़ने की योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने किसानों को धान-गेहूं के साथ मक्का, सरसों, फल एवं सब्जी उत्पादन की ओर बढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ललन चौधरी, जिला पशुपालन पदाधिकारी राजेश कुमार समेत कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन सिद्धांतविहीन दलों का प्लेटफार्म : डॉ गोपाल जी ठाकुर



दरभंगा।देश की राजनीति में कांग्रेस सपा टीएमसी राजद तथा वामपंथी दलों का अस्तित्व खत्म होना तय है। दिल्ली में सोमवार को कंस्टीट्यूशन क्लब में इंडिया गठबंधन के नाम पर आयोजित बैठक सिद्धांतहीन दल के नेताओं का जमावड़ा है। सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए इसे वैचारिक नहीं बल्कि राजनीतिक मजबूरियों का गठबंधन बताते कहा कि यह ऐसा मंच बन गया है जहां दल एक-दूसरे की कमजोरियों और विवादों पर पर्दा डालने का काम कर रहे हैं तथा इन दलों को देश की भलाई तथा विकास से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। भाजपा सांसद डा ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी की सोच की जमकर आलोचना करते हुए कहा है कि कांग्रेस अपने पुराने सहयोगियों का भरोसा बनाए रखने में असफल रही है तथा दक्षिण भारत में सहयोगी दलों की नाराजगी इस बात का संकेत है कि कांग्रेस की राजनीति पर अब उसके साथी भी सवाल उठा रहे हैं। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का जिक्र करते हुए कहा कि जिन नेताओं के खिलाफ कभी कांग्रेस और राहुल गाँधी ने गंभीर आरोप लगाए थे,आज वही नेता गठबंधन की बैठकों में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं कि जिससे साबित होता है कि यह विचार धारा नहीं बल्कि राजनीतिक सुविधा का गठबंधन बन चुका है। सांसद डा ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री राबरी देवी की सुरक्षा में कटौती को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर राजद नेताओं की सोच की जमकर भर्त्सना करते हुए कहा कि सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। क्योंकि सुरक्षा एजेंसियों के आकलन के आधार पर समय-समय पर सुरक्षा बढ़ाई या घटाई जाती है और इसे राजनीति से जोड़कर नहीं देखना चाहिए।

## संगीत एवं नाटक विभाग द्वारा पांच दिवसीय रंगमंचीय कार्यशाला का शुभारम्भ




● रंगमंच केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति व मानवीय संवेदना का माध्यम : प्रो लावण्य कीर्ति

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के ललित कला संकाय के अंतर्गत विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय रंगमंचीय कार्यशाला कहानी और रंगमंच का आज सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। 8 जून से 12 जून तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं रंगकर्मियों को रंगमंच की विविध विधाओं, अभिनय कला तथा नाट्य प्रस्तुति की बारीकियों से परिचित कराना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं कला-प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यशाला का आयोजन विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो लावण्य कीर्ति सिंह काव्या के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त साधन है। कहा कि कहानी और रंगमंच का संबंध अत्यंत गहरा है तथा किसी भी कहानी को जीवन्त रूप प्रदान करने में रंगमंच महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसी कार्यशालाएँ विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी सहायक होती हैं।कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक एवं पटना के भिखारी ठाकुर युवा सम्मान से सम्मानित रंगकर्मी कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहानी और रंगमंच के अंतसंबंधों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों में शामिल किया गया। समूह अभ्यास, अभिनय प्रयोग, तात्कालिक प्रस्तुति तथा संवाद-अभिनय के माध्यम से विद्यार्थियों को मंचीय कला के विविध आयामों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने कार्यशाला के प्रथम दिवस के अनुभव को अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताया। प्रतिभागियों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें रंगमंच की व्यावहारिक समझ प्रदान करते हैं तथा उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को नई दिशा देते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पाँच दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को रंगमंच की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों प्रकार की शिक्षाएं प्रदान की जाएंगी, जिनसे वे अपनी कलात्मक प्रतिभा को और अधिक निखार सकें।

# एसकेएमसीएच के आसपास सील अवैध नर्सिंग होम पर होगी एफआईआर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एसकेएमसीएच के आसपास संचालित 13 अवैध नर्सिंग होम और जांच घरों के खिलाफ प्रशासन अब सख्त कार्रवाई की तैयारी में है सील किए गए संस्थानों के फरार संचालकों और प्रबंधकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसडीओ पूर्वी तुषार कुमार के निर्देश पर अहियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, छापेमारी और सीलिंग अभियान के दौरान हिरासत में लिए गए एक हेल्थ केयर संस्थान के मैनेजर से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में एक संगठित दलाल सिंडिकेट के सक्रिय होने का खुलासा हुआ है, जो एसकेएमसीएच आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को बहला-फुसलाकर अवैध निजी अस्पतालों तक पहुंचाने का काम करता था। जानकारी के मुताबिक इस नेटवर्क में कुछ एम्बुलेंस चालक और स्थानीय बिचौलिए भी शामिल हैं। पुलिस ने ऐसे कई संदिग्ध लोगों की पहचान की है और उनके सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। जांच के आधार पर आगे और कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। अहियापुर थानाध्यक्ष शरत कुमार ने बताया कि रविवार देर शाम तक इस मामले में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि शनिवार को प्रशासनिक जांच के दौरान एसकेएमसीएच के आसपास संचालित 13 निजी नर्सिंग होम और जांच घरों को अनियमितता एवं आवश्यक मानकों के अभाव में सील कर दिया गया था। इसके बाद एसडीओ पूर्वी ने संबंधित अधिकारियों को संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया था। एसडीओ पूर्वी तुषार कुमार ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि जिन निजी अस्पतालों के पास वैध कागजात, आवश्यक लाइसेंस या योग्य चिकित्सकीय स्टाफ उपलब्ध नहीं है, वे स्वयं अपने संस्थान बंद कर दें। अन्यथा प्रशासन द्वारा सीलिंग के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# 24 घंटे में बेंगलुरु पहुंची मुजफ्फरपुर की शाही लीची

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ह्लडाकिया डाक लायाह्व की तर्ज पर अब मुजफ्फरपुर की प्रसिद्ध और स्वादिष्ट शाही लीची देश के विभिन्न हिस्सों तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से पहुंच रही है। डाक विभाग की रेल डाक सेवा ने इस दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मुजफ्फरपुर की पहचान बन चुकी शाही लीची को देशभर के उपभोक्ताओं तक सुरक्षित और तेजी से पहुंचाने का जिम्मा संभाला है। इस पहल की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुजफ्फरपुर से स्पीड पोस्ट के जरिए भेजा गया शाही लीची का एक पार्सल महज 24 घंटे के भीतर बेंगलुरु पहुंच गया। डाक विभाग की इस तेज और प्रभावी सेवा ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है तथा स्थानीय किसानों और बागवानों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने का रास्ता खोल दिया है। गर्मी के मौसम में शाही लीची और आम जैसे फलों की बढ़ती मांग को देखते हुए डाक विभाग पूरी तरह सक्रिय है। मुजफ्फरपुर प्रधान डाकघर परिसर स्थित बिजनेस पोस्ट सेंटर में इसके लिए विशेष काउंटर भी संचालित किया जा रहा है, जहां से किसान और व्यापारी आसानी से अपने उत्पाद देश के विभिन्न शहरों में भेज सकते हैं। डाक विभाग की इस पहल से न केवल शाही लीची की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि किसानों को बेहतर मूल्य मिलने की भी उम्मीद है। समय पर डिलीवरी और सुरक्षित परिवहन की सुविधा मिलने से मुजफ्फरपुर की शाही लीची अब देश के बड़े बाजारों में अपनी मिठास बिखेर रही है। स्थानीय बागवानों का मानना है कि स्पीड पोस्ट के कारोबार से लीची की त्वरित आपूर्ति और मुजफ्फरपुर की विश्वप्रसिद्ध शाही लीची की पहचान और मजबूत होगी।

## नव-निर्वाचित स्थायी समिति के सदस्यों ने महापौर से की शिष्टाचार मुलाकात, शहर के विकास पर बनी रणनीति

मुजफ्फरपुर। नगर निगम की नव-निर्वाचित सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों ने सोमवार को कल्याणी स्थित केदारनाथ रोड स्थित महापौर के आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महापौर ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक में आगामी स्थायी समिति एवं नगर निगम बोर्ड की बैठकों को ध्यान में रखते हुए मुजफ्फरपुर शहर के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के दौरान सड़क, जलजमाव, साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। सदस्यों ने शहर की प्रमुख चुनौतियों को चिन्हित कर उनके निराकरण के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि शहर के चौमुखी विकास से जुड़े सभी मुद्दों पर नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि स्थायी समिति के सभी सदस्य भी विकास कार्यों को गति देने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। महापौर ने कहा कि आने वाले दिनों में विकास परियोजनाओं में तेजी लाई जाएगी और सभी जनप्रतिनिधि एक टीम की तरह कार्य कर मुजफ्फरपुर के विकास की नई इबारत लिखेंगे। वहीं, स्थायी समिति के सदस्यों ने भी महापौर को आश्वस्त किया कि वे शहर की सूरत बदलने तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव सहयोग देंगे। बैठक में विकास और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में बड़ी कार्रवाई
## भ्रष्ट सब-रजिस्ट्रार सेवा से बर्खास्त

मुजफ्फरपुर। बिहार सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में दोषी पाए गए सब-रजिस्ट्रार मणि रंजन को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। मणि रंजन वर्तमान में मगध प्रमंडल स्थित अवर निबंधक सह सहायक निबंधन महानिरीक्षक कार्यालय में पदस्थापित थे। वर्ष 2021 में विशेष निगरानी इकाई ने उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया था। इसके बाद 17 दिसंबर 2021 को समस्तीपुर, पटना और मुजफ्फरपुर समेत कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान अधिकारियों को मणि रंजन के विभिन्न ठिकानों से कुल 73.5 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे।

## बीआरएबीयू में अधूरे सिलेबस के बीच परीक्षा देने को मजबूर पीजी छात्र

मुजफ्फरपुर। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय में पीजी के छात्र-छात्राएं अधूरे ज्ञान और अपूर्ण पाठ्यक्रम के साथ परीक्षा देने को विवश हैं। विद्यार्थियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय ने वर्ष 2018 में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू तो कर दिया, लेकिन आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी कई विषयों की पूरी अध्ययन सामग्री और किताबें उपलब्ध नहीं कराई जा सकी हैं। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय सत्र नियमित करने पर तो जोर दे रहा है, लेकिन पाठ्यक्रम पूरा कराने और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करने की दिशा में अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बताया कि उनका नामांकन महज तीन महीने पहले हुआ है और अभी वे सभी अध्यायों का अध्ययन भी ठीक से नहीं कर पाए हैं, जबकि परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। अन्य सेमेस्टर के छात्रों ने भी अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा कि कई बार उन्हें अनुमान और गेस के आधार पर परीक्षा देनी पड़ती है। उनका कहना है कि पाठ्यक्रम पूरा नहीं होने के कारण परीक्षा की तैयारी प्रभावित होती है और बेहतर प्रदर्शन कर पाना कठिन हो जाता है। विद्यार्थियों ने यह भी आरोप लगाया कि परीक्षा पास करने के बाद भी परेशानियां खत्म नहीं होतीं। डिग्री और अन्य प्रमाणपत्र प्राप्त करने में होने वाली देरी उनके करियर और रोजगार के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। कई छात्रों को उच्च शिक्षा और नौकरी के लिए आवेदन के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि सीबीसीएस के तहत सभी विषयों की आवश्यक किताबें और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाए, समय पर कक्षाएं संचालित हों, पाठ्यक्रम पूरा कराया जाए तथा प्रमाणपत्र वितरण प्रक्रिया को भी सरल और समयबद्ध बनाया जाए। साथ ही विश्वविद्यालय में बुनियादी शैक्षणिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की भी मांग की गई है।

# स्नातक छात्रों को बड़ी राहत: इंटर्नशिप के लिए अब नहीं देना होगा कोई शुल्क

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। अब अनिवार्य इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए छात्रों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। राज्य सरकार के लोकभवन द्वारा इंटर्नशिप गाइडलाइन को मंजूरी दिए जाने के बाद यह व्यवस्था लागू की गई है। नई गाइडलाइन के अनुसार इंटर्नशिप उपलब्ध कराने वाली कोई भी संस्था विद्यार्थियों से शुल्क नहीं वसूल सकेगी। हालांकि, यदि कोई संस्था अपनी इच्छा से छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान वजीफा या मानदेय देना चाहती है तो उस पर कोई रोक नहीं होगी। इंटर्नशिप का स्वरूप अनिवार्य रूप से अवैतनिक रहेगा। लोकभवन ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए तैयार की गई इंटर्नशिप गाइडलाइन फॉर अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम्स को स्वीकृति प्रदान कर इसकी जानकारी राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को भेज दी है। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थी फिजिकल मोड के साथ-साथ स्वयं प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन इंटर्नशिप भी कर सकेंगे।

इंटर्नशिप के लिए सरकारी विभाग, स्थानीय निकाय, पंचायतें, सरकार द्वारा अनुदानित स्वायत्त संस्थान, सूचीबद्ध निजी कंपनियां, प्रमुख गैर-सरकारी संगठन तथा अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी। गाइडलाइन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई छात्र पांचवें सेमेस्टर तक इंटर्नशिप पूरी नहीं कर पाता है तो उसे छठे सेमेस्टर की समाप्ति से पहले इसे अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा। इंटर्नशिप के लिए कुल 120 घंटे निर्धारित किए गए हैं। इसमें एक क्रेडिट के लिए 30 घंटे का प्रावधान है।

कुल अवधि में 90 घंटे संबंधित संस्थान में कार्य अनुभव प्राप्त करने तथा 30 घंटे रिपोर्ट तैयार करने, मूल्यांकन और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। शिक्षा जगत के जानकारों का मानना है कि शुल्क समाप्त होने से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को राहत मिलेगी और अधिक संख्या में छात्र इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लेकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

## सेंटरफ्रूट ने मजेदार कैंपेन कैसी जीभ लपलपाई के साथ की वापसी




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। परफेटी वैन मेल इंडिया के ब्रांड सेंटरफ्रूट ने अपने प्रतिष्ठित कैसी जीभ लपलपाई प्लेटफॉर्म के तहत एक नई विज्ञापन फिल्म के साथ वापसी की है। पिछले साल के कैंपेन की सफलता को आगे बढ़ाते हुए ब्रांड अब कैसी जीभ लपलपाई की दुनिया को एक भारतीय शादी पर आधारित एक नई मजेदार कहानी के साथ आगे बढ़ा रहा है, जहां एक लाजवाब लपलप पल बहुत ही अनोखे तरीके से एक चोरी को पकड़ने में मदद करता है। इस कैंपेन के केंद्र में एक भारतीय शादी की पृष्ठभूमि पर बनी एक नई विज्ञापन फिल्म है। जब शादी के जश्न के बीच एक चोरी हो जाती है, तो पुलिस चोर की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का सहारा लेती है। इसके बाद क्लासिक सेंटरफ्रूट स्टाइल में एक नया मोड़ आता है। कैंपेन के लांच से पहले उत्साह बढ़ाने के लिए सेंटरफ्रूट ने टीवीसी लांच से पहले ही भारत को लपलप कराने के लिए कई नए प्री-बज कार्यक्रमों की शुरूआत की। परफेटी वैन मेल इंडिया के डायरेक्टर- मार्केटिंग, गुंजन खेतान ने कहा, पिछले साल कैसी जीभ लपलपाई की सफल वापसी के बाद, हम फिर से सेंटरफ्रूट के लाजवाब स्वाद पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम इस प्लेटफॉर्म को इस तरह आगे बढ़ा रहे हैं जो ब्रांड की मूल पहचान को बनाए रखने के साथ ही मनोरंजन का एक नया तड़का भी जोड़े।

# मुसलमान नहीं, असली निशाने पर राजपूत समाज : आनन्द मोहन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पूर्व सांसद एवं फ्रेंड्स ऑफ आनंद के संरक्षक आनंद मोहन ने रविवार को मुजफ्फरपुर में राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कई बड़े बयान देकर बिहार की सियासत में हलचल पैदा कर दी। सीतामढ़ी में प्रस्तावित महाराणा प्रताप प्रतिमा अनावरण समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश में इस समय मुसलमानों को सॉफ्ट टारगेट बनाया जा रहा है, जबकि असली निशाने पर राजपूत समाज है। आनंद मोहन ने बिहार की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए दावा किया कि ह्ल25 से 30 फिर से नीतीशह्व के नारे के साथ सरकार बनी थी, लेकिन बाद में गन पॉइंट पर मुख्यमंत्री से इस्तीफा लिया गया। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम पर समय आने पर और भी बातें सामने आएंगी। धार्मिक और सामाजिक संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जैन, बौद्ध और सिख समुदायों से क्षत्रिय समाज का कभी कोई संघर्ष नहीं हो सकता। उन्होंने तर्क दिया कि जैन धर्म के सभी तीर्थंकर, भगवान बुद्ध तथा सिखों के सभी दस गुरु क्षत्रिय परंपरा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इतिहास में साथ दिया, उनसे संघर्ष का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। अपने पुत्र एवं विधायक चेतन आनंद के राष्ट्रीय जनता दल छोड़कर जदयू में शामिल होने के फैसले का बचाव करते हुए आनंद मोहन ने कहा कि राजद में रहते हुए उनके बेटे और राजपूत समाज को लगातार अपमानित किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि ह्लठाकुर का कुआंह्व जैसी कविताओं और बयानों के माध्यम से समाज को निशाना बनाया गया, जिसके कारण चेतन आनंद ने अलग राह चुनी। उन्होंने कहा, ह्लराजपूत गद्दार या विश्वासघाती नहीं होता, राजपूत बागी होता है।ह्व साथ ही देश में आंतरिक लोकतंत्र के कमजोर होने पर चिंता जताते हुए कहा कि एक समय ह्लइंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिराह्व का दौर था और आज फिर व्यक्तिवाद की राजनीति हावी होती दिख रही है। खुद को बाहुबली कहे जाने के सवाल पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि लोगों ने लगातार उन्हें बाहुबली कह-कहकर ही बाहुबली बना दिया है। आनंद मोहन ने समर्थकों के बीच बड़ा राजनीतिक दावा करते हुए कहा कि आगामी चुनाव से पहले राजपूत समाज से एक उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा और चुनाव के बाद समाज के लोगों को मंत्रिमंडल में भी उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज की राजनीतिक भागीदारी और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए प्रयास जारी हैं। कार्यक्रम में सीतामढ़ी में होने वाले महाराणा प्रताप प्रतिमा अनावरण समारोह की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में उपस्थित समर्थकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सड़क पाररकररहे एक मजदूर की तेज रफ्तार से आ रही कार से कुचला कर मौत हो गई।मृतक की पहचान डुमरी निवासी ज्योधि शाह (60) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि शेनफोर्ड स्कूल के पास ज्योधि रोड क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोर की थी कि बुजुर्ग कई फीट दूर जाकर गिरे। घटना माधौल बाइपास स्थित डुमरी इलाके की है।घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। वृद्ध मजदूर की मौत से नाराज लोगों ने माधौल बाइपास को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब आधे घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम हटवाया और यातायात को सामान्य कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना में शामिल कार और उसके चालक की पहचान की जा सके। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषी चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बरुराज लूटकांड का खुलासा : कटिहार में लुटेरे के घर से बरामद हुए 85 हजार रुपये, आरोपी फरार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बरुराज थाना क्षेत्र में दंपती से झपट्टा मारकर छीने गए 85 हजार रुपये की लूटकांड का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। घटना के करीब 10 दिन बाद बिहार एसटीएफ और कटिहार पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र स्थित जुराबगंज में छापेमारी कर लूट की रकम बरामद कर ली। हालांकि मुख्य आरोपी और हिस्ट्रीशीटर अपराधी सुजल कुमार पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी के दौरान लूटे गए 85 हजार रुपये, चांदी की दो जोड़ी पायल और एक अंगूठी बरामद की है। बरामद सामान को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, बीते 27 मई को कथैया थाना क्षेत्र के थतियां निवासी संजीत कुमार ने मोतीपुर स्थित एक बैंक से 85 हजार रुपये निकाले थे। वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। निकाली गई राशि उनकी पत्न ी के पर्स में रखी हुई थी। इसी दौरान बरुराज थाना क्षेत्र के धूमनगर बखरी स्थित नोनिया टोला के समीप पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे और झपट्टा मारकर बैग छीन लिया। अचानक हुए हमले से संजीत कुमार की पत्नी चलती स्कूटी से सड़क पर गिर गईं। इसके बावजूद संजीत ने साहस दिखाते हुए बदमाशों का सिंगैला पुल तक पीछा किया, लेकिन अपराधी फरार होने में सफल रहे। घटना के बाद संजीत कुमार के आवेदन पर बरुराज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस जांच के दौरान इस वारदात में कुख्यात कोढ़ा गिरोह की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद बिहार एसटीएफ ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी कर लूट की रकम बरामद कर ली। पुलिस फरार आरोपी सुजल कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का पूर्ण उद्भेदन किया जाएगा।

## हॉस्पिटल अग्निकांड मामले में अस्पताल के निदेशक की शीघ्र गिरफ्तारी हो : भाकपा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमण्डल प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड मामले की जांच के लिए घटनास्थल का दौरा कर घटना का विस्तृत जायजा लिया तथा इस घटना के लिए अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को सीधे तौर पर जिम्मेदार मानते हुए अस्पताल के निदेशक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पार्टी उक्त मामले से स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग करेगी। प्रतिनिधिमण्डल नें निरीक्षण के दौरान इस हादसा को सुरक्षा मानकों की अनदेखी किये जाने को मुख्य वजह बताया। आइसीयू जैसे संवेदनशील जगह पर अग्नि सुरक्षा की अनदेखी की गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों का घोर उल्लंघन कर अभी तक सात मरीजों को मौत के मुंह में डालने पर विवश कर दिया गया। अस्पताल में फायर अलार्म सिस्टम की कोई व्यवस्था नहीं थी। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं किये जाने पर पार्टी तेज आंदोलन शुरू करने पर बाध्य हो जाएगी। प्रतिनिधिमण्डल में पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह, जिला सचिव राम किशोर झा, जगदीश प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार ठाकुर, अवधेश पासवान शामिल थे।

## जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था सामान्य, घरेलू व व्यावसायिक दोनों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में घरेलू गैस, व्यावसायिक गैस तथा पाइपलाइन पीएनजी गैस आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सामान्य और संतोषजनक बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न तेल कंपनियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और नियमित आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है। घरेलू एलपीजी आपूर्ति के तहत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के 60 वितरकों के माध्यम से जिले में गैस वितरण किया जा रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आइओसीएल के अंतर्गत औसतन प्रतिदिन 14668 सिलेंडर की बिक्री हो रही है, जबकि आज की स्थिति में 15188 भरे हुए सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं तथा 12569 सिलेंडर ट्रांजिट में हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम के माध्यम से भी गैस आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है। व्यावसायिक गैस की उपलब्धता को लेकर भी स्थिति संतोषजनक बताई गई है। आइओसीएल के तहत औसतन प्रतिदिन 88.3 सिलेंडर की बिक्री के मुकाबले 941 सिलेंडर का भंडारण उपलब्ध है। वहीं एचपीसीएल के पास 717 सिलेंडर तथा बीसीसीएल के पास 434 सिलेंडर का स्टॉक मौजूद है। कुल मिलाकर जिले में व्यावसायिक गैस की आपूर्ति नियमित रूप से सुनिश्चित की जा रही है। पाइपलाइन गैस आपूर्ति के विस्तार के तहत जिले के 19 मोहल्लों में घरेलू पीएनजी गैस की आपूर्ति की जा रही है। अब तक कुल 43,259 उपभोक्ताओं ने कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 18,336 उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति दी जा रही है। 06 जून 2026 को ही 39 नए उपभोक्ताओं को पीएनजी आपूर्ति शुरू की गई। इसके अलावा 31 व्यावसायिक इकाइयों तथा बेला औद्योगिक क्षेत्र की 15 औद्योगिक इकाइयों को भी पीएनजी गैस आपूर्ति की जा रही है। जिले में कुल 7 जिला रेगुलेटिंग स्टेशन स्वीकृत हैं, जिनमें से 5 कार्यरत हैं। दो नए डीआरएस निमार्णाधीन हैं, जिन्हें बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय एवं श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थापित किया जा रहा है।

## जीवित वृद्धा को मृत बताकर विभाग ने पेंशन रोका, मामला पहुँचा मानवाधिकार आयोग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिले के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहाँ एक जीवित वृद्ध महिला को विभाग ने मृत कर दिया हैं। दरअसल जिले के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा, संजय सिनेमा रोड की रहने वाली 75 वर्षीय वृद्ध विधवा महिला पवितर देवी को विभागीय गलती के कारण मृत घोषित कर दिया गया है, जिस कारण उन्हें प्रतिमाह मिलने वाली वृद्धा पेंशन की राशि से वंचित होना पड़ा है। वृद्ध महिला कार्यालयों का चक्कर लगाते-लगाते काफी परेशान हो चुकी हैं। वृद्ध महिला ने बताया कि कार्यालयों ने उन्हें मृत मान लिया है, जिस कारण वह जिंदा भूत हो चुकी है। थक - हारकर महिला ने मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा के माध्यम से मानवाधिकार आयोग में दो याचिका दाखिल की है। मामले के संबंध में मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के.झा ने बताया कि यह मामला काफी हास्यास्पद हैं। कारण कि जीवित महिला को मृत बताकर वृद्धा पेंशन की राशि को रोक दिया जाना मानवाधिकार का उल्लंघन हैं। संबंधित मामले के सम्बन्ध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना को सूचित किया गया है और उचित कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जगजीवन चौक के समीप रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक की पहचान महमदपुर निवासी योगेंद्र सिंह के पुत्र विनय कुमार सिंह के रूप में की गई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुटी है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### एसयूसीआई सी ने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का किया कड़ा विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के महासचिव प्रभास घोष ने रसोई गैस की कीमत में वृद्धि का कडा विरोध किया है। इससे सम्बन्धित आज प्रेस बयान जारी कर उन्होंने कहा है कि ऐसे समय में जब लोगों की जिन्दगी आसमान छूती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी और बड़ी मात्रा में लोगों के रोजगार छीने जाने से बुरी तरह प्रभावित है, रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी उन पर एक और गंभीर हमला है।

इस तरह, भाजपा नेतृत्ववाली केन्द्र सरकार हाल ही में हुए चुनावों के बाद लोगों पर एक के बाद एक सौगात की बरसात कर रही है।

उन्होंने कहा हे कि हम सरकार के इस कदम की कड़ी निन्दा करते हैं और लोगों से

इसके विरोध में संयुक्त जन आन्दोलन निर्मित करने की अपील करते हैं।

## कटरा में बिजली संकट पर जन सुराज का प्रदर्शन पावर सब स्टेशन पहुंच कर फूंका पुतला

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के कटरा प्रखंड में लगातार बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर सोमवार को जन सुराज पार्टी के युवा तिरहुत प्रभारी वेद प्रकाश के नेतृत्व में सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने बकुची स्थित पावर सब स्टेशन पहुंचकर बिजली विभाग और संबंधित जेई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुतला दहन कर विभागीय उदासीनता के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वेद प्रकाश ने कहा कि कटरा के विभिन्न पंचायतों में पर्याप्त बिजली उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि धनौर समेत कई क्षेत्रों में खराब गुणवत्ता वाले केबल और बढ़ती आबादी के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। हल्की बारिश या तूफान आते ही घंटों बिजली गुल रहने की समस्या आम हो गई है।

उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मी और पदाधिकारी उपभोक्ताओं की शिकायतों पर ध्यान नहीं देते हैं। आरोप लगाया कि कई मामलों में स्थानीय निजी मिस्त्रियों के माध्यम से पैसे की उगाही कर समस्याओं का समाधान कराया जाता है, जिससे आम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

वेद प्रकाश ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ और उपभोक्ताओं की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो जन सुराज पार्टी निर्णायक आंदोलन शुरू करेगी।

उन्होंने कहा कि पुतला दहन का उद्देश्य विभाग को जगाना और जनता की पीड़ा को सामने लाना है।

कार्यक्रम में जन सुराज के जिलाध्यक्ष मो. लालबाबू, जिला सचिव मो. सैफी, युवा उपाध्यक्ष आलोक कुमार, जिला युवा सचिव राजीव ओझा, युवा प्रखंड अध्यक्ष बिपिन शाह, संजय कुमार, अवधेश कुमार चौधरी, राजेश कुमार, मुरारी ओझा, राजेश शाह, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और बिजली समस्या के समाधान की मांग को बुलंद किया।

### मन्नत पूरी होने तक जारी रहेगी दंड यात्रा, चौथे वर्ष भी बाबा गरीबनाथ के दरबार पहुंची सोनाली

मुजफ्फरपुर। आस्था और श्रद्धा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए हठ योग साधिका सोनाली पिछले चार वर्षों से लगातार प्रत्येक सोमवारी को माड़ीपुर से बाबा गरीबनाथ मंदिर तक दंड यात्रा कर रही हैं। सोनाली ने बताया कि उन्होंने बाबा गरीबनाथ से एक विशेष मन्नत मांगी थी, जो अभी तक पूरी नहीं हुई है। इसी संकल्प के तहत वह हर सोमवारी को माड़ीपुर से मंदिर तक दंडवत यात्रा करती हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मन्नत पूरी नहीं होगी, तब तक वह यह कठिन साधना और दंड यात्रा जारी रखेंगी। सोनाली की अटूट श्रद्धा और दृढ़ संकल्प को देखकर रास्ते में लोग भी उनका उत्साहवर्धन करते हैं। बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचकर वह विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोनाली की यह आस्था और समर्पण अन्य श्रद्धालुओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। प्रत्येक सोमवारी को उनकी दंड यात्रा श्रद्धा, विश्वास और संकल्प की मिसाल बनकर सामने आती है।

सम्पादकीय

## समूचे संसार को निगलता अहंकार का दावानल

डॉ. रवीन्द्र अरजरिया

देश - दुनिया के सामने अस्थिरता का परिदृश्य नित नये रंग दिखा रहा है। ईरान जैसे छोटे से देश के सामने अमेरिका जैसी महाशक्ति का घुटने टेकने की स्थिति का निर्मित होना, पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियारों की धमकी देना, डीप स्टेट के षडयंत्र से अनेक देशों में सत्ता परिवर्तन होना, बढती आबादी के मध्य आर्थिक मंदी का दौर लाना, पर्यावरण की कीमत पर भौतिक सुविधायें जुटाना, निजी स्वार्थों के लिए राष्ट्रहितों को तिलांजलि देना, नियम-कानून-कायदों पर शक्तिशालियों का पूरी तरह कब्जा होना, आतंक के सहारे साम्राज्य स्थापित करना, मानव पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का हावी होना, अकर्मण्यता का बोलबाला होना, तुष्टीकरण की तलवार से प्रतिभाओं को मौथला करना जैसे अनेक बिन्दु समूचे संसार में दावानल की तरह विकराल होते जा रहे हैं। सत्ता के लालच में हाशिये के बाहर पहुंच चुके आदर्श आज अपनी बेबसी पर जार-जार रो रहे हैं। मृगमारीचिका के पीछे छुपे वर्चस्व वाले अहंकारी लक्ष्य को प्राप्त करने की होड में अब देशों, प्रदेशों, सम्प्रदायों, जातियों, नस्लों, क्षेत्रों आदि के मध्य जंग छिड चुकी है। चारों ओर अस्थिरता, असुरक्षा और अशान्ति का वातावरण निर्मित हो चुका है। इस दौर को लेकर भविष्यवक्तओं ने बहुत पहले ही सचेत कर दिया था। उन्नीसवीं सदी में ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य ने इक्कीसवीं सदी को उज्जवल भविष्य के रूप में रेखांकित करते हुए आने वाले झंझावातों की पहले से ही चेतावनी दे दी थी। पराविज्ञान की चरमसीमा पर पहुंच चुके देवऋषियों के अनुसंधानों को जीवन में उतारने की पर बल दिया था। हम बदलेंगे, युग बदलेगा का नारा दिया था। जय गुरुदेव, सतयुग आयेगा का जयघोष करने वाले संत ने भी उपचाररहित बीमारियों के फैलने, अन्न के लिए तरसने, शाकाहार लेने जैसी अनेक घोषणायें की थीं। बीमारियों वाली घोषणा ने कोरोना काल में अपनी उपस्थित दर्ज करवा दी थी। ऐसे ही जनसंख्या के अनियंत्रित विस्तार पर खाद्यान्न की किल्लत, मांसाहार के दुष्प्रभाव आदि को भी समझा जा सकता है। लगभग छः सौ वर्ष पूर्व हमारे ही देश के उडीसा राज्य के महान संत स्वामी अच्युतानन्द दास ने भविष्य मालिका नामक ग्रन्थ में देश के वर्तमान हालातों को पूर्व में ही लिख दिया था। उडिया भाषा में लिखे गये शब्दों की सार्थकता अब शतप्रतिशत सत्य होती दिख रही है। उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों से लेकर भारतवर्ष का अपने ही अलग हुए हिस्से के साथ विकराल युद्ध की स्थितियों तक को विवेचित किया है। तेल के खेल और धन के बल जैसी व्याख्यायें भी इसी ग्रन्थ में उल्लेखित है। प्रकृति के विनाशकारी परिवर्तन से आने वाली आपदाओं की संख्या में अप्रत्याशित बढोत्तरी होने, कृत्रिम विषाणुओं को हथियार बनाकर शत्रुओं पर प्रहार करने, वैश्विक सिद्धान्तों-आदर्शों-मान्यताओं पर स्वार्थ का कब्जा होने तथा दैत्यों के आतंक से जनमानस के पीडित होने जैसी अनेक घटनाओं का उडिया ग्रन्थ में उल्लेख मिलता है। भविष्य मालिका में लिखा है कि भारत से एक आध्यात्मिक शक्ति का उदय होगा जो पूरी दुनिया में शांति स्थापित करेगी। इसी तरह बुल्गारिया देश की निवासिनी बाबा वेंगा की 12 वर्ष में तूफानी चपेट के कारण नेत्रों की रोशनी चली जाने के बाद उन्हें भविष्य देख पाने की रहस्यमयी शक्ति का अचानक अनुभव हुआ था। यद्यपि उन्होंने स्पष्ट भविष्यवाणियां नहीं की थी परन्तु संकेतों में व्यक्त की गई भावी घटनायें अतीत में सत्य प्रमाणित होती चली गईं। वर्तमान स्थितियों को लेकर संघर्षात्मक संकेत, रक्तरंजित क्रान्ति, आतंकी गतिविधियों, वैश्विक मंदी सहित सूक्ष्म के द्वारा विशाल के सामने डटे रहने जैसी व्याख्यायें उनकी रचनाओं में स्पष्ट रूप प्रस्तुत की गई हैं। उन्होंने राजनैतिक अस्थिरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शक्तियों के टकराव, दो भागों में विभाजित होती दुनिया में छिडने वाले तीसरे विश्वयुद्ध का भयावह शब्द चित्र खींचा है। एलियंस की ओर संकेत करते हुए अंतरिक्ष से किसी अज्ञात वस्तु या सभ्यता का पृथ्वी के साथ सम्पर्क स्थापित करने की घटना का उल्लेख करने वाली बाबा वेंगा ने सनातनी सूर्य के प्रकाश से आलौकित होती धरा पर प्रेम की वर्षा जैसे वर्णन करके अनेक संभावनायें व्यक्त की हैं।

## जब खाकी की गोद में खिलीव ममता की कली तब एक लावारिस बच्ची को मिला जीवन

कांतिलाल मांडोत

भारतीय समाज में पुलिस की पहचान प्रायः अनुशासन, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण से जुड़ी रही है। आम नागरिक के मन में खाकी वर्दी का नाम आते ही एक गंभीर छवि उभरती है। कई लोग पुलिस को देखकर सहज नहीं हो पाते और उनके मन में भय या संकोच का भाव आ जाता है। लेकिन खाकी का एक दूसरा चेहरा भी है जो संवेदनाओं से भरा हुआ है। यह चेहरा तब दिखाई देता है जब पुलिस केवल कानून की रक्षक नहीं बल्कि मानवता की संरक्षक बन जाती है। सूरत के पांडेसरा पुलिस थाने में घटी एक घटना ने यह साबित कर दिया कि खाकी के भीतर भी एक धड़कता हुआ दिल होता है जो जरूरतमंदों के लिए ममता और करुणा का अथाह सागर समेटे रहता है।एक नवजात बच्ची जिसे जन्म देने वालों ने दुनिया की भीड़ में अकेला छोड़ दिया था वह शायद अपने जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी का सामना कर रही थी। सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली यह मासूम न तो अपने माता-पिता को जानती थी और न ही उसे यह पता था कि उसका भविष्य क्या होगा। लेकिन नियति ने उसके लिए कुछ और ही तय कर रखा था। उसे ऐसे लोगों का साथ मिलने वाला था जो उसके अपने नहीं थे फिर भी उससे कहीं अधिक अपने बन गए। जब पुलिस को इस नवजात बच्ची के मिलने की सूचना मिली तो उसे तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बच्ची की तबीयत नाजुक थी इसलिए उसके उपचार और देखभाल की व्यवस्था की गई। करीब तेरह दिनों तक उसका इलाज चलता रहा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने केवल अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया बल्कि एक परिवार की तरह उसकी देखभाल की। विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों ने उसे अपनी बेटी की तरह दुलारा। कोई उसे गोद में लेकर सुलाता तो कोई उसके लिए चिंतित रहती। उसकी छोटी-सी मुस्कान उनके चेहरे पर खुशी ले आती और उसकी तकलीफ उन्हें बेचैन कर देती। पुलिस ने बच्ची के परिजनों की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए। आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई गई। विभिन्न माध्यमों से उसके माता-पिता या रिश्तेदारों का पता लगाने की कोशिश की गई। लेकिन जब सभी प्रयास असफल हो गए तब यह स्पष्ट हो गया कि इस मासूम को उसके अपने ही छोड़ चुके हैं। ऐसे समय में पुलिस ने केवल संवेदना व्यक्त करके अपने हाथ नहीं झाड़े बल्कि उसे अपनाने का निर्णय लिया। यही वह क्षण था जिसने इस पूरी घटना को असाधारण बना दिया। बच्ची के स्वस्थ होने के बाद पांडेसरा पुलिस थाने में उसका छठ्ठी समारोह आयोजित किया गया। सामान्यतः पुलिस थाने की कल्पना शिकायतों और कानूनी प्रक्रियाओं से जुड़े स्थान के रूप में की जाती है लेकिन उस दिन वहां का दृश्य बिल्कुल अलग था। पूरा थाना फूलों और तोरणों से सजा हुआ था। वातावरण में उत्सव की खुशी थी। वैदिक मंत्रों की गूंज सुनाई दे रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो किसी परिवार में नई संतान के आगमन का उत्सव मनाया जा रहा हो। सबसे भावुक क्षण तब आया जब इस नवजात बच्ची का नामकरण किया गया। पुलिस परिवार ने उसे प्यार और स्नेह के साथ ह्लकशिशह्व नाम दिया। यह नाम केवल एक पहचान नहीं था बल्कि उस अपनत्व का प्रतीक था जो उसे पुलिसकर्मियों से मिला। महिला पुलिसकर्मियों ने उसे गोद में लेकर लोरियां गाईं। उनके चेहरे पर मातृत्व की वही चमक थी जो किसी मां के चेहरे पर अपनी संतान को देखकर दिखाई देती है। वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की आंखें नम थीं क्योंकि वे एक ऐसी कहानी के साक्षी बन रहे थे जिसमें मानवता ने रिश्तों की सभी सीमाओं को पार कर लिया था। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि परिवार केवल रक्त संबंधों से नहीं बनते। कई बार स्नेह और जिम्मेदारी के धागे ऐसे रिश्ते बुन देते हैं जो जन्म के रिश्तों से भी अधिक मजबूत होते हैं। कशिश को जन्म देने वालों ने भले ही उसे छोड़ दिया हो लेकिन उसे अपनाने वालों ने यह साबित कर दिया कि दुनिया में अभी भी संवेदनशील लोग मौजूद हैं जो किसी अजनबी के जीवन में रोशनी भर सकते हैं।

## पर्यावरण संरक्षण: सनातनवादी विकास बनाम भौतिकवादी विकास विनाश

**जब हम इसके मूल कारणों का गहन अध्ययन और विश्लेषण करें। ह्यमानव सभ्यताह्न और ह्यविकासह्न आदिकाल से एक दूसरे के अभिन्न पूरक रहे हैं। सनातन धर्म में विकास और भौतिकवादी विकास दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। भारतीय सनातन परम्परा, भौतिक विकास को कभी नहीं नकारती किन्तु उसे जीवन का अंतिम लक्ष्य मानने के स्थान पर आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम मानती है। प्रस्तुत लेख में विकास की इन्ही अवधारणाओं का संक्षेप में विवेचन करते हुए यह प्रयास किया गया है कि पर्यावरण प्रदूषण की मूल जननी कहीं न कहीं अनियंत्रित भौतिकवादी विकास ही है। साथ ही, यह लेख भारत की प्राचीन संस्कृति, परम्पराओं, संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों एवं रीति-रिवाजों की महत्ता को रेखांकित करते हुए सतत एवं संतुलित विकास की दिशा में उनके योगदान को प्रस्तुत करता है। आशा है कि यह लेख पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ इसके निवारण हेतु व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर अपनाए जा सकने वाले उपायों पर सार्थक चिंतन को भी प्रेरित करेगा। सनातनवादी विकास: पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है कि चारों ओर से वरण अथवा आवरण अथवा भरण करना।**





डॉ. भारत प्रकाश सुनेजा

लेखक

आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर और चुनौतीपूर्ण समस्या से जूझ रहा है। हमारे चारों ओर ऐसे अनेक तत्व और गतिविधियाँ दिखाई देती हैं, जो प्रदूषण फैलाने के साथ-साथ प्रकृति के सुंदर संतुलन को भी निरंतर बिगाड़ रहे हैं। दुर्भाग्यवश, इन समस्याओं की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयास अत्यंत सीमित प्रतीत होते हैं। जिस प्रकार किसी भी गंभीर रोग का उपचार उसके मूल कारणों को समझे बिना संभव नहीं होता, उसी प्रकार पर्यावरण प्रदूषण रूपी इस विकराल समस्या का समाधान भी तभी संभव है, जब हम इसके मूल कारणों का गहन अध्ययन और विश्लेषण करें। मानव सभ्यता और विकास आदिकाल से एक दूसरे के अभिन्न पूरक रहे हैं। सनातन धर्म में विकास और भौतिकवादी विकास दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। भारतीय सनातन परम्परा, भौतिक विकास को कभी नहीं नकारती किन्तु उसे जीवन का अंतिम लक्ष्य मानने के स्थान पर आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम मानती है। प्रस्तुत लेख में विकास की इन्ही अवधारणाओं का संक्षेप में विवेचन करते हुए यह प्रयास किया गया है कि पर्यावरण प्रदूषण की मूल जननी कहीं न कहीं अनियंत्रित भौतिकवादी विकास ही है। साथ ही, यह लेख भारत की प्राचीन संस्कृति, परम्पराओं, संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों एवं रीति-रिवाजों की महत्ता को रेखांकित करते हुए सतत एवं संतुलित विकास की दिशा में उनके योगदान को प्रस्तुत करता है। आशा है कि यह लेख पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ इसके निवारण हेतु व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर अपनाए जा सकने वाले उपायों पर सार्थक चिंतन को भी प्रेरित करेगा। सनातनवादी विकासः पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है कि चारों ओर से वरण अथवा आवरण अथवा भरण करना। वैदिक विचारधारा के अनुसार, पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) ही जीवन का आधार है जो सह-अस्तित्व का भाव लिए समस्त जीवों की आवश्यकताओं की पूर्ती करते हुए, सम्पूर्ण जैव मंडल को एक सुदृढ़ सुरक्षा कवच भी प्रदान करते हैं। वेदों में पर्यावरण को निर्जीव या भोग्य वस्तु नहीं अपितु ईश्वर का साक्षात रूप एवं प्राणदाता माना गया है। जैसा कि अथर्ववेद में वर्णित श्लोक माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याःह्व में पृथ्वी को माता और स्वयं को इसके पुत्र का दर्जा दिया गया है, साथ ही आकाश को पिता की संज्ञा दी गयी है। यह श्लोक पृथ्वी के साथ भावनात्मक और आध्यात्मिक सम्बन्ध स्थापित करता है इस प्रकार वेदों में पर्यावरण संरक्षण और संतुलन के लिए प्रकृति के प्रति असीम सम्मान एवं श्रद्धा व्यक्त की गयी है। किन्तु हम प्रकृति से प्राप्त संरक्षण और सुरक्षा को तथाकथित विकास की आड़ में निरंतर नष्ट करने में लगे हुए हैं। सनातनवादी विकास, प्रकृति का शोषण नहीं, बल्कि उसके साथ सामंजस्य बिठाने पर जोर देता है। सनातन संस्कृति यह सिखाती है कि भौतिक विकास बुरा नहीं है, लेकिन उस विकास में संयम और नैतिकता (धर्म) का होना अनिवार्य है। बिना धर्म के भौतिकवादी विकास विनाश का कारण बनता है। भौतिकवादी विकासः हम सभी के लिए यह गौरव का विषय है कि विगत कुछ सदियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव ने अभूतपूर्व प्रगति करते हुए विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं और उद्देश्य मात्र यह रहा कि कैसे मानव जीवन को सुविधाजनक एवं विलासिता पूर्ण बनाया जावे। किंतु विडम्बना यह रही कि इस लक्ष्य को अर्जित करने की चाह में हम आँखे मूँदे, विकास की इस अंधी दौड़ में शामिल हो बैठे। हमने दिन प्रतिदिन शोधित, नवीनतम तकनीक को तथाकथित विकास का एक सरल माध्यम बना डाला। लेकिन यह सब करते समय, उससे होने वाले प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग, पारिस्थितिक असंतुलन जैसे सम्भावित गम्भीर दुष्परिणामों को नजरंदाज किया। हमने प्रकृति द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य संसाधनों का बेतहाशा दोहन किया किंतु इस प्रक्रिया में अपनी जीवनदायिनी धरती माँ की पीड़ा को अनुभव करने का प्रयास नहीं किया। परिणामस्वरूप आज सम्पूर्ण विश्व प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, और मानव सभ्यता स्वयं को इनके समक्ष असहाय अनुभव कर रही है। संभवतः यही कारण है कि भौतिकवादी त्वरित विकास की इस निरंतर दौड़ में विकास शब्द के साथ अनजाने में विनाश शब्द भी जुड़ता चला गया सारांशः परिवर्तन की इस प्रक्रिया में यदि कोई कमी रही तो वह यह है कि हम सनातनवादी से भौतिकवादी होते चले गए। हमने भौतिकवादी होने की चाह में अपनी पुरातन सांस्कृतिक एवं वैदिक विरासत, उत्तम जीवन शैली, परिवार एवं संस्कारों, मूल्यों आदि को कहीं दरकिनार कर दिया। परिणाम स्वरुप समाज के हर वर्ग ने, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों में मानवता, ईमानदारी, गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से समझौता करना आरम्भ कर दिया। जिसकी परिणिति के, आज आप और हम सभी साक्षी हैं। सारांशतः इसी पीड़ा को व्यक्त करती निम्न पंक्तियाँ हैं ःविकास की अंधी दौड़ों में, हम संस्कारों को छोड़ रहे। उड़ने की इक चाहत में, रिश्ते-नाते सब तोड़ रहे।यों रोक नदी धारा को और काट धरा के वृक्षों को, कुल कायनात को नाप रहे, मंगल पर जीवन खोज रहे।पर जीवनदाई माँ वसुधा का, दामन ही हम निचोड़ रहे।है वक़्त अभी भी लौट चलो, लौटा दो सब इस धरती को,जिसे छीन, सभी हम दौड़ रहे।।सुबह का भूला यदि शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते। अतः अभी भी वक्त है कि हम समय रहते अपनी त्रुटियों को पहचानें और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में उनका समुचित समाधान खोजने का सम्मिलित प्रयास करें यथा, शिक्षा, कार्य-क्षेत्र, घर, परिवार, समाज आदि, तो निस्संदेह हम समग्र और चिरस्थायी विकास की ओर बढ़ पाएँगे एवं इस धरती और इसके पर्यावरण को विनाश से बचा पाएंगे।

## राजनीति का बदलता स्वरूप - जब विचारधारा इंसानियत पर भारी पड़ने लगे

**जिनमें राजनीति का विशेष स्थान है। राजनीति का मूल उद्देश्य समाज और राज्य के हित में ऐसी व्यवस्था स्थापित करना था जिससे न्याय, समानता, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित हो सके। प्राचीन भारतीय चिंतन में राजनीति को राजधर्म का अंग माना गया, जिसका केंद्र बिंदु जनकल्याण था। किन्तु वर्तमान समय में राजनीति का स्वरूप तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। अब राजनीति केवल शासन चलाने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी पैठ बना चुकी है। स्थिति यह है कि परिवारों से लेकर मित्रताओं तक, कार्यालयों से लेकर सामाजिक संगठनों तक, और यहां तक कि न्याय तथा शिक्षा जैसी संस्थाओं तक राजनीतिक सोच और राजनीतिक पक्षधरता का प्रभाव दिखाई देने लगा है। समस्या राजनीति के अस्तित्व में नहीं है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीति विचारों के स्तर से निकलकर व्यक्ति के चरित्र का स्थायी हिस्सा बन जाती है। जब कोई व्यक्ति स्वयं को किसी विचारधारा, दल या नेता से इस सीमा तक जोड़ लेता है कि वह सत्य, न्याय और मानवता से अधिक महत्व अपने राजनीतिक पक्ष को देने लगे, तब राजनीति समाज के लिए विषधर का रूप धारण कर लेती है।**






जितेन्द्र कुमार सिन्हा

लेखक

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। उसका जीवन केवल उसके व्यक्तिगत अस्तित्व तक सीमित नहीं होता है, बल्कि परिवार, समाज, राष्ट्र और सम्पूर्ण मानवता से जुड़ा होता है। इन्हीं संबंधों और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न प्रकार की नीतियाँ और व्यवस्थाएँ विकसित हुईं, जिनमें राजनीति का विशेष स्थान है। राजनीति का मूल उद्देश्य समाज और राज्य के हित में ऐसी व्यवस्था स्थापित करना था जिससे न्याय, समानता, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित हो सके। प्राचीन भारतीय चिंतन में राजनीति को राजधर्म का अंग माना गया, जिसका केंद्र बिंदु जनकल्याण था। किन्तु वर्तमान समय में राजनीति का स्वरूप तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। अब राजनीति केवल शासन चलाने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी पैठ बना चुकी है। स्थिति यह है कि परिवारों से लेकर मित्रताओं तक, कार्यालयों से लेकर सामाजिक संगठनों तक, और यहां तक कि न्याय तथा शिक्षा जैसी संस्थाओं तक राजनीतिक सोच और राजनीतिक पक्षधरता का प्रभाव दिखाई देने लगा है। समस्या राजनीति के अस्तित्व में नहीं है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीति विचारों के स्तर से निकलकर व्यक्ति के चरित्र का स्थायी हिस्सा बन जाती है। जब कोई व्यक्ति स्वयं को किसी विचारधारा, दल या नेता से इस सीमा तक जोड़ लेता है कि वह सत्य, न्याय और मानवता से अधिक महत्व अपने राजनीतिक पक्ष को देने लगे, तब राजनीति समाज के लिए विषधर का रूप धारण कर लेती है। आज यही स्थिति हमारे सामने खड़ी है। राजनीति शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- राज और नीति। अर्थात राज्य को चलाने की नीति। इसका उद्देश्य समाज को दिशा देना, संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण करना और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना था। भारतीय इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जहाँ राजनीति जनसेवा का पर्याय थी। राजा को प्रजा का पालक माना जाता था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर महात्मा गांधी के विचारों तक राजनीति का मूल आधार लोककल्याण ही रहा। महात्मा गांधी ने कहा था कि ह्लराजनीति धर्म से अलग नहीं हो सकती, क्योंकि धर्म का अर्थ मानवता और नैतिकता है।ह्व लेकिन आज राजनीति का अर्थ बदल चुका है। अब राजनीति का संबंध अक्सर सत्ता, प्रभाव, प्रचार और व्यक्तिगत हितों से जोड़कर देखा जाने लगा है। राजनीतिक दलों का समर्थन करना या किसी विचारधारा से सहमत होना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन जब यह समर्थन अंधभक्ति में बदल जाता है, तब समस्या शुरू होती है। आज कई लोग सत्य और असत्य का निर्णय तथ्यों के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर करते हैं कि बात उनके पसंदीदा नेता या दल के पक्ष में है या विरोध में। लोकतंत्र में विभिन्न विचारधाराओं का होना आवश्यक है। विविधता लोकतंत्र की शक्ति है। लेकिन जब विचारधारा व्यक्ति की पहचान बन जाती है, तब वह अन्य सभी मानवीय गुणों पर हावी होने लगती है। आज व्यक्ति का मूल्यांकन उसके चरित्र, ईमानदारी, परिश्रम और व्यवहार से कम तथा उसकी राजनीतिक निष्ठा से अधिक किया जाने लगा है। यदि कोई व्यक्ति आपके राजनीतिक विचारों से सहमत है, तो वह अच्छा माना जाता है। यदि असहमत है, तो उसकी हर अच्छाई भी संदेह के घेरे में आ जाती है। यह प्रवृत्ति समाज के लिए अत्यंत खतरनाक है क्योंकि इससे व्यक्ति स्वतंत्र सोचने की क्षमता खो देता है। वह यह नहीं सोचता कि क्या सही है और क्या गलत। वह केवल यह सोचता है कि उसके पक्ष ने क्या कहा है। सभ्यता का विकास सत्य की खोज के कारण हुआ है। वैज्ञानिक खोजों से लेकर सामाजिक सुधारों तक, हर परिवर्तन सत्य को स्वीकार करने की क्षमता के कारण संभव हुआ। लेकिन वर्तमान समय में सत्य स्वयं संकट में दिखाई देता है। अब सत्य का मूल्य उसकी वास्तविकता से नहीं, बल्कि उसके राजनीतिक उपयोग से तय किया जाता है। यदि कोई तथ्य हमारे पक्ष में हो तो वह सत्य है। यदि वही तथ्य विरोधी पक्ष के पक्ष में चला जाए तो वह झूठ, षड्यंत्र या प्रचार बन जाता है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। क्योंकि जब समाज सत्य से दूर होने लगता है, तब न्याय कमजोर पड़ जाता है और विवेक समाप्त होने लगता है। सत्य को स्वीकार करने का साहस लोकतंत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है। लेकिन आज सत्य से अधिक महत्वपूर्ण राजनीतिक सुविधा बन गई है। कभी परिवार वह स्थान था जहाँ विभिन्न विचारों के लोग भी प्रेमपूर्वक रहते थे। मतभेद होते थे, लेकिन मनभेद नहीं होते थे। आज स्थिति बदल रही है। राजनीतिक बहसें परिवारों को विभाजित कर रही हैं। मित्रताएँ टूट रही हैं। रिश्तेदारों के बीच दूरी बढ़ रही है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। एक पोस्ट, एक टिप्पणी या एक राजनीतिक मतभेद वर्षों पुराने संबंधों को समाप्त कर देता है। लोग अब यह नहीं देखते कि सामने वाला व्यक्ति वर्षों से उनका मित्र या परिजन है। वे केवल यह देखते हैं कि उसकी राजनीतिक सोच क्या है। यह स्थिति सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही है। समाज केवल विचारों से नहीं, बल्कि संबंधों से बनता है। जब संबंध कमजोर पड़ते हैं, तब समाज भी कमजोर हो जाता है।

## सुरक्षित मातृत्व की ओर भारत की यात्रा का गतिवर्द्धन



जगत प्रकाश नड्डा

हर सुरक्षित गर्भ राष्ट्र की अपनी महिलाओं के लिए प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। हमारे देश के हर साल लगभग 2.9 करोड़ गर्भधारण होते हैं। इस बड़े पैमाने पर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए मजबूत स्वास्थ्य तंत्रों, निरंतर राजनीतिक प्रतिबद्धता, समय पर हस्तक्षेप और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक न्यायसंगत पहुंच की जरूरत है। पिछले दशक में देश में मातृत्व से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय कमी आई है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। इस प्रगति का आधार मातृत्व स्वास्थ्य में निरंतर निवेश, सेवा डिलीवरी प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक भागीदारी है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता रखी है कि हर महिला को उसकी समूची गर्भावस्था के दौरान गुणवत्तापूर्ण देखभाल मिल सके। इस कायाकल्प के केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) है। यह अभियान पिछले 10 वर्षों से देश भर में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दे रहा है। पीएमएसएमए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की कल्पना है जिसे 9 जून 2016 को शुरू किया गया था। यह सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भ की दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान हर महीने के नौवें दिन मुफ्त सुनिश्चित, समग्र और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल सेवाएं मुहैया कराने का राष्ट्रव्यापी अभियान है। यहां हर माह के नौवें दिन के चयन का एक गहरा महत्व है। गर्भावस्था नौ बेशकीमती महीनों की यात्रा है। इनमें से हर माह नई उम्मीद, अनुमान और जिम्मेदारी लेकर आता है। हर महीने का नौवां दिन मातृ स्वास्थ्य को समर्पित कर पीएमएसएमए यह याद दिलाता है कि प्रत्येक गर्भावस्था स्वस्थ शिशु के सुरक्षित आगमन तक सभी नौ महीनों में निरंतर देखभाल, निगरानी और सहायता की हकदार है। मातृ स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि कोई भी गर्भावस्था जोखिम से पूरी तरह मुक्त नहीं होती। आज सामान्य दिखाई देने वाली गर्भावस्था में कल गंभीर जटिलताएं विकसित हो सकती हैं। पीएमएसएमए में यह स्वीकार किया गया है कि कोई भी गर्भावस्था बिना किसी चेतावनी के उच्च जोखिम वाली बन जा सकती है। लिहाजा, इस अभियान में जोखिमों की जल्दी पहचान कर उनकी नजदीकी निगरानी तथा समय पर निर्देशन और प्रबंधन सुनिश्चित करने का सरल लेकिन परिवर्तनकारी दृष्टिकोण अपनाया गया है। उच्च जोखिम वाली हर चिह्नित गर्भावस्था माता की जान बचाने तथा समयपूर्व प्रसव, शिशु में जटिलताओं या जीवन पर्यंत विकलांगता को रोकने का एक अवसर है। इस अभियान में जटिलताओं के उपचार के बजाय उनकी रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस तरह इसने भारत के मातृ स्वास्थ्य देखभाल तंत्र को मजबूत कर करोड़ों महिलाओं के लिए गर्भावस्था को सुरक्षित बनाया है। पीएमएसएमए की प्रमुख विशेषताओं में से एक निर्धारित दिन को संस्थागत रूप देकर विशेषज्ञ के नेतृत्व में प्रसवपूर्व सेवा सुनिश्चित करना है। इससे देश भर में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में अनुमानेयता, जवाबदेही और निरंतरता आई है। इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की लगभग 25 उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था स्थितियों के लिए जांच की जाती है। इनमें खून की गंभीर कमी, उच्च रक्तचाप, गर्भकालीन मधुमेह, संक्रमण और अन्य ऐसी जटिलताओं की जांच शामिल है जिनके पता नहीं चलने पर माता और शिशु का जीवन जोखिम में पड़ सकता है। चूंकि इस बात के साक्ष्य सामने आए कि गर्भधारण के ज्यादा जोखिम वाले मामलों में पीएमएसएमए के तहत किसी विशेषज्ञ/चिकित्सक द्वारा नियमित प्रसव पूर्व जांच के बाद भी निरंतर निगरानी की आवश्यकता होती है, इसलिए भारत सरकार ने 2022 में विस्तारित पीएमएसएमए (इ-पीएमएसएमए) की शुरूआत करके इस कार्यक्रम को और अधिक बेहतर बनाया है।ई-पीएमएसएमए के तहत, ज्यादा जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को नियमित पीएमएसएमए जाँच के अलावा अतिरिक्त चिकित्सीय सलाह (फॉलो-अप विज़िट) की सुविधा भी मिलती हैं, ताकि सुरक्षित डिलीवरी तक समय पर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। इस पहल के अंतर्गत उच्च जोखिम वाली गर्भधारण की नाम-आधारित ट्रैकिंग शुरू की गई है और प्रसव के बाद 45 दिन तक फॉलो-अप परामर्श के लिए इसे बेहतर किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कमजोर स्थिति वाली महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के तुरंत बाद की कुछ अवधि के दौरान निरंतर देखभाल मिलती रहे।

# 17-18 जून को सभी प्रखंडों में लगेगा 'जनकल्याण शिविर', डीएम ने तैयारियों में तेजी लाने का दिया निर्देश

■ न्यायालयी मामलों के त्वरित निष्पादन व जनकल्याण योजनाओं की मॉनिटरिंग पर डीएम सख्त

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यों, लंबित मामलों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को न्यायालयों में लंबित मामलों से संबंधित स्टेटमेंट ऑफ फैक्ट्स समयबद्ध रूप से दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि न्यायिक मामलों के निष्पादन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विभाग नियमित रूप से न्यायालयी मामलों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। बैठक में पंचायत स्तर पर आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पादन किया जाए, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों की सुविधा के लिए 16 जून से सभी नगर निकायों में वार्डवार सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लोगों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा।

बैठक के दौरान 17 एवं 18 जून 2026 को राज्य के सभी 534 प्रखंडों में आयोजित होने वाले ह्वप्रखंड सहयोग-सह-जनकल्याण शिविरह्व की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि अधिकाधिक पात्र लाभार्थी शिविर का लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी वरीय प्रभारी पदाधिकारियों को शिविर की सतत मॉनिटरिंग करने, आवेदन प्राप्ति, लंबित मामलों के निष्पादन, लाभ वितरण एवं व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के अंतर्गत आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी लंबित मामलों का निपटारा एवं लाभ वितरण किया जाएगा। शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, जीविका समूह सेवाएं, पीएम स्वनिधि योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, भवन निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाएं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक योजना के लिए अलग काउंटर स्थापित किए जाएं, हेल्प डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित हो तथा लाभार्थियों को आवेदन एवं दस्तावेजीकरण में हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी जुड़े रहे।

## जनता दरबार में गूंजे जमीन, बिजली और भू-अर्जन के मुद्दे, डीएम ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने स्वयं उपस्थित होकर 70 लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाला जनता के दरबार में जिलाधिकारीह्व कार्यक्रम प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन रहा है। जनता दरबार में सर्वाधिक मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित प्राप्त हुए। जलालपुर के एक आवेदक ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी जलालपुर एवं थाना प्रभारी कोपा को संयुक्त रूप से जांच कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। लहलादपुर के एक आवेदक ने अपनी निजी जमीन पर अनुपयोगी बिजली खंभा हटाने की मांग की। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति को स्थल जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, लहलादपुर के ही एक अन्य मामले में जमीन की मापी लंबित रहने की शिकायत पर संबंधित अंचलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया गया। गड़खा के एक आवेदक ने बाईपास परियोजना में भूमि अधिग्रहण के बावजूद स्पष्ट नोटिस नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मामले की सुनवाई कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। तरैया के एक फरियादी ने बताया कि नए घर तक बिजली पहुंचाने के लिए उन्हें बांस के सहारे तार ले जाना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर बिजली पोल लगाने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। दिघवारा के एक आवेदक ने अनुकंपा के आधार पर जनवितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति के लिए दिए गए आवेदन के लंबित होने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आगामी जिला अनुकंपा समिति की बैठक में इस मामले को शामिल कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित कराया जाए। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य मामलों में भी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया।

# खरीफ महाभियान-2026 को सफल बनाने में जुटा कृषि विभाग, किसानों को आधुनिक खेती अपनाने का आह्वान

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के अंतर्गत सोमवार को स्थानीय भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी, छपरा में जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीसी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग को राज्य स्तर से प्राप्त सभी लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करना प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि पदाधिकारियों एवं प्रसार कर्मियों से किसानों तक योजनाओं और नई तकनीकों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। डीडीसी ने रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति को सुरक्षित रखेगी, बल्कि किसानों की लागत भी कम करेगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने खरीफ मौसम में धान बीज वितरण, प्रत्यक्षण कार्यक्रम तथा कृषि योजनाओं की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र माँझी के वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान ने किसानों के लिए हरी खाद, जलवायु अनुकूल खेती एवं धान की सीधी बुआई तकनीक की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बताया कि किसान ढैंचा, सनई और मूंग जैसी फसलों का उपयोग हरी खाद के रूप में करें। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है, यूरिया की बचत होती है तथा उत्पादन लागत में कमी आती है। मूंग की खेती से किसानों को अतिरिक्त दाल उत्पादन का भी लाभ मिलेगा। कार्यशाला में नाबार्ड, इफको, जिला उद्योग केंद्र, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, कृषि अभियंत्रण, पौधा संरक्षण एवं बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों ने भी भाग लिया और किसानों तक विभिन्न सरकारी योजनाओं को पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती तकनीकों को अपनाकर खेती को लाभकारी बनाएं। कार्यक्रम में उप परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल ने उच्च शिक्षा मंत्री से मिलकर जलालपुर मे डिग्री कॉलेज खोलने का सौंपा मांगपत्र

प्रात: किरण संवाददाता



जलालपुर। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल ने पटना मे उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाईगर से मुलाकात किया।उन्होंने जलालपुर मे एक डिग्री कालेज स्थापित करने के लिए मांग पत्र उन्हे सुपुर्द किया। उन्होंने बताया कि जलालपुर किसी भी डिग्री कालेज या छपरा शहर मुख्यालय से पंद्रह किलोमीटर दूर है। यहां के युवाओ को स्नातक व स्नात्तकोत्तर करने के लिए काफी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे खासकर छात्राओं को काफी परेशानी होती है। उन्होने पत्र के माध्यम से बताया हैकि डिग्री कालेज खोलने के लिए जलालपुर मे पर्याप्त संसाधन मौजूद है। जिस पर माननीय मंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। बाद मे उन्होंने विभागीय सचिव से मुलाकात कर उन्हे भी पत्र की एक प्रति आग्रह के साथ सौंपी।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक की हुई मौत

दरियापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के मानपुरा गांव के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।मृतक डेरनी थाना क्षेत्र के ककरहट ऊसर टोला निवासी मैनेजर राय का 25 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार बताया जाता है।घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मृतक डंफर चलाने का काम करता था,और मानपुरा चंवर से मिट्टी कटाई हो रही थी।इसी बीच रविवार की देर रात सड़क किनारे ही सो गया था।इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल कर फरार हो गया।जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की पत्नी ब्यूटी कुमारी तथा माता सविता देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया।मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था,और दो साल पूर्व ही उसकी शादी हुई थी।घर में सभी को रोते देख उसकी चार माह की बच्ची भी रो रही थी।वहीं घटनास्थल पर स्थानीय मुखिया सुनील कुमार यादव तथा सरपंच अमित कुमार पहुंच कर जानकारी ली।इसके बाद शव को पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया गया।

### गंडक नदी में डूबने से एक युवक की हुई मौत

दरियापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के दरिहरा चतुर्भुज गांव के समीप स्थित गंडक नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।जबकि दो अन्य को ग्रामीणों ने बचा लिया।मृतक का नाम दरिहरा चतुर्भुज गांव के ही रामदयाल राय का 22 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार उर्फ लालू राय बताया जाता है।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि वह गंडक नदी में अपने चार पांच साथियों के साथ नहाने गया था।गंडक नदी में पानी ज्यादा आ जाने के कारण लहरे तेज थी।जिसके धारा में तीन साथी बहने लगे।अन्य दोस्तों ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को गंडक नदी से निकाल लिया।जिसमें एक की मौत हो गई वही दो को ग्रामीणों व साथियों ने बचा लिया।मृतक धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। लेकिन परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर पहुंचे।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# मैनकाइंड एग्रीटेक के प्रशिक्षण सम्मेलन में किसानों के हितों पर मंथन

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा (सारण)। मैनकाइंड एग्रीटेक द्वारा छपरा में एक दिवसीय विक्रेता प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कृषि विक्रेताओं की भूमिका किसानों को सही दिशा देने में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि डीलर किसानों के साथ समन्वय बनाकर वैज्ञानिक खेती और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी देंगे, तो किसान रासायनिक दवाओं और उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं रसायन-मुक्त खेती की ओर अग्रसर होंगे। इससे खेती की लागत घटेगी और मिट्टी की उर्वरता भी सुरक्षित रहेगी। मैनकाइंड एग्रीटेक के मुख्य वक्ता अभिषेक कुमार सिंह ने कंपनी के नवीनतम कृषि उत्पादों एवं उनके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को सही समय पर उचित सलाह और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराना ही बेहतर उत्पादन की कुंजी है। उन्होंने विक्रेताओं से किसानों के बीच तकनीकी जानकारी के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राकेश कुमार एवं उपेन्द्र कुमार ने तकनीकी सत्रों का संचालन करते हुए उत्पाद की गुणवत्ता, भंडारण प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय तथा उन्नत कृषि तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विक्रेताओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। सम्मेलन में रजनीश फर्टिलाइजर, एकमा (सारण) के प्रोपराइटर सीताराम सिंह सहित जिले के कई प्रमुख कृषि विक्रेता एवं डीलर उपस्थित रहे। हिंदुस्तान फर्टिलाइजर के मेराज जी, अभिषेक जी तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि कृषि क्षेत्र में बदलती चुनौतियों के बीच तकनीकी जानकारी और गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों, विक्रेताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बिजली नहीं रहने से सड़क किनारे सो रहे लोगों पर चढ़ा ट्रैक्टर, सात घायल

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिले के मशरक नगर पंचायत क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तख्त दलित टोला में बिजली नहीं रहने और भीषण गर्मी से परेशान होकर सड़क किनारे सो रहे लोगों को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इस हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मशरक ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, तख्त दलित टोला का ट्रांसफार्मर कई दिनों से जला हुआ है, जिसके कारण इलाके में बिजली आपूर्ति ठप है। उमस भरी गर्मी और बिजली नहीं रहने से परेशान लोग अपने घरों के बाहर सड़क किनारे नाले के ऊपर बने स्थान पर सोए हुए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रहा एक ट्रैक्टर घुमावदार सड़क पर चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क किनारे सो रहे लोगों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। इसी दौरान वहां से गुजर रहे नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महतो भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सीएचसी मशरक पहुंचाया। घायलों में तख्त दलित टोला निवासी लव कुश ठाकुर की पांच वर्षीय पुत्री माही कुमारी, स्वर्गीय सुखदेव राम की 70 वर्षीय पत्नी गुलपति देवी, विक्रमा ठाकुर की 70 वर्षीय पत्नी कादित देवी, उनका 17 वर्षीय पुत्र राजा ठाकुर, पवन ठाकुर की 20 वर्षीय पत्नी काजल देवी, दिनेश ठाकुर का 25 वर्षीय पुत्र पवन ठाकुर तथा स्वर्गीय विक्रमा ठाकुर का 28 वर्षीय पुत्र लव कुश ठाकुर शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद मशरक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। हालांकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर पानापुर थाना क्षेत्र के रसौली गांव स्थित एक टेंट हाउस का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है। इस हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# नगरपालिका उपचुनाव को लेकर ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच पूरी

■ बेल निर्मित एम2 मॉडल की 40 सेट मशीनों की हुई सूक्ष्म जांच, 6 मतदान केंद्रों पर होगा उपयोग

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। बिहार नगरपालिका उप निर्वाचन की तैयारियों के तहत सोमवार को जिला स्कूल परिसर स्थित चिन्हित वेयरहाउस में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड निर्मित एम 2 मॉडल की ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार के निर्देशानुसार 40 सेट मशीनों अर्थात 40 बैलेट यूनिट एवं 40 कंट्रोल यूनिट की विस्तृत तकनीकी जांच की गई। बेल के अभियंता असलम ने मास्टर प्रशिक्षकों की सहायता से मशीनों की सूक्ष्मता से जांच-पड़ताल की। एफएलसी प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व सुरक्षा मानकों के अनुरूप वेयरहाउस खोला गया। इसके बाद मशीनों की क्रमवार तकनीकी जांच की गई। जांच के दौरान मशीनों को भौतिक रूप से दुरुस्त किया गया तथा खराब या क्षतिग्रस्त पार्ट्स को बदला गया। बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को जोड़कर उनकी कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। जांच के क्रम में कंट्रोल यूनिट के कैंडिडेट सेट, क्लोज, रिजल्ट, क्लियर एवं बैलेट बटन की सक्रियता की जांच की गई। साथ ही बिजी लैंप, बीप साउंड, ग्रीन एलईडी लाइट एवं ऑन-ऑफ स्विच की कार्यशीलता को भी परखा गया। वहीं बैलेट यूनिट में रेडी ग्रीन एलईडी, रेड एलईडी, सभी 16 बटन, वायर, लैचेज एवं बैलेट पेपर कम्पार्टमेंट स्क्रीन की भी गहन जांच की गई।

### विक्की कुमार को मारपीट कर जख्मी करने का आरोप

मकेर / थाना क्षेत्र के तारा अमनौर ग्राम निवासी विकी कुमार सिंह ने मकेर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराया है जिसमे उन्होंने आरोप लगाया है कि उसी गांव के रंजन कुमार ठाकुर ,उमेश ठाकुर ने मिलकर गाली गलौज किया फिर मना करने पर रद से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया है । वही साजिश रचकर कर पिटाई कराने वाले सुभाष सिंह है ।उक्त घटना तारा अमनौर बाजार की है । उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है साथ ही साजिश रचने वाले को एवम मारपीट करने वाले को यथा शीघ्र हिरासत में लेकर जेल भेजा जाए ।फिलहाल पुलिस ने आवेदन पत्र पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई है ।

# सारण के रंग पुरोधाओं को सामूहिक श्रद्धांजलि देगा 'बिपिन बिहारी श्रीवास्तव नाट्योत्सव 2026'

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।सारण प्रमंडल के दिवंगत रंगकर्मियों की स्मृति को समर्पित ह्वबिपिन बिहारी श्रीवास्तव नाट्योत्सव 2026ह्व का आयोजन रंगकर्मी एवं फिल्मकार स्वर्गीय बिपिन बिहारी श्रीवास्तव की जयंती के अवसर पर 9 जून 2026 को भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह, छपरा में किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में दोपहर 4 बजे से श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी, जिसमें स्व. बिपिन बिहारी श्रीवास्तव सहित सारण प्रमंडल के 76 सूचीबद्ध दिवंगत रंगकर्मियों तथा सैकड़ों गुमनाम रंग साधकों को सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह आयोजन सारण की रंग परंपरा के उन पुरोधाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जिन्होंने अपने जीवन को कला और संस्कृति के लिए समर्पित किया। दूसरे सत्र में शाम 6 बजे से रंग श्रद्धांजलि के अंतर्गत नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। इस क्रम में छपरा इप्टा द्वारा युद्ध विरोध, शांति, अमन और मानवता का संदेश देने वाला रामधारी सिंह दिनकर कृत ह्वरश्मिरथीह्व प्रस्तुत किया जाएगा, जिसका नाट्यांतरण निर्देशन और रंग परिकल्पना डॉ. अमित रंजन ने किया है और संगीत कंचन और टुन्नू तनहा ने दिया है। नाटक में मनोरंजन पाठक, अमित रंजन, कंचन बाला, प्रशांत चेतन, शैलेन्द्र कुमार शाही, पंकज कुमार, मृणाभ, अभिलाषा मिश्रा, आयुषी परासर, शालनी इत्यादि मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अतिरिक्त बिहार सिनेमा एवं सांस्कृतिक समिति, गोपालगंज द्वारा ह्वभीष्म : एक योद्धा झ ना भूतो ना भविष्यतिह्व नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के लेखक धनंजय चौबे तथा निर्देशक अनिकेत मिश्रा हैं। कार्यक्रम में नृत्य एवं गीत की विशेष प्रस्तुतियाँ भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नाट्योत्सव का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सारण, श्री पुनीत कुमार गर्ग करेंगे। वहीं जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमेन्द्र रंजन बाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रशासनिक पदाधिकारी, वरिष्ठ रंगकर्मी, अधिवक्ता पत्रकार तथा विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित अतिथि भी शामिल होंगे। नाट्योत्सव के संरक्षक विधान पार्षद प्रो. वीरेन्द्र नारायण यादव तथा आयोजक डॉ. अमित रंजन ने सारण प्रमंडल के कला एवं संस्कृति प्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर रंगमंच के पुरोधाओं को श्रद्धासुमन अर्पित करने तथा उत्कृष्ट नाट्य, गीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों का आनंद लेने की अपील की है।

# पैट 2024 की नामांकन प्रक्रिया शीघ्र की जाएगी प्रारंभ: कुलपति

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा सदर। पैट 2024 की नामांकन प्रक्रिया भी विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में जारी नए दिशा-निर्देशों के अनुरूप शीघ्र प्रारम्भ की जाएगी।उक्त बाते जे पी यू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई ने प्रेस वार्ता में कही सोमवार को जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई के द्वारा प्रेस वार्ता करते हुए बताया गया कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रारम्भ की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अधिक सुविधा प्रदान करना तथा नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाना है।समर्थ पोर्टल शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है, जिसे वर्ष 2019 में राष्ट्रीय शिक्षा मिशन तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के अंतर्गत प्रारम्भ किया गया था। यह विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों को शैक्षणिक तथा प्रशासनिक सेवाओं की योजना, प्रबंधन, क्रियान्वयन और निगरानी के लिए एक व्यापक क्लाउड आधारित ई आर पी प्रणाली उपलब्ध कराता है। विश्वविद्यालय द्वारा सी बी सी एस सत्र 2026-30 के अंतर्गत स्नातक नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इसके लिए आवेदन 16 मई 2026 से प्रारम्भ हुआ था और अब तक 25 हजार से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं।

# आकाश इंस्टीट्यूट छपरा की अनूठी पहल: शहर के टॉप स्कूलों के 100 से अधिक छात्र 'समर इंटर्नशिप' में ले रहे हैं निःशुल्क शिक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। गर्मियों की छुट्टियों को रचनात्मक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से आकाश इंस्टीट्यूट, छपरा (ऑफलाइन सेंटर) द्वारा एक शानदार समर इंटर्नशिप कैंप का आयोजन किया गया है। इस विशेष कैंप में शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों सीसीएस , सीपीएस एचआर इंपीरियल, ब्रजकिशोर एवं दून पब्लिक स्कूल के 100 से अधिक छात्र-छात्राएं बेहद उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। संस्थान द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत यह पूरा इंटर्नशिप प्रोग्राम हर छात्र के लिए पूरी तरह से निःशुल्क आयोजित किया गया है, ताकि बच्चों को नई स्किल्स, आत्मविश्वास और एक बेहतर भविष्य की दिशा मिल सके। यह स्पेशल कैंप छः मई से शुभारंभ हो चुका पांच प्रमुख विषयों पर दिया जा रहा है विशेष ध्यान इस समर इंटर्नशिप के दौरान छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पांच अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आर्ट और पेंटिंगः ड्राइंग, क्रिएटिविटी, कलर थ्योरी और आर्ट टेक्निक्स।

विज्ञान : कंप्यूटर बेसिक्स, मजेदार एक्सपेरिमेंट्स, साइंस एंड स्किल्स, बेसिक डिटेक्शन और इनोवेशन।

गणित कांसेप्ट बिल्डिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग, स्पीड और एक्यूरेसी, लॉजिकल रीजनिंग और ओलंपियाड की तैयारी। सामाजिक विज्ञान इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र और मैप स्किल्स। तथा स्पोकन इंग्लिशः व्याकरण, बोलचाल, उच्चारण, कम्युनिकेशन स्किल्स और आत्मविश्वास विकास। इस संबंध में जानकारी देते हुए ब्रांच हेड एम आजाद अली ने बताया कि अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों का भविष्य संवर रहा है। छात्रों को निःशुल्क शिक्षा और सही दिशा देने के लिए आकाश इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञ शिक्षक दिन-रात जुटे हुए हैं। यह पूरा कैंप इंग्लिश टीचर धर्मेंद्र कुमार ओझा, केमिस्ट्री फैकल्टी शिवचंदन सिंह, ब्रांच हेड, एकेडमिक हेड अजय कुमार और गणित व रीजनिंग शिक्षक नितेश रंजन के कुशल मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। आकर्षक पुरस्कार और सर्टिफिकेट-कैंप के समापन पर सभी सहभागी छात्रों को मात्र 99 के आंशिक शुल्क पर आधिकारिक सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को आकर्षक अवॉर्ड्स (पुरस्कारों) से भी नवाजा जाएगा।

# नियमित टीकाकरण को सशक्त बनाने के लिए एएनएम और आशा फेसिलिटेटरों का प्रशिक्षण आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं सर्वसुलभ बनाने के उद्देश्य से डिजिटल माइक्रो प्लान तैयार करने की नई पहल शुरू की गई है। इसी कड़ी में बगहा और वाल्मीकिनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एएनएम एवं आशा फेसिलिटेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 42 एएनएम एवं आशा फेसिलिटेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे तक टीकाकरण सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना तथा किसी भी बच्चे को नियमित टीकाकरण से वंचित न रहने देना है। डिजिटल माइक्रो प्लान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण योग्य बच्चों का सटीक आंकड़ा तैयार कर उनके समय पर टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के.बी.एन. सिंह ने की। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को विभिन्न जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। डिजिटल माइक्रो प्लान से टीकाकरण कार्यक्रम की निगरानी और क्रियान्वयन में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता आएगी।प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ सहयोगी संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ ) की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षण सत्र का संचालन एवं मार्गदर्शन डब्ल्यूएचओ मॉनिटर एवं ट्रेनर रजनीश कुमार द्वारा किया गया।

### मारपीट में तीन को किया जख्मी, प्राथमिकी दर्ज

मशरक। मशरक तख्त गांव में अपने घर पर कार्य करा रहे पिता पुत्र सहित तीन को मारपीट कर जख्मी करने से पूरा परिवार दहशत में है। जख्मी सभी की चिकित्सा सीएचसी मशरक में कराई गई । घटना को लेकर मशरक स्टेशन रोड निवासी जख्मी राजेश कुमार ने मशरक थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें कहा गया है कि मशरक तख्त गांव अवस्थित अपने जमीन पर पिता एवं भाई के साथ मकान का काम करा रहे थे तभी संतोष कुमार सहित आधे दर्जन लोग लाठी डंडा , लोहे के राड एवं चाकू से हमला बोल दिए । सभी घर छोड़कर भागने की बात कह रहे थे। मेरे साथ पिता शिव कुमार साह , छोटे भाई राकेश कुमार को बुरी तरह से जख्मी कर दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### ईज ऑफ लिविंग के तहत कोईलवर अंचल हुई जन सुनवाई

कोईलवर। आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से कोईलवर अंचल कार्यालय में ईज ऑफ लिविंग कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने अंचल क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। जनसुनवाई के दौरान एक दर्जन से अधिक लोगों ने भूमि एवं राजस्व से जुड़े विभिन्न मामलों को राजस्व अधिकारी के समक्ष रखा। इनमें मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, जमाबंदी तथा अन्य राजस्व संबंधी समस्याएं शामिल थीं। राजस्व अधिकारी ने प्राप्त आवेदनों और शिकायतों की गंभीरतापूर्वक समीक्षा की। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर लोगों को राहत प्रदान की गई। वहीं जिन मामलों में विस्तृत जांच अथवा अतिरिक्त कार्रवाई की आवश्यकता थी, उनमें संबंधित राजस्व कर्मियों एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।राजभूषण सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारी के समक्ष रखने और त्वरित कार्रवाई होने पर संतोष व्यक्त किया।

### राजकीय डिग्री महाविद्यालय, संदेश में शैक्षणिक गतिविधियों की तैयारियों का निरीक्षण

आरा। आगामी शैक्षणिक सत्र को लेकर राजकीय डिग्री महाविद्यालय, संदेश में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजू मोची एवं बर्सर डॉ. प्रवीण कुमार सिंह ने सोमवार को महाविद्यालय परिसर का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने महाविद्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, संसाधनों एवं आगामी सत्र के सफल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के बैंकिंग कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक, संदेश शाखा में महाविद्यालय का बैंक खाता भी खुलवाया गया। प्राचार्य डॉ. राजू मोची ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा आगामी 1 जुलाई से राज्य के 211 प्रखंडों में उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रारंभ करने की योजना बनाई गई है। इसी योजना के तहत राजकीय डिग्री महाविद्यालय, संदेश में भी शैक्षणिक गतिविधियों की शुरूआत की तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए कक्ष, कैमरा एवं शौचालय के रंग-रोगन का कार्य शुरू हो चुका है। साथ ही जिला प्रशासन ने शौचालय की वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में नए निर्माण का आश्वासन भी दिया है। बर्सर डॉ. प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि महाविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा आगामी सत्र के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

### जगदीशपुर राजेंद्र हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर कार्यक्रम

आरा। जगदीशपुर के दुलौर गांव स्थित राजेंद्र हॉस्पिटल में स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह की 36वीं पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भोजपुर और राजेंद्र हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में भोजपुर, रोहतास और सारण जिले के 25 युवाओं ने रक्तदान की कार्यक्रम की शुरूआत स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ। रक्तदान करने वाले युवाओं को अस्पताल के निदेशक डॉ. अनिल कुमार सिंह, रेड क्रॉस की सचिव विभा कुमारी, समन्वयक दिनेश कुमार मिश्रा तथा सदस्य मोहम्मद शमशाद प्रेम ने प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। संग्रहित रक्त को रेड क्रॉस ब्लड सेंटर आरा में सुरक्षित रखा जाएगा, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके रेड क्रॉस की सचिव विभा कुमारी ने कहा कि 18 से 65 वर्ष तक के स्वस्थ व्यक्ति जांच के बाद रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है और इससे समाज में सेवा की भावना मजबूत होती है। अस्पताल के निदेशक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है।

# समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहार में स्वास्थ्य समिति की समिक्षात्मक बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



सहार। सहार समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डाक्टर मोहन कुमार और संचालन स्वास्थ्य प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा किया गया। समीक्षात्मक बैठक में समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुरक्षा को देखते हुए उसकी चहारदिवारी जल्द से जल्द करने की बात कही गयी। जिस पर चिकित्सा प्रभारी ने बताया की सहार अंचल कार्यालय को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की जमीन का मापी के लिए लिखित आवेदन दिया गया है। वही समिति सदस्य जदयू के राकेश कुमार सोनी और भाजपा के बिजय कुमार निषाद द्वारा सीएचसी का एक्सरे रूम में मरीजों के बैठने के लिए बेंच और चेयर लगाने की बात कही गई। वहीं एक्सरे रूम की सही ठंग से करने, मरीजों को सही ढंग से खाना नहीं मिलने पर खेद व्यक्त किया गया। वहीं स्वास्थ्य केन्द्र मे सभी व्यव्स्था सही करने की मांग किया गया। समीक्षात्मक बैठक में शामिल स्वास्थ्य समिति के सदस्यों में संतोष राय, उमेश अडवाणी, पदाधिकारियों में ऐकाउंटेंट निरंजन कुमार, प्रधान लिपीक मिथलेश कुमार, संजीव कुमार, जय राम सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# ईज ऑफ लिविंग: डीएम ने सुनी 37 लोगों की समस्याएं

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सुशासन की अवधारणा को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को भोजपुर समाहरणालय में ईज ऑफ लिविंग कार्यक्रम के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे कुल 37 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। प्राप्त आवेदनों में राजस्व, भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा, लोक शिकायत, आधारभूत सुविधाएं, सरकारी योजनाओं के लाभ, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य जनसरोकार से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। सुल्तानिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक मामले की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आम लोगों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना है। ईज ऑफ लिविंग की अवधारणा के अनुरूप प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य कर रहा है। जनता दरबार के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन को उम्मीद है कि इस पहल से लोगों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित होगा।

# बालू घाट मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार, जेल



प्रात: किरण संवाददाता

कोईलवर। भोजपुर जिले की चांदी थाना के खनगांव बालू घाट पर मारपीट और रुपये छीनने के मामले में चांदी थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहित कुमार पांडेय के रूप में हुई है, जो कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी विजय शंकर पांडेय का पुत्र है। इस संबंध में चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि खनगांव बालू घाट पर मारपीट की घटना में नामजद आरोपी मोहित कुमार पांडेय को कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पीड़ित अजीत कुमार सिंह ने चांदी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अपने आवेदन में उन्होंने बताया था कि वह खनगांव बालू घाट पर मुंशी के रूप में कार्यरत हैं। आरोप है कि 25 मई की रात मोहित कुमार पांडेय समेत तीन लोगों ने उनके साथ मारपीट की और उनके पैकेट में रखी नकदी छीन ली। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी मोहित कुमार पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है तथा पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# ट्रक चालकों ने रंगदारी देने मना किया, बदमाशों ने कर दी पिटाई, कई घायल ,वीडियो वायरल

प्रात: किरण संवाददाता



कोईलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोईलवर-चांदी पथ पर धनडीहा गांव के समीप ट्रक चालकों से कथित रूप से रंगदारी वसूली का मामला सामने आया है। रंगदारी देने से इनकार करने पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ट्रक चालकों की लाठी-डंडों और बांस-बल्लों से जमकर पिटाई कर दी गई। घटना में कई चालक घायल हो गए, जिनका इलाज कराया गया है। घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है। इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। वीडियो में कुछ युवक लाठी-डंडों और बांस-बल्लों से लैस होकर सड़क से गुजर रहे ट्रक चालकों के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दो चालकों को बुरी तरह पीटते हुए देखा जा सकता है। मारपीट के दौरान एक चालक के सिर में गंभीर चोट लगने के बाद वह सड़क पर गिर पड़ा। आरोप है कि घायल होकर गिर जाने के बाद भी हमलावरों ने उन पर लाठियां बरसाना जारी रखा। घटना में घायल सारण जिले के मशरख थाना क्षेत्र के सरदारगंज निवासी ट्रक चालक राजकुमार राम ने वीडियो जारी कर अपनी आपबीती सुनाई है। उन्होंने बताया कि वह अपने तीन ट्रकों के साथ कोईलवर-चांदी मार्ग से संदेश क्षेत्र में बालू लोड करने जा रहे थे। इसी दौरान धनडीहा गांव के समीप कुछ लोगों ने ट्रकों को रोककर रंगदारी की मांग की। पीड़ित के अनुसार रुपये देने से इनकार करने पर पहले कहासुनी हुई, जो बाद में गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। आरोप है कि तीन-चार युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें तथा उनके साथ मौजूद अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संबंध में राजकुमार राम ने एससी/एसटी थाना में आवेदन देकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पीएनबी सहार का एटीएम पिछले एक माह से खराब



● एटीएम का शटर बंद प्रबंधक का द्वारा कागज पर एटीएम बंद की सूचना सटा

सहार। पंजाब नेशनल बैंक सहार का एटीएम पिछले एक माह से खराब पडा हुआ है। एटीएम का शटर बंद शटर के बाहर प्रबंधक द्वारा एटीएम खराब रहने कागज पर सूचना सटा हुआ है। जिस कारण सहार के उप्भोक्ताओं को काफी परेशानी उठाना पड रहा है। सहार के उप्भोक्ताओ को एटीएम कार्ड से पैसा निकालने के लिए अरवल और बैदराबाद पांच किलोमीटर दुर जा कर पैसा निकासी करने पर मजबूर हो गया है। इस संबंध में पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक गौरव कुमार ने बताया कि मैं तो तीन दिन पहले सहार पंजाब नेशनल बैंक में ज्वाइन किया हुँ। मैने पता किया तो जानकारी प्राप्त हुआ कि एटीएम मशिन पुरी तरह खराब हो गया है। नया एटीएम लगाने के लिए कुछ समान आ गया है। जल्द ही सहार में पंजाब नेशनल का नया एटीएम पुरी तरह लग जाएगा।

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग की पिटाई, इलाज के दौरान मौत

● कोईलवर थाना के महादेवचक गाँव का मामला , जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण संवाददाता



कोईलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के महादेवचक गांव में रविवार देर रात एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक की पहचान महादेवचक गांव निवासी बलिराम महतो (उम्र-65 वर्ष) हैं। वे स्वर्गीय वासुदेव महतो के पुत्र थे। वह पेशे से किसान थे। खेती बाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। बताया जाता है कि उनका गांव के ही कुछ पाटीदारों से करीब दो कट्ठा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिजनों के अनुसार बलीराम महतो रविवार रात भोजन करने के बाद रोज की तरह अपने घर से लगभग 500 मीटर दूरी पर स्थित अपने दलान में सोने चले गए थे। परिजनों का आरोप है कि देर रात विवादित पक्ष के कुछ लोग वहां पहुंचे और उनका मुंह तकिए से दबाकर दलान से कुछ दूरी पर ले गए। इसके बाद उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई तथा धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने डायल-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में बलीराम महतो को इलाज के लिए कोईलवर सीएचसी अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। सोमवार देर शाम बबुरा गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे पांच पुत्र अखिलेश कुमार, मिथिलेश कुमार, कुणाल कुमार, रवि कुमार, रोशन कुमार तथा एक पुत्री रेखा देवी को छोड़ गए हैं। परिवार का भरण-पोषण खेती-किसानी के माध्यम से होता था। मृतक के पुत्र अखिलेश कुमार ने बताया कि उनके पिता का गांव के कुछ लोगों के साथ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण घटना को अंजाम दिए जाने की आशंका है। इस संबंध में कोईलवर थाना अध्यक्ष नरोतमचंद्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। परिजनों द्वारा अभी आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस अपनी ओर से पूरे मामले की जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

# तीन वाहनों से 616 लीटर विदेशी शराब बरामद

● भोजपुर में मद्यनिषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी और वाहन जांच के दौरान विभाग ने तीन वाहनों से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक चालक अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बिहार लाई जा रही है। सूचना के आधार पर निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम गठित कर विभिन्न स्थानों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। पहली कार्रवाई में बक्सर-पटना फोरलेन पर गजराजगंज थाना क्षेत्र स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल के समीप एक एक्सयूवी-500 कार की तलाशी ली गई। वाहन में बनाए गए गुप्त तहखाने से ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की की 112.32 लीटर शराब बरामद की गई। इस मामले में वैशाली जिले के महनार निवासी राम पूजन कुमार और सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई धनगाई थाना क्षेत्र के केशरी मोड़ ताड़ी वाला नहर के समीप की गई। यहां एक मारुति सुजुकी एस-क्रॉस कार से 224.64 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। वाहन चालक राहुल कुमार पाल, निवासी धनरुआ (पटना), को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं तीसरी कार्रवाई सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट के समीप की गई, जहां एक अशोक लेलैंड मैजिक मालवाहक वाहन से तिरपाल के नीचे छिपाकर रखी गई 279.36 लीटर विदेशी शराब और बीयर बरामद की गई। हालांकि वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। मद्यनिषेध विभाग के अनुसार तीनों वाहनों से कुल 3,168 पीस शराब और बीयर बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 616.32 लीटर है। जब्त शराब की अनुमानित बाजार कीमत करीब आठ लाख रुपये बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शराब की खेप उत्तर प्रदेश से पटना ले जाई जा रही थी। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, निरीक्षक अनिल कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा, मदन लाल यादव, धीरज कुमार सहित मद्यनिषेध विभाग, सैप एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे। मद्यनिषेध विभाग ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध जिले में विशेष अभियान लगातार जारी है और भविष्य में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाती रहेगी।

# रोहतास मे शराब छापेमारी के दौरान पुलिस पर महिलाओं से मारपीट का आरोप

आरा। रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र के तिलई गांव में शराब के खिलाफ छापेमारी के दौरान पुलिस टीम पर ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं के साथ मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और पीड़ित परिवारों में आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव में कुछ लोग शराब का अवैध कारोबार कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम गांव में पहुंची लेकिन कार्रवाई के दौरान महादलित परिवार की महिलाओं के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार और मारपीट की गई। घटना में कई महिलाएं घायल हो गईं जिन्हें इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों का कहना है कि पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा भी महिलाओं के साथ मारपीट की गई जिससे स्थिति और बिगड़ गई। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया है कि कार्रवाई के दौरान उनके घरों में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचाया गया। बर्तन,बक्सा और अन्य घरेलू सामान तोड़ दिए जाने से परिवारों को भारी क्षति हुई है। घटना से आक्रोशित महिलाएं शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी कार्यालय भी पहुंचीं और न्याय की गुहार लगाई। उनका कहना है कि बिना उचित जांच के पुलिस ने पूरी तरह से निर्दोष परिवारों को निशाना बनाया। इस मामले पर रोहतास के पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि बिक्रमगंज के एसडीपीओ को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर स्थानीय स्तर पर राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई है। काराकाट के सांसद और भाकपा (माले) नेता ने इस घटना पर चिंता जताते हुए इसे पुलिस की बर्बरता बताया है। उन्होंने कहा कि बिना जांच के महादलित परिवार की महिलाओं के साथ की गई यह कथित मारपीट अत्यंत निंदनीय है और वे इस मुद्दे को लेकर आवाज उठाएंगे।

# पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार में हुई जनसुनवाई

आरा। सोमवार को भोजपुर पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने आम लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे परिवादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को शिकायतों के निष्पक्ष, त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद, साइबर अपराध, लंबित मामलों की जांच सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को मामलों की जांच में तेजी लाने तथा विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित जनता दरबार लोगों को अपनी बात सीधे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करता है। इससे शिकायतों के समाधान में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होती है। जनसुनवाई के दौरान पुलिस के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रोजगार, सिंचाई और नीट पेपर लीक पर गरजे काराकाट सांसद, केंद्र–राज्य सरकार पर साधा निशाना

प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट सांसद सह जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष ने एक प्रेसवार्ता में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाएं देश के लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ हैं। करोड़ों युवा सालों की मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं लेकिन ऐसी घटनाएं उनकी उम्मीदों को तोड़ देती हैं। सांसद ने कृषि योग्य भूमि के अधिग्रहण पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए इसे किसानों के हितों के खिलाफ बताया। साथ ही उन्होंने विपक्षी नेताओं पर हो रही कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए लोकतंत्र और संविधान की रक्षा को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। रोहतास की सिंचाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने सोन नहर प्रणाली के आधुनिकीकरण की मांग उठाई। उनका कहना था कि यदि नहरों का सही तरीके से विकास किया जाए तो जिले की कृषि उत्पादन क्षमता कई गुना बढ़ सकती है। इसके अलावा सांसद ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन करने और मजदूरी दर को 600 रुपये प्रतिदिन तय करने की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि जब तक गांवों में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ेंगे तब तक पलायन की समस्या खत्म नहीं हो सकती। काराकाट से चुनाव लड़ चुके पवन सिंह के भाजपा से संबंधों पर टिप्पणी करते हुए सांसद ने कहा कि उन्हें अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ताकि जनता के बीच किसी तरह का भ्रम न रहे। उन्होंने अंत में कहा कि रोहतास में खेती,सिंचाई और रोजगार के अवसर बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए उनकी लड़ाई सरकार और प्रशासन दोनों के खिलाफ लगातार जारी रहेगी।

# आपूर्ति विभाग जिले में घरेलू गैस की नहीं है : किल्लत

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले में घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने सोमवार को प्रेष विज्ञप्ति जारी कर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी गैस उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी विनय कुमार के अनुसार भोजपुर जिले में गैस आपूर्ति के लिए कुल 30 वितरक कार्यरत हैं। इनमें इंडेन के 15 वितरकों के पास 7,632 सिलेंडर, भारत गैस के 6 वितरकों के पास 2,948 सिलेंडर तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपी) के 9 वितरकों के पास 1,871 सिलेंडर उपलब्ध हैं। इस प्रकार जिले में कुल 12,451 एलपीजी सिलेंडर वितरण के लिए मौजूद हैं। विभाग ने बताया कि वर्तमान में एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी के बाद अगली बुकिंग शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल पर ही की जा सकेगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस एजेंसियों द्वारा नियमित रूप से होम डिलीवरी की जा रही है, इसलिए उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और पैनिक बुकिंग से बचें। किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ता गैस कंपनियों के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही एलपीजी वितरण से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06182-248702 जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त सदर आरा अनुमंडल, पीरो अनुमंडल एवं जगदीशपुर अनुमंडल स्तर पर भी शिकायत निवारण की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोकने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 7 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 3 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं तथा 35 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। सोमवार को भी जिले की 4 गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या की जानकारी प्रशासन को दें।

# रोहतास के नारायण मेडिकल कॉलेज में MBBS छात्र की अचानक मौत से सनसनी, कारणों पर सस्पेंस कायम

रोहतास जिले के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में तृतीय वर्ष के एक टइइर छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे कॉलेज परिसर में हड़कंप और सनसनी फैल गई है। मृतक छात्र की पहचान मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महेसुआ गांव निवासी हिमांशु बिहारी (26 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पिछले तीन वर्षों से मेडिकल कॉलेज में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मृतक के पिता रमन कुमार राणा ने बताया कि उन्हें कॉलेज प्रशासन की ओर से फोन कर सूचना दी गई कि उनके पुत्र की तबीयत अचानक खराब हो गई है और उसका इलाज कॉलेज में ही चल रहा है। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक छात्र की मौत हो चुकी थी। पिता ने बताया कि उनके पुत्र को पहले से किसी प्रकार की कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। अचानक तबीयत कैसे बिगड़ी और किस परिस्थिति में उसकी मौत हुई इस बारे में उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं पोस्टमार्टम कर रहे चिकित्सक डॉ.विनीत आनंद ने बताया कि मेडिकल बोर्ड द्वारा पूरी प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि मौत के कारणों पर स्पष्ट राय पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दी जा सकेगी।

# रोहतास के नोखा में दर्दनाक सड़क हादसा ऑटो पिकअप की टक्कर में एक की मौत पत्नी और बच्चा घायल

प्रात: किरण संवाददाता

रोहतास जिला के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत सतर बिगहवा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप वैन और ऑटो के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान 35 वर्षीय सुशील कुमार यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे अपनी पत्नी और बच्चे के साथ उदयपुर संझौली से धूस गांव से लौट रहे थे तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया और सुशील कुमार यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला और बच्चे को इलाज के लिए सासाराम स्थित सदर अस्पताल भेजा गया जहां उनका उपचार जारी है। दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नोखा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा आरा जाने वाली मुख्य सड़क पर हुआ जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्ड पार्षद डिम्पल कुमार एवं सशक्त स्थायी समिति सदस्य ने युवा एवं खनन मंत्री का किया अभिनंदन

गया जी। बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गया जी आए प्रमोद कुमार चंद्रवंशी का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए वार्ड पार्षद डिम्पल कुमार एवं सशक्त स्थायी समिति वार्ड पार्षद उपेंद्र कुमार ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत और अभिनन्दन किया गया है।इस मौके पर सशक्त स्थायी समिति सदस्य एवं डिम्पल कुमार से वार्ता हुआ है।

### भाजपा नेता विनय शर्मा के निधन पर पूर्व सांसद ने जताया शोक संवेदना

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ओबरा प्रखंड के ग्राम खुदवां निवासी भाजपा नेता विनय शर्मा के निधन पर नम आँखों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।पूर्व सांसद ने कहा कि विनय शर्मा मेरे अनन्य सहयोगी एवं हर सुख-दुःख तथा विपरीत परिस्थितियों में भी चट्टान की तरह साथ खड़े रहने वाले बड़े भाई थे।इनका असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद,पीड़ादायक एवं मर्माहत करने वाला है।उनका निधन मेरे लिए केवल एक सहयोगी ही नहीं,बल्कि एक आत्मीय अभिभावक एवं स्नेही बड़े भाई के रूप में अपूरणीय व्यक्तिगत क्षति है।उनका स्नेह, सहयोग,समर्पण एवं आत्मीय व्यवहार सदैव हमारे स्मृतियों में जीवंत रहेंगे।यह मेरे परिवार के सदस्य के रूप में थे।।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक-संतप्त परिजनों,मित्रों एवं शुभचिंतकों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति,धैर्य एवं संबल प्रदान करें।भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी,पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह,पुरषोत्तम सिंह,मनोज शर्मा,देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,राजकुमार सिंह,अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,रवि सिंह,आशु अभिनव,सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता आदित्य शेखर,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,शुभेंदु शेखर सिंह,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह,अनिल सिंह,सुनील शर्मा,भाजपा नेता मुकेश सिंह,अनिता सिंह,आलोक सिंह,धर्मेन्द्र शर्मा,राकेश कुमार देवता,नीलमणी कुमार,आशुतोष शर्मा,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह,नलिनी रंजन,प्रफुल्ल सिंह,बिनोद सिंह,अमरीश सिंह,रविन्द्र शर्मा,राकेश कुमार देवता,मुनीन्द्र राम,उदय सिंह,विनय सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता,शिक्षावीद लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### खड़ी ट्रक में लगी भीषण आग एक और वाहन भी जली

शेरघाटी। आमस थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड किनारे स्थित भारत पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को खड़ी एक ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और उसकी चपेट में पास में खड़ी एक अन्य ट्रक भी आ गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर पास के एक होटल में भोजन करने गया था। इसी दौरान ट्रक से धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में आग की तेज लपटें उठने लगीं। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।आग की चपेट में आने से दोनों ट्रकों को भारी क्षति पहुंची है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि ट्रकों में क्या सामान लदा था और नुकसान की वास्तविक राशि कितनी है।इस संबंध में आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि ट्रक में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वाहन में क्या सामान था और कितना नुकसान हुआ है। वाहन मालिक के आने तथा जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की बैठक आयोजित

अरवल। भाजपा जिला कार्यालय अरवल में भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले 12 साल विकास के विश्वास के एवं जनकल्याण के कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर की तैयारियों की हुई समीक्षा



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिले मे 17 एवं 18 जून को आयोजित होने वाले सहयोग - सह - जन कल्याण शिविर की तैयारियों को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, जिला पदाधिकारी, अरवल अमृषा बैस की अध्यक्षता मे 17 एवं 18 जून, 2026 को जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले सहयोग सह जन कल्याण शिविर के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने शिविर के सफल एवं प्रभावी आयोजन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल स्थापित किए जाएं तथा प्रत्येक स्टॉल पर विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सेवाओं की सूची प्रमुखता से प्रदर्शित की जाए, ताकि आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सहयोग सह जन कल्याण शिविर के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने, निबंधन, सत्यापन, ई-केवाईसी तथा आवश्यक निष्पादन की कार्रवाई प्रखंड स्तर पर ही सुनिश्चित की जाएगी। शिविर में प्रमुख रूप से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, जीविका से संबंधित योजनाएं, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाए, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (इडउह) की योजनाएं, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना के लिए पृथक काउंटर की व्यवस्था की जाए तथा संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही लाभुकों की सुविधा, पेयजल, छायादार प्रतीक्षालय, बैठने की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, तकनीकी सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयपूर्व पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग सह जन कल्याण शिविर का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभुको तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा विभिन्न सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार, लाभुकों की अधिकतम भागीदारी तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अष्टभुजी धाम के विकास के लिए सदस्यों ने बनाया मास्टर प्लान



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के बारुण प्रखंड के अष्टभुजी धाम पिपरा के प्रांगण में अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह ने किया।संचालन की जिम्मेवारी संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने निभाई। मुख्य अतिथि के रूप में सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही ।सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं अष्टभुजी धाम का विकास मास्टर प्लान बनाकर करने का निर्णय लिया। मास्टर प्लान का प्रतिवेदन अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।साथ ही साथ अगले वर्ष 2027 में महोत्सव आयोजन के लिए आवंटन बढ़ाने के निमित्त कला संस्कृति विभाग को पत्र प्रेषित करने की जिम्मेवारी अध्यक्ष को दी गई।

अष्टभुजी माता के मंदिर में अन्य जरूरत के चीजों को यथाशीघ्र लगाने का निर्णय लिया गया।आज के बैठक में उपाध्यक्ष अजय राम, सचिव राजा दिलीप, उपसचिव कर्मदेव पाल, कोषाध्यक्ष रामेश्वर भगत,लाल मोहर प्रजापति, आनंद कुमार सुरेंद्र प्रसाद,अर्जुन साव, गौतम प्रसाद गुप्ता,नीरज कुमार मिश्रा, मनीष कुमार रवि कुमार, दिलकेश्वर सिंह, उपेंद्र प्रसाद, ललन भगत, पुष्पेंद्र सिंह,श्रीपति प्रसाद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी बरौली में महाआरती का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद । जिले के बारुण प्रखंड के ग्राम बरोली में श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में पिछले माह भागवत कथा सह ज्ञान यज्ञ के सवा महीना पूर्ण होने पर एवं पुरुषोत्तम मास के अष्टमी तिथि के अवसर पर महा आरती का आयोजन किया गया। ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर स्थित भगवान श्रीराम माता जानकी भ्राता लक्ष्मण एवं संकट मोचन हनुमान जी सहित अन्य देवी देवताओं की षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा अर्चना की गई।तत्पश्चात संध्या में वेद मंत्रोच्चार के साथ महा आरती का आयोजन किया गया। महाआरती के मुख्य यजमान संयुक्त रूप से महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह एवं बारुण प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी आदरणीय नीरज कुमार ने भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यों से सामाजिक समरसता एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलती है साथ ही साथ सनातनी परंपरा के अनुष्ठान यह बताते हैं कि हमारी परंपरा कितनी गौरवशाली रही है। जिन गांवों में ठाकुरबाड़ी मंदिर होतें हैं उस उसे गांव की समृद्धि एवं संपन्नता का पता चलता है।

जिन गांवों में इस तरह की कृतियां होती है उस गांव के लोग कभी अभाव में नहीं रहते हैं। महाआरती में जेएलएन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,संज्ञा समिति औरंगाबाद के अध्यक्ष अशोक पांडेय, संतोष मिश्रा,अष्टभुजी धाम के विजय कुमार सिंह,रामेश्वर भगत, राजा दिलीप,अजय राम,आनंद कुमार,लाल मोहर प्रजापति मुकेश कुमार सिंह अविनाश सिंह रमाकांत मिश्रा,युगल तिवारी,रंजीत कुमार, संजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक अजीत मिश्रा ने आगत अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कार-ऑटो की टक्कर में दो की मौत, आधे दर्जन घायल, मृतक के घरों में सन्नाटा



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद।जिले के ओबरा प्रखंड के तेजपुरा मोड़ दाउदनगर बारुण पथ पर तेजपुरा लख के समीप कार और टेंपू की बीच हुई भीषण टक्कर मे दो की मौत और आधे दर्जन लोग घायल हो गए है। हादसे के बाद घटना स्थल पर अफरा तफरी मच गई है। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के घर कोहराम मच गई है। बताया जाता है कि मृतक दोनों ओबरा थाने के कंचनपुर पंचायत के भटौलिया गांव के निवासी बताए गए है। भटौलिया गांव निवासी चुलहन पासवान के 55 वर्षीय बेटा मुकुल पासवान एवम स्वर्गीय सूर्यदेव पासवान के पुत्र 50 वर्षीय उमेश पासवान बताए गए है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र बैठा ने बताया कि दोनों मजदूर थे। और प्रतिदिन नासरीगंज रोहतास मजदूरी करने जाते थे।

रविवार की शाम मजदूरी कर लौट रहे थे कि तेजपुरा लख पर कारा और टेंपू में इतनी भयानक टक्कर हुई कि वाहन खाई मे गिर गया। उस पर सवार प्रमोद पासवान राजाराम रविदास समेत आधे दर्जन लोग घायल हो गए है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंच गई है। और घायलों को तत्काल दाउदनगर के नजदीकी अस्पताल मे भेज दिया गया है । और गंभीर घायलों को अस्पताल से भी बाहर रेफर कर दी गई है। सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दी गई है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्तिथि को नियंत्रित किया । ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर सड़क जाम करना चाह रहे थे परंतु पुलिस ने सूज बुझ के साथ शव को पोस्टमार्टम कराकर सौंप दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और हादसे का कारण माना जा रहा है। घटना के बाद गांव मे शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय लोग सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेतावनी संकेत लगाने तथा नियमित यातायात निगरानी की मांग कर रहे थे। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल हो गया है। घरों मे मुकुल पासवान की पत्नी कलावती देवी एवम उमेश पासवान की पत्नी लाखोंपति देवी का रो रो कर बुरा हाल है । बताया जाता है कि उमेश पासवान की एक पुत्र है जो माध्यमिक विद्यालय मे शिक्षा ग्रहण कर रहा है। एक बेटी भी है जो अविवाहित है। बताया गया कि उमेश पासवान की मौत घटना स्थल पर हुई थी, परंतु मुकुल पासवान की दाउदनगर अस्पताल मे इलाज के क्रम मौत हुई। उमेश पासवान की एक बेटी और एक बेटा बताया गया है। स्थानीय निवासी मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार सिंह समाजसेवी अलख निरंजन, मिहिर कुमार, जिला पार्षद राधे सिंह ने बताया कि दोनों अत्यंत गरीब परिवार मजदूरी कर अपना भरण पोषण करते थे। अब उन्हें मौत होने के बाद परिवारों को भरण पोषण की चिंता सताने लगी है।

# सीयूएसबी के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वेबिनार का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी।विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) द्वारा पर्यावरण संरक्षण केंद्रित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, सीयूएसबी के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने सेंटर फॉर क्लाइमेट एंड लाइफ के सहयोग से ह्लप्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिएह्व विषय पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में इस कार्यक्रम का नेतृत्व संयोजक एवं विभागाध्यक्ष (पर्यावरण विज्ञान) प्रो. राजेश कुमार रंजन ने किया, जबकि सेंटर फॉर क्लाइमेट एंड लाइफ के नोडल अधिकारी प्रो. प्रधान पार्थ सारथी के मार्गदर्शन एवं सहयोग ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वेबिनार में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के डीन प्रो. चंदर कुमार सिंह तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मिशन मौसम कार्यक्रम के कार्यक्रम निदेशक डॉ. अखिलेश मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. चंदर कुमार सिंह ने भारत में आर्सेनिक विषाक्तता पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने इसके स्रोतों, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा इसके सतत निवारण उपायों पर विस्तार से चर्चा की है। डॉ. अखिलेश मिश्रा ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण एवं जलवायु संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया है।

सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि वेबिनार का शुभारंभ कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार रंजन के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु कार्रवाई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला है। सेंटर फॉर क्लाइमेट एंड लाइफ के नोडल अधिकारी प्रो. पार्थ सारथी प्रधान ने जलवायु चुनौतियों के समाधान तथा सतत विकास को बढ़ावा देने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुश्री जयप्रभा सिंह के स्वागत संबोधन से हुई तथा समापन सुश्री मनीषा रानी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ है। उन्होंने वक्ताओं, समन्वयकों, निर्णायकों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

विश्व पर्यावरण दिवस समारोह के अंतर्गत फोटोग्राफी, पोस्टर/पेंटिंग तथा एक्सटेम्पोर (तत्काल भाषण) प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनका समन्वयन क्रमशः डॉ. प्रशांत, डॉ. सोमा गिरी एवं डॉ. एन. एल. देवी द्वारा किया गया है। इन प्रतियोगिताओं में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध कार्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# स्वर्गीय भोला मिश्रा ने अपने जीवन का अधिकांश समय राष्ट्रवाद, संगठन और समाज सेवा में समर्पित किया: डॉ मनीष

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकप्रिय समाजसेवी भाजपा के समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता स्वर्गीय राधा कृष्ण मिश्रा उर्फ भोला मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी परिवार एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि स्वर्गीय भोला मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के एक कद्दावर, निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय राष्ट्रवाद, संगठन और समाज सेवा के कार्यों में समर्पित किया। संघ परिवार की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे सदैव पार्टी के सिद्धांतों एवं मूल्यों के प्रति समर्पित रहे और कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्रोत थे।डॉ. मिश्रा ने कहा कि भोला मिश्रा जी का सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति उनकी सेवा भावना सदैव स्मरणीय रहेगी। उनके निधन से न केवल भाजपा परिवार बल्कि पूरे समाज ने एक अनुभवी एवं समर्पित व्यक्तित्व को खो दिया है। उनके द्वारा किए गए कार्य और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे।उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान श्री विष्णु दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति दें।इस दुःख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी का समस्त परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ा है और दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हैशोक प्रकट करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर राणा रणजीत सिंह गोपाल यादव दीपक पांडे कमल बारिक कुमार सत्यशील सहित अन्य।

# एमएलसी पुनर्निर्वाचन पर सुनील सिंह को दी बधाई

शेरघाटी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से एक बार फिर से विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) बनाए जाने पर राजद नेताओं और कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शेरघाटी के वरिष्ठ राजद नेता ने सोमवार को पटना स्थित एमएलसी सुनील सिंह के आवास पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि सुनील सिंह को पुनः एमएलसी बनाए जाने से पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि सुनील सिंह लंबे समय से पार्टी और जनता के हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ संगठन को आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सुनील सिंह विधान परिषद में जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाते रहेंगे तथा राज्य के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# शिक्षा विभाग के राज्य प्रशिक्षक डॉ० कमाल ने गया से 70 किलोमीटर दूर बांकेबाजार पहुंच कर राहुल और अमरजीत को किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। शिक्षा विभाग के राज्य प्रशिक्षक एवं निष्ठा प्रोग्राम एमएचआरडी न्यू दिल्ली के केआरपी सह आपदा प्रबंधन बिहार के राज्य प्रशिक्षक डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल गया मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर स्थित प्रखंड बांकेबाजार पहुंचे।जहां प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित प्रसाचुवाँ गाँव निवासी चंद्रदेव सिंह भोक्ता के पुत्र अमरजीत कुमार से मुलाकात कर उन्हें बिहार पुलिस में कामयाबी के लिए शुभकामनाएं दी और सम्मानित भी किया।इस मौके पर डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल जो कि हमेशा युवाओ के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते है उन्होंने कहा कि अमरजीत कुमार की माता सविता कुमारी जो एक शिक्षिका है उनके पुत्र ने बिहार पुलिस में कामयाबी हासिल की है जो परिवार के साथ साथ प्रखंड के लिए भी हर्ष की बात है।मौके पर डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल ने बरहेता पंचायत के गढ़ पर निवासी राहुल कुमार को भी बिहार पुलिस में कामयाबी हासिल करने पर फुलो का माला पहना कर स्वागत किया और बधाई दी साथ ही उनकी सफलता पर उन्हें सम्मानित कर और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। डॉ० सैयद मुस्तफा कमाल ने अमरजीत कुमार और राहुल कुमार को बिहार पुलिस में सफलता हासिल करने पर उन्हें सम्मानित किया।

# जदयू जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने दुमुहान बरिस्ता कौफी का पहला कैफे का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी।गया जी मे भारत के प्रमुख घरेलू कॉफी ब्रांडों में से एक बरिस्ता कौफी ने बोधगया में अपने पहले कैफे के उद्घाटन की घोषणा की है। यह ब्रांड के भारत में लगातार विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

यह मारुति शोरूम के समीप, दोमुहान, बोध गया में स्थित यह नया कैफे स्थानीय निवासियों, पर्यटकों, विद्यार्थियों एवं तीर्थयात्रियों के लिए एक आकर्षक और स्वागतपूर्ण वातावरण प्रदान करेगा, जहाँ लोग बेहतरीन कॉफी, स्वादिष्ट व्यंजनों और सार्थक संवादों का आनंद ले सकेंगे।

यह उद्घाटन देश के उभरते एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहरों तक प्रीमियम कैफे अनुभव पहुँचाने की बरिस्ता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व के सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थलों में से एक बोध गया में स्थापित यह कैफे बरिस्ता की उत्कृष्ट कॉफी विशेषज्ञता और आधुनिक एवं सुकूनदायक माहौल का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है।इस अवसर पर फ्रेंचाइजी पार्टनर अतुल कुशवाहा ने कहा,ह्लहमें पहली बार बोध गया में बरिस्ता लाने की अत्यंत खुशी है। दुनिया भर से आने वाले आगंतुकों का स्वागत करने वाले इस शहर को एक ऐसे कैफे अनुभव की आवश्यकता थी, जो गुणवत्ता, आराम और सामुदायिक जुड़ाव का बेहतरीन मिश्रण हो। हम स्थानीय निवासियों और यात्रियों दोनों की सेवा करने तथा बातचीत, बैठकों और यादगार कॉफी पलों के लिए पसंदीदा स्थान बनने की आशा रखते हैं।इस कैफे में ग्राहकों के लिए हस्तनिर्मित कॉफी, सिग्नेचर बेवरेज, रिफ्रेशिंग फ्रैपे, स्वादिष्ट डेजर्ट, बेकरी उत्पाद एवं अन्य लोकप्रिय कैफे व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें एक संपूर्ण कॉफीहाउस अनुभव प्राप्त होगा।

भारत, श्रीलंका एवं मालदीव के 175 से अधिक शहरों में 525 से अधिक कैफे के साथ बरिस्ता अपनी मजबूत उपस्थिति को और विस्तार दे रहा है तथा ऐसे स्थान विकसित कर रहा है जो लोगों के बीच संवाद, संबंध और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देते हैं।इस अवसर पर जदयू महानगर अध्यक्ष नेता राजू बर्नवाल, अवध बिहारी पटेल, कुंडल वर्मा, धनंजय शर्मा, बबन चंद्रवंशी आदि है।

# ओबरा दुमुहान स्थल बचाव संघर्ष मोर्चा समिति की हुई बैठक

**दुमुहान स्थल बचाव को लेकर तेज किया जाएगा आंदोलन**

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिले के ओबरा मुख्यालय के बेल रोड स्थित दुमुहान स्थल परिसर मे सोमवार को दुमुहान स्थल बचाव संघर्ष मोर्चा समिति का बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले के जिला सचिव सह पूर्व उप प्रमुख मुनारिक राम ने किया। सभी उपस्थित लोगो ने संयुक्त रूप से दुमुहान स्थल बचाने का निर्णय लिया। मुखिया प्रतिनिधि गोबिंद अग्रवाल, पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सिद्धनाथ दुबे, अतुल आनंद जैनंदन पासवान ने कहा कि दुमुहान स्थल पर कई वर्षों से दाह संस्कार होते आ रहा है। ओबरा ही नहीं बल्कि प्रखंड के बाहर के क्षेत्रों के भी यहां आकर पूर्वजों को मृत्यु होने के बाद इस श्मशान घाट पर जलाते आ रहे है। पंचायत वासियों के अनुनय पर जब मुखिया सीमा अग्रवाल ने शवदाह गृही बनाने की योजना तैयारी की तो ओबरा के विद्याधर तिवारी के द्वारा रोक लगाई जा रही है। जो कानून उचित नही है। जिसके लिए ओबरा के ग्रामीणों ने संघर्ष समिति सदस्यों का गठन किया है। जिसका नाम संघर्ष मोर्चा समिति बचाव अभियान रखी गई है। संघर्ष समिति सदस्यों ने बैठक के दौरान संगठन मजबूती पर चर्चा की। चर्चा के दौरान जनप्रतिनिधि एवम ग्रामीण प्रशासन के उपस्थिति मे दुमुहान स्थल पर महा पंचायत का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। आयोजन मे संघर्ष मोर्चा समिति के द्वारा क्षेत्रीय संसद विधायक एवम जनप्रतिनिधि के अलावे ओबरा पंचायत वासी के साथ अन्य सामाजिक एवम सम्मानित अतिथि भाग लेंगे। संघर्ष मोर्चा समिति सदस्यों ने जिला पदाधिकारी अंचलाधिकारी को लिखित रूप से जानकारी दे दी गई है। भाकपा माले के सचिव मुनारिक राम ने कहा कि संघर्ष मोर्चा समिति के माध्यम से बचाव आंदोलन तेज किया जाएगा। कहा कि जब इस स्थल पर शव को जलाया जाता है। 70 वर्ष पूर्व से 80 वर्ष के पूर्वओबरा ही अन्य क्षेत्रों के भी इस स्थल पर शव जलाते है । उसी जगह पर शव दाह गृह बनाने मे क्यों रोक लगाई जा रही है। कहा कि इस सम्बन्ध में जिला पदाधिकारी को सूचना दी गई है और इसको पहल नही की गई तो हम सभी अंचल कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। सभी ने कहा कि यह आम गैरमजरूआ जमीन है।

# हर पंचायत एवं हर प्रखंड में तैलिक साहु समाज का संगठन का होगा विस्तार : अजय साव

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी।गया जी के तैलिक साहु सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक गया जी के टेकारी रोड स्थित तैलिक भवन में आयोजित हुई है।आज इस बैठक मे मुख्य रूप से पंचायत स्तर एवं बिहार मे एम एल सी चुनाव पर चर्चा किया गया है।

इस बैठक की अध्यक्षता गया जिलाअध्यक्ष अजय साव ने किया है। जिलाअध्यक्ष ने कहा कि पुरे गया जिले के हर पंचायत एवं हर प्रखंड में संगठन का गठन एवं पुरा विस्तार किया जाएगा।आने वाले दिनो में बिहार एवं गया जिला में होने वाले पंचायत चुनाव में समाज के लोग अधिक से अधिक संख्या में जिते और जिला परिषद सदस्य के लिए भी भागिदार करके जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी को एकजुट होकर पंचायत चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। वर्ष 2028 होने वाले एम एल सी चुनाव में भी समाज के योग्य उम्मीदवार बनाने पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया है।इब बैठक में नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष हीरा साव को सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया है। इसके साथ ही उनके कार्यकाल के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी गई है।इस बैठक के अंत में समाज के संगठनात्मक विस्तार, राजनीतिक भागीदारी व सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया है।इस बैठक में कार्यकताओं छोटन साव, दुर्गा प्रसाद,रंजीत कुमार,श्रवण कुमार, गोपाल प्रसाद,श्रीमती पुष्पा देवी,अरुण कुमार,शिलनाथ प्रसाद,भोला साव,ओम प्रकाश,दलजीत साव,बिलास साव,राजनंदन, राजेश कुमार,धीरज कुमार,बब्लु,श्री राम, प्रवेश सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे हैं।

# अधिनायक लिपिक भर्ती परीक्षा कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करायी जायेगी: जिला पदाधिकारी

- 10 जून को 11 परीक्षा केन्द्रों पर होगी अधिनायक लिपिक भर्ती परीक्षा, सभी तैयारियां पूरी
- परीक्षा केन्द्रों पर जैमर, सीसीटीवी, बायोमेट्रिक एवं वीडियोग्राफी की होगी व्यवस्था



प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या-01/2026 के तहत बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा संवर्ग में अधिनायक लिपिक पद पर नियुक्ति हेतु आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा आगामी 10 जून 2026 को जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 12.00 बजे मध्याह्न तक निर्धारित है।

परीक्षा के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक्षक, जोनल दंडाधिकारी-सह-समन्वय प्रेक्षक, महिला दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल के पदाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षक उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने परीक्षा संचालन से जुड़े सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रत्येक स्तर पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 8.30 बजे निर्धारित किया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात 9.30 बजे तक ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी केन्द्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों को यह व्यवस्था सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं गंभीरता के साथ करें। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा संचालन में किसी भी स्तर पर छोटी-सी भी चूक या निदेर्शों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर जैमर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं वीडियोग्राफी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही इन व्यवस्थाओं के संचालन में लगे कर्मियों की भी विशेष निगरानी रखी जाए ताकि किसी प्रकार की तकनीकी या मानवीय त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों के मुख्य द्वार पर प्रत्येक अभ्यर्थी की गहन तलाशी ली जाए तथा किसी भी प्रतिबंधित सामग्री को केन्द्र परिसर में प्रवेश करने की अनुमति न दी जाए। सहायक केन्द्राधीक्षक अथवा नियुक्त वीक्षक द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार उद्घोषणा कर अभ्यर्थियों को यह जानकारी दी जाएगी कि लिखित सामग्री, प्रवेश पत्र पर किसी प्रकार की लिखावट, सादा कागज, क्लिपबोर्ड, स्लाइड रूल, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, डिजिटल डायरी, पॉमटॉप, पीडीए अथवा अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केन्द्र के अंदर ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा दिवस पर विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अग्निशमन व्यवस्था को भी सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा जिले के राज सीनियर सेकेंड्री स्कूल, मीना बाजार बेतिया, पीएम श्री विपिन हाई स्कूल बेतिया, महंथ रामरूप गोस्वामी कॉलेज बानूछापर, आमना उर्दू सीनियर सेकेंड्री प्लस टू स्कूल मिजाटोली, राज्य संपोषित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय राज ड्योढ़ी, पीएम श्री गवर्नमेंट प्लस टू हाई स्कूल कुमारबाग, प्रोजेक्ट गर्ल्स प्लस टू हाई स्कूल कठैया नौतन, यूएचएस शेखौना मोतिहारी रोड, नेशनल पब्लिक हाई स्कूल इन्द्रपुरी, गवर्नमेंट आदर्श विपिन मिडिल स्कूल हॉस्पिटल रोड तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवत सेना सहित कुल 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री अमरेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर श्री विकास कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अस्पतालों एवं अन्य संस्थानों की फायर ऑडिट कर सुरक्षा मानकों का अनुपालन करें सुनिश्चित: जिला पदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि आगजनी की घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों में फायर सेफ्टी को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

उन्होंने निर्देश दिया कि जिला स्तरीय जांच दल का गठन किया जाए, जो विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी व्यवस्था की समीक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों सहित सभी महत्वपूर्ण संस्थानों की फायर ऑडिट प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि अग्निशमन से संबंधित सभी सुरक्षा मानकों का वास्तविक रूप से अनुपालन हो रहा है।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहने के बजाय फायर ऑडिट में चिन्हित कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर कराया जाए। जिन संस्थानों में अग्निशमन उपकरण उपलब्ध नहीं हैं अथवा अनुपयोगी स्थिति में हैं, वहां आवश्यक कार्रवाई करते हुए सुरक्षा उपकरणों कीफ उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर, अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास द्वार एवं अन्य सुरक्षा संसाधनों की नियमित जांच की जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं अन्य सार्वजनिक भवनों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही कर्मचारियों को आपदा एवं अग्निकांड की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के संबंध में प्रशिक्षित करने तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल आयोजित करने की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## 16 जून को बगहा अनुमंडल की कई पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, डीएम ने तैयारियों की समीक्षा

बगहा। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 16 जून 2026 को बगहा पुलिस जिले के विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसकी तैयारियों एवं प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।बैठक में डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थलों पर पेयजल, छायादार प्रतीक्षालय, बैठने की समुचित व्यवस्था, चिकित्सा सहायता सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चयनित शिविर स्थलों में अंतिम समय में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाए, ताकि आमजनों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही पंचायत स्तर पर माइकिंग, जनप्रतिनिधियों और अन्य संचार माध्यमों के जरिए शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें। अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि तीसरे चरण के तहत 16 जून को बगहा अनुमंडल की कई पंचायतों में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बेतिया में 10 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ: कला और संस्कृति विभाग की अनूठी पहल

बेतिया।बेतिया के युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने के लिए कला एवं संस्कृति विभाग, संस्कार भारती, और आरोही कला संस्कृति वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बेतिया ऑडिटोरियम में 10 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 6 जून से 16 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें जिले के युवाओं और स्थानीय रंगकर्मियों को अभिनय की बारीकियाँ सिखाई जा रही है।उद्घाटन जिला युवा पदाधिकारी शशांक मित्तल, संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण एवं आरोही ट्रस्ट के सचिव प्रभात कुमार झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य प्रशिक्षक (मेंटर) क रूप में प्रख्यात रंगकर्मी अनुज नंद यादव हैं। छात्रों को वॉयस मॉड्युलेशन, बॉडी लैंग्वेज और चरित्र चित्रण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहे है वही जिला युवा पदाधिकारी द्वाराऐसी कार्यशालाएं स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें एक सही मंच प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होती हैं।

### गंडक नदी में अनियंत्रित खनन से बी गैप तटबंध पर मंडराया खतरा

बगहा। गंडक नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में अनियंत्रित खनन को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ गई है। भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में नदी के किनारे भारी मशीनों के जरिए खनन किए जाने और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से तटबंधों की सुरक्षा पर सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरण से जुड़े जानकारों का कहना है कि गंडक नदी के दाहिने किनारे डाउन स्टीम क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर खनन गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इससे नदी की प्राकृतिक धारा प्रभावित होने के साथ-साथ तटबंधों पर भी दबाव बढ़ रहा है। बरसात और बाढ़ के मौसम को देखते हुए यह स्थिति भविष्य में गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती है। जानकारों के अनुसार भारत-नेपाल के बीच हुए द्विपक्षीय समझौतों के बावजूद यदि नदी क्षेत्र में अनियंत्रित खनन जारी रहता है तो तटबंधों की स्थिरता प्रभावित हो सकती है। नदी तल में अत्यधिक छेड़छाड़ से जलधारा का रुख बदलने और कटाव बढ़ने की आशंका भी बनी रहती है।

### युवक के साथ मारपीट, थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग

बगहा। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में युवक राजकुमार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने वाल्मीकिनगर थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपित रोहित कुमार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाल्मीकिनगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-17 निवासी राजकुमार ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया है कि रविवार को लगभग 10 बजे पूर्वाह्न वह अपने कार्य से बाहर निकला था। इसी दौरान वार्ड संख्या-17 के ही रोहित कुमार ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपित ने कथित रूप से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि मारपीट के दौरान आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी तथा भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। घटना के बाद आसपास के लोगों के जुटने पर मामला शांत हुआ।

# व्यवसायियों की एकजुटता से क्षेत्र के व्यापार को मिलेगी नई दिशा : सांसद

- रक्सौल चैम्बर द्वारा व्यवसायी समागम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। आज सोमवार को शहर के लक्ष्मीपुर स्थित पंकज वाटिका के सभागार में औद्योगिक एवं व्यवसायी हितैषी संस्था रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में भव्य व्यवसायी समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यवसायियों, उद्यमियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में चैम्बर द्वारा पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की गयी। समारोह का उद्घाटन पश्चिम चम्पारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल एवं रक्सौल के विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, पूर्व महासचिव पशुपति पाण्डेय, रक्सौल चैम्बर अध्यक्ष राकेश कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर चैम्बर की ओर से अतिथियों का बुके, शॉल भेंट एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्र - गान से हुआ तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का संबोधन हुआ।

अपने संबोधन में सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि किसी भी नगर एवं क्षेत्र के आर्थिक विकास में व्यवसायियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने रक्सौल चैम्बर द्वारा व्यवसायियों को एक मंच पर लाने और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को संगठित रूप से रखने की पहल को सराहनीय बताया। विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने भी चैम्बर की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से व्यापारिक समुदाय को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चैम्बर अध्यक्ष राकेश कुशवाहा एवं महासचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया ने बताया कि बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर व्यवसायी समागम का आयोजन किया गया है साथ ही संस्था की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चैम्बर व्यवसायियों के हितों की रक्षा तथा क्षेत्र में व्यापारिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न बैंको एवं जीएसटी विभाग रक्सौल , मोतिहारी चैम्बर से अरविंद सर्राफ, पूर्व अध्यक्ष राजीव विजडम समेत नगर के कई गणमान्य नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। समारोह का एक विशेष आकर्षण चैम्बर की आधिकारिक सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी को सदस्यों को सदस्यता प्रमाण - पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। उपस्थित व्यवसायियों ने चैम्बर की इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे व्यापारिक एकता को मजबूत करने वाला कदम बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी भरत प्रसाद गुप्त, भारत विकास परिषद रक्सौल के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी, योगेन्द्र प्रसाद,लक्ष्मण प्रसाद चौरसिया, ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, संतोष केशरी, रास बिहारी चौधरी, राजकुमार अग्रवाल, पवन किशोर कुशवाहा, राजू गुप्ता एवं शिव कुमार केशान सहित नगर के अनेक प्रतिष्ठित व्यवसायी, उद्यमी, गणमान्य नागरिक समेत चैम्बर के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नितिन कुमार, दिनेश प्रसाद, गिरधारी लाल श्रीवास्तव रमेश प्रसाद,गणेश अग्रवाल, दिनेश धानोठिया, दिलीप शाह, विश्वनाथ प्रसाद, रिची रोहन आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन महासचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## नेपाल में रविवार की सार्वजनिक छुट्टी रद्द होने की घोषणा निराधार, सरकार ने नहीं लिया कोई नया फैसला

प्रात: किरण संवाददाता




बगहा। नेपाल में रविवार की सार्वजनिक छुट्टी रद्द किए जाने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरें और संदेश भ्रामक तथा निराधार हैं। उपलब्ध आधिकारिक सूचनाओं और हालिया सरकारी निर्णयों में ऐसा कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है, जिसमें रविवार के सार्वजनिक अवकाश को समाप्त करने की घोषणा की गई हो। दरअसल, नेपाल सरकार ने अप्रैल 2026 में ईंधन संकट और प्रशासनिक आवश्यकताओं को देखते हुए सरकारी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार दोनों दिन साप्ताहिक अवकाश की व्यवस्था लागू की थी। इसके बाद से यही व्यवस्था प्रभावी है। हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर रविवार की छुट्टी समाप्त किए जाने के दावे वायरल हुए, लेकिन सरकार की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। इसलिए रविवार की सार्वजनिक छुट्टी रद्द होने की खबरों को अफवाह माना जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों ने भी लोगों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें और अपुष्ट संदेशों को साझा करने से बचें। वर्तमान में नेपाल में शनिवार और रविवार दोनों दिन साप्ताहिक सार्वजनिक अवकाश की व्यवस्था पूर्ववत लागू है।

## कंबोडिया में अवैध रूप से रह रहे 66 नेपाली नागरिकों को स्वदेश लौटने की अंतिम चेतावनी

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। कंबोडिया में अवैध रूप से रह रहे 66 नेपाली नागरिकों को नेपाल लौटने के लिए अंतिम चेतावनी जारी की गई है। बैंकॉक स्थित नेपाली दूतावास ने इन नागरिकों से तत्काल संपर्क कर 12 जून तक नेपाल लौटने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। दूतावास के अनुसार, कंबोडिया सरकार ने पहले 602 नेपाली नागरिकों को वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद बिना जुमार्ना और अतिरिक्त शुल्क के स्वदेश लौटने की विशेष सुविधा प्रदान की थी। हालांकि, बार-बार संपर्क किए जाने के बावजूद 66 नेपाली नागरिक अब तक अधिकारियों की पहुंच से बाहर हैं। कंबोडियाई प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नए कानूनी प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी, भारी आर्थिक दंड और गंभीर मामलों में लंबी कारावास की सजा का प्रावधान है। दूतावास ने चेतावनी दी है कि बिना वैध दस्तावेज या वीजा के कंबोडिया में छिपकर रह रहे नेपाली नागरिकों को तत्काल गिरफ्तार किया जा सकता है। साथ ही नेपाल सरकार ने विदेश रोजगार के नाम पर पर्यटक वीजा लेकर कंबोडिया जाने वालों से सावधानी बरतने की अपील की है।

## मदनपुर वन कार्यालय परिसर में मिले तेंदुए के पगमार्क, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के मदनपुर वन क्षेत्र स्थित रेंज कार्यालय परिसर में तेंदुए के पगमार्क मिलने से वन विभाग सतर्क हो गया है। मदनपुर रेंज के रेंजर मलाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बीती रात वन कार्यालय परिसर में तेंदुए के ताजा पगमार्क पाए गए हैं, जिसके बाद क्षेत्र में निगरानी और गश्ती बढ़ा दी गई है रेंजर मलाकार ने बताया कि मदनपुर वन कार्यालय परिसर घने जंगल से सटा हुआ है। इस कारण जंगल में रहने वाले वन्यजीवों का कैंपस क्षेत्र में आना-जाना लगा रहता है। इससे पहले भी दो-एक बार तेंदुए के पगमार्क मिलने की पुष्टि की जा चुकी है। हालांकि अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। वन अधिकारियों के अनुसार हाल के वर्षों में वीटीआर में तेंदुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं हिरणों सहित अन्य शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि शिकार प्रजातियों की बढ़ती उपलब्धता के कारण तेंदुओं के लिए अनुकूल आवास विकसित हुआ है। वन विभाग का कहना है कि बेहतर वन प्रबंधन, नियमित गश्ती, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण तथा वन्यजीवों के अनुकूल वातावरण तैयार होने से वीटीआर में जैव विविधता लगातार समृद्ध हो रही है। यही वजह है कि तेंदुए सहित कई वन्यजीवों की संख्या में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिल रही है। वन विभाग ने आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने तथा किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है।

## शाम ढलते ही गुलजार हो उठता है वीटीआर

बगहा। समर वेकेशन और भीषण गर्मी के बीच वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। सुबह से लेकर शाम तक देश-विदेश से आने वाले सैलानी यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले रहे हैं। खासकर शाम ढलते ही गंडक नदी के किनारे स्थित पर्यटन स्थल लोगों के आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। गंडक नदी के किनारे बने मरीन ड्राइव पर इन दिनों परिवार, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। ठंडी हवा, नदी का मनोरम दृश्य और पहाड़ियों के बीच डूबते सूरज का नजारा लोगों को मंत्रमुग्ध कर देता है। वहीं स्ट्रीट फूड, चाट, फास्ट फूड और आइसक्रीम का स्वाद लेते हुए पर्यटक अपनी छुट्टियों को यादगार बना रहे हैं। वैसे तो वीटीआर दिनभर पर्यटकों से आबाद रहता है, लेकिन शाम के समय यहां की रौनक अलग ही दिखाई देती है। गंडक बराज कंट्रोल रूम, 1910 ईस्वी चौक, जंगल कैंप, ईको पार्क, त्रिवेणी संगम और कालेश्वर घाट जैसे पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है।

## बैंक लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, तीन आरोपी दबोचे

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ग्रामीण महिलाओं को ठगी का शिकार बनाने वाले एक संगठित गिरोह का बगहा पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के मुख्य आरोपी समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, नकदी और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल ने प्रेस वार्ता में बताया कि मार्च 2026 में रामनगर थाना क्षेत्र की तीन महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बैंक लोन दिलाने के नाम पर उनसे पैसे लिए गए और बाद में उनके खातों से धोखाधड़ी कर राशि निकाल ली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर जांच शुरू की गई।

जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी अली असगर उर्फ अली अकबर, जो बैंक एजेंट एवं सीएसपी संचालक के रूप में कार्य करता था, अपने सहयोगियों के साथ मिलकर महिलाओं के नाम पर नए सिम कार्ड जारी कराता था। इसके बाद बैंक खाते खुलवाकर उनसे जुड़े मोबाइल नंबर बदल दिए जाते थे, जिससे खाते की महत्वपूर्ण जानकारी अपराधियों के नियंत्रण में आ जाती थी।पुलिस के अनुसार, आरोपी महिलाओं के नाम पर ऋण स्वीकृत कर उसकी राशि अन्य खातों में ट्रांसफर कर निकाल लेते थे। गिरोह द्वारा ठगी की रकम का कुछ हिस्सा ऑनलाइन खरीदारी में भी इस्तेमाल किया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, दस सिम कार्ड, एक मोटरसाइकिल तथा 10,670 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## बिहार यूपी सीमा पर तेंदुआ ने हिरण का किया शिकार, ग्रामीणों में दहशत

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) से निकलकर एक तेंदुआ के उत्तर प्रदेश की सीमा तक पहुंचने और हिरण का शिकार करने का मामला सामने आया है। घटना पीपरासी थाना क्षेत्र के एक खेत की बताई जा रही है, जहां रविवार सुबह किसानों ने हिरण का शव देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हिरण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि तेंदुआ ने शिकार कर हिरण को खेत तक खींच लाया था। वन विभाग के रेंजर मलाकार ने बताया कि तेंदुआ के मूवमेंट की निगरानी की जा रही है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है साथ ही तेंदुए को पकड़ने के लिए पिजरे को भी लगाया गया। आसपास के गांवों में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। किसानों से भी कहा गया है कि वे खेतों में अकेले न जाएं और समूह में ही कार्य करें। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से इलाके में बड़े वन्यजीवों की गतिविधियां देखी जा रही थीं।

# उम्दा दूधिया रौशनी से चकाचक बनेगी सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र की सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था: गरिमा

- बोर्ड द्वारा पारित कुल पाँच प्रस्तावों के आधार पर निविदा जारी करने की तैयारी को अंतिम रूप देने की कार्रवाई में जुटा है निगम प्रशासन
- वर्षों से खराब 650 स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने के अलावा सघन आबादी वाले नगर निगम क्षेत्र में लगेगी 1500 नई पोल सहित लाइटों से दुरुस्त होगी सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि बोर्ड द्वारा पारित कुल पाँच प्रस्तावों के आधार पर सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था को दूधिया रौशनी से चकाचक बनाया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में करीब एक दशक पूर्व लगे और खराब पड़े 1,500 स्ट्रीट लाइटों को फिर से जीवन्त बनाए जाने का प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित किया गया है। लोहे के पोल पर लगाए गए करीब 1,500 स्ट्रीट लाइटों के खराब लाइटों को बदल कर उन्हें पुनर्जीवित किया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके अलावा करीब एक दशक पूर्व विभिन्न वार्डों के हाई मास्क लाइटों पोस्टों के लिए डेढ़ सौ वॉट क्षमता के 600 लाइट नया खरीद कर पूर्व से लगे और वर्षों से खराब हाई मास्क लाइटों को फिर से दूधिया रौशनी देने वाला बनाए जाने का प्रस्ताव नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित किया गया है।

महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि विभिन्न वार्डों में नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व से लगे स्ट्रीट लाइटों में 635 पूर्णतः खराब हो चुके हैं,उनकी जगह भी 90 वाट के 635 नए स्ट्रीट लाइट लगाकर उन्हें पुनर्जीवित किया जाएगा। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि इसके अलावे प्रत्येक वार्ड में उच्च शक्ति हाई मार्क्स लाइट कुल सौ हाई मास्क लाइट 16 मीटर ऊंचाई वाले हाई मास्ट पोलों पर डेढ़ सौ वॉट क्षमता के 100 उच्च शक्ति के फ्लड लाइट वाले हाई मास्क लाइट लगाने के पारित प्रस्तावों के आधार पर निविदा जारी करने की प्रक्रिया नगर निगम प्रशासन द्वारा शुरू की जाएगी।

महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके अतिरिक्त नवअधिग्रहित क्षेत्र के लिए 90 वॉट क्षमता वाले कुल 5000 स्ट्रीट लाइट क्रय कर अधिष्ठापन किया जाएगा। इसका प्रस्ताव भी नगर निगम बोर्ड द्वारा बीते महीनों में ही पारित कर दिया गया है।

## गंडक नदी में दिखा जलचर जीवन का अद्भुत नजारा

बगहा। गंडक नदी में जलचर जीवन का एक अद्भुत और रहस्यमयी नजारा देखने को मिला। हाल ही में वन विभाग द्वारा 31 घड़ियाल शावकों को प्राकृतिक आवास में छोड़े जाने के तुरंत बाद एक वयस्क घड़ियाल को अपनी चोंचनुमा नाक और सिर के हिस्से पर एक शावक को बैठाकर नदी में तैरते हुए देखा गया। यह दुर्लभ दृश्य क्षेत्र में मौजूद लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। पर्यावरण विशेषज्ञ बीडी संजू ने बताया कि घड़ियालों में इस प्रकार का व्यवहार वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पिगीबैक राइड अथवा पैरेंटल केयर का हिस्सा माना जाता है। इसके तहत बड़े घड़ियाल, विशेषकर नर, शावकों को सुरक्षा प्रदान करने और उन्हें नदी की धारा में सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए अपनी पीठ, सिर अथवा थूथन पर बैठाकर ले जाते हैं।

## घरेलू गैस के 34258 एवं वाणिज्यिक गैस के 1416 सिलेंडर उपलब्ध

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। जिले में घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान की जा रही है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 14.2 किलोग्राम के 34258 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के 1416 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 7 जून को जिलेभर में कुल 10969 गैस सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी कराई गई। जिला प्रशासन का लगातार प्रयास है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी अनावश्यक विलंब के उनके घर तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्री सिन्हा ने बताया कि गैस आपूर्ति एवं वितरण से संबंधित प्राप्त 10 शिकायतों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शिकायतों के निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस बुकिंग, डिलीवरी अथवा आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की देरी, अनियमितता या अन्य शिकायत होने पर जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 09 जून 2026



# नहर में पानी नहीं मिलने से किसानों की बढ़ी चिंता



प्रात: किरण संवाददाता

सीवान/दरौंदा । प्रखंड क्षेत्र के मिल्की, हड़सर, हाथोपुर, कोड़ारी कलां होते हुए कमसड़ा तक जाने वाली सिंचाई नहर में पानी नहीं रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। धान का बिचड़ा तैयार करने के लिए पानी की आवश्यकता है, लेकिन नहर सूखी रहने के कारण किसान निजी साधनों से सिंचाई करने को मजबूर हैं।

हड़सर और कोलुआ गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि समय पर नहर में पानी नहीं पहुंचा तो धान की रोपाई प्रभावित हो सकती है। नहर पर निर्भर सैकड़ों किसानों की बिचड़ा फसल सूखने के कगार पर है, जिससे उनकी लागत डूबने का खतरा मंडरा रहा है। किसानों ने कर्ज लेकर महंगे बीज और खाद खरीदे हैं।

किसान उपेंद्र कुमार साह ने बताया कि नहर में पानी नहीं रहने से फसल बचाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि जल्द पानी नहीं छोड़ा गया तो किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। किसानों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सिंचाई विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# मुंगेर डीएम ने सुनी आवेदकों की शिकायते, दिए समाधान के निर्देश



➤ जन सुनवाई में बकाया मानदेय, अनुदान, नाला भुगतान के मामले भी उठे

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। समाहरणालय में सोमवार को आयोजित जन सुनवाई में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने 24 आवेदनों पर सुनवाई की। अधिकांश मामले भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, सीमांकन और राजस्व से जुड़े थे। कुछ आवेदन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और लोक सेवाओं से संबंधित थे। डीएम ने शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अंचल और राजस्व अधिकारियों को जांच कर समय-सीमा में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। चण्डिका स्थान के सेवादार अमोद कुमार, सफाई कर्मी गौतम दास, मीरा देवी सहित कई ने बकाया मानदेय का भुगतान नहीं होने की शिकायत की। तारापुर के संवेदक त्रिलोकी नारायण शर्मा ने नाला निर्माण का बकाया मांगा, जबकि जमालपुर के रविन्द्र यादव और संग्रामपुर के नीतीश कुमार ने भूमि कब्जा और डूबकर मृत पुत्र की अनुदान की राशि नहीं मिलने की शिकायत की।

# भागलपुर स्टेशन पर मालदा मंडल के आरपीएफ कर्मी ने महिला यात्री को गंभीर हादसे से बचाया

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर । ऑपरेशन जीवन रक्षा के अंतर्गत यात्री सुरक्षा के प्रति अपनी सतर्कता एवं प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट परिचय देते हुए,मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ)मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा के मार्गदर्शन तथा बरुण कुमार बेहरा, सहायक सुरक्षा आयुक्त/प्रभारी, आरपीएफ, मालदा के पर्यवेक्षण में दिनांक 07.06.2026 को भागलपुर रेलवे स्टेशन पर एक महिला की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया। यह सफलता प्लेटफॉर्म पर गश्त के दौरान एक आरपीएफ अधिकारी की त्वरित एवं सूझबूझपूर्ण कार्रवाई के कारण संभव हुई।दिनांक 07.06.2026 को लगभग 21:52 बजे, आरपीएफ पोस्ट भागलपुर के उप निरीक्षक संतोष कुमार प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर हावड़ा छोर स्थित फुट ओवर ब्रिज के निकट ट्रेन संख्या 13072 डाउन जमालपुरझ हावड़ा एक्सप्रेस के सुरक्षित परिचालन हेतु गश्त कर रहे थे। इसी दौरान, ट्रेन के चल पड़ने के बाद उन्होंने एक महिला को चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास करते हुए देखा। इस प्रयास में महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म एवं ट्रैक के बीच के गैप की ओर फिसलने लगी।

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उप निरीक्षक संतोष कुमार ने तत्परता एवं साहस का परिचय देते हुए महिला को तुरंत सुरक्षित स्थान पर खींच लिया, जिससे एक गंभीर दुर्घटना टल गई तथा उसकी जान बच गई।पूछताछ के दौरान महिला ने अपना नाम शिद्रा वेगम (25 वर्ष) बताया।उन्होंने बताया कि वह अपने एक रिश्तेदार को उक्त ट्रेन से विदा करने के लिए भागलपुर रेलवे स्टेशन आई थीं। उन्होंने समय पर सहायता एवं जीवनरक्षक कार्रवाई के लिए आरपीएफ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।यह घटना एक बार फिर मालदा मंडल के आरपीएफ कर्मियों की सतर्कता, समर्पण एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को रेखांकित करती है। मालदा मंडल अपने अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की निरंतर सजगता एवं सक्रिय कार्यप्रणाली के माध्यम से यात्रियों तथा रेल उपयोगकताओं की सुरक्षा एवं संरक्षा के सर्वोच्च मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भागलपुर सांसद के कार्यालय में चोरी

■ सीसीटीवी डीवीआर समेत महत्वपूर्ण दस्तावेज ले गए चोर

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर।भागलपुर में चोरों ने सांसद कार्यालय को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है मामला तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित भागलपुर सांसद अजय मंडल के कार्यालय का है जहां चोर ताला तोड़कर अंदर घुस गए और कई महत्वपूर्ण सामान लेकर फरार हो गए सांसद कार्यालय के सचिव गौरव कुमार ने बताया कि रविवार होने के कारण कार्यालय बंद था सोमवार सुबह जब वह कार्यालय पहुंचे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर प्रवेश करने पर देखा कि कार्यालय में रखी आलमारी, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर, कंप्यूटर और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब थे। कार्यालय का सामान भी अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था।घटना की जानकारी तत्काल तिलकामांझी थाना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस चोरी की इस वारदात में शामिल अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्रों की जानकारी जुटा रही है सांसद कार्यालय में हुई चोरी की इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई।

# अंतिम संस्कार में गोलियों कि तड़तड़ाहट से दहला इलाका

# कानून की उड़ाई गई धज्जियां

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया। बिहार के नवगछिया अनुमंडल के जगतपुर गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक अंतिम संस्कार (शव यात्रा) के दौरान कुछ युवकों ने सरेआम कई राउंड हवाई फायरिंग कर दी। शोक के माहौल में हथियारों का यह प्रदर्शन अब भारी पड़ने वाला है।

**नवगछिया में अंतिम संस्कार में गोलियों कि तड़तड़ाहट से दहला इलाका**

बिहार के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत जगतपुर गांव से कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाला एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक वृद्ध महिला की अंतिम विदाई के दौरान शोक की जगह हथियारों का भौकाल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, जगतपुर निवासी भवेश यादव की माता के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा निकाली गई थी। इसी दौरान श्मशान घाट जाने के रास्ते में कुछ असमाजिक तत्वों ने सरेआम कई राउंड हवाई फायरिंग कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों में डर और आक्रोश का माहौल है।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, नामजद आरोपी की पहचान में जुटी पुलिस**

शव यात्रा के दौरान हुई इस ताबड़तोड़ फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे कुछ युवक कानून को ठेंगे पर रखकर सरेआम अवैध हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपियों में गांव के ही दिनेश यादव का पुत्र बमबम यादव भी शामिल है। हालांकि, जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा इस वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन वीडियो के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

**सार्वजनिक स्थल पर हथियारों का प्रदर्शन गंभीर, पुलिस ने शुरू की कड़ी कानूनी कार्रवाई**

शव यात्रा जैसे अत्यंत संवेदनशील और सार्वजनिक कार्यक्रम में हथियारों का यह नंगा नाच प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत एक्शन मोड में आ गई है और पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि वायरल वीडियो की फॉरेंसिक जांच और अन्य पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। सार्वजनिक शांति भंग करने और आर्म्स एक्ट के उल्लंघन के तहत दोषियों के खिलाफ जल्द ही कड़ी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यपालक पदाधिकारी को बार्ड में जल जमाव एवं नाले की समस्या से सम्बन्धित दिया गया आवेदन

भागलपुर । भागलपुर जिला महामंत्री जन सुराज पार्टी ने हबीबपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 और 3 के स्थानीय लोगों के साथ नगर पंचाय हबीबपुर के कार्यपालक पदाधिकारी को बार्ड में जल जमाब एवं नाले की समस्या से सम्बन्धित आवेदन दिया।विगत कई बरसों से इस वार्ड में नाला नहीं होने के कारण एवं कहीं कहीं अधूरे बने नाले के कारण जल जमाब की समस्या उत्पन्न हो गई है।लोगों के घरों में नाले का पानी जमा हो रहा है महामारी और डेंगू की समस्या उत्पन्न हो गई है।स्कूल के बच्चों और बुजुर्गों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मोहम्मद साबिर ने बताया के एक प्रतिलिपि सूचनार्थ हेतु जिलाधिकारी महोदय को भी दिया गया है।मोहम्मद साबिर ने कहा है कि अगर इस समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय लोगों के साथ एक बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।इस दौरान मोहम्मद वशीक,मोहब्बत मिंटो, मोहम्मद जियाउद्दीन, मोहम्मद नवाज आलम,आकाश कुमार दस,विजय गुप्ता और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुधैला बैकुंठपुर गांव में बांका सांसद गिरधारी यादव द्वारा लगाये गए हाई मार्च लाइट कई महिनों से बंद

भागलपुर जिले के नगर परिषद सुल्तानगंज के दुधैला बैकुंठपुर गांव स्थित एन जी ए हाई स्कूल के मैदान में बांका सांसद गिरधारी यादव द्वारा लगाये गये हाई मार्च लाइट कई महिनों से बंद पड़ा है/इस मामले में ग्रामीण पुदल कुमार ने बताया कि बांका सांसद गिरधारी यादव द्वारा दुधैला बैकुंठपुर गांव स्थित एन जी ए हाई स्कूल के मैदान में हाई मार्च लाइट गया है जब से लगाया गया है मात्र 30,40 दिन ही लाइट जल पाया है/उसके बाद से बंद पड़ा है इसके लिए सांसद गिरधारी यादव, सांसद प्रतिनिधि पवन केसान, विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल को कहने के बाबजूद अबतक लाइट ठीक नहीं होने पर ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही की बात कही है/

## ब्लेंडर्स प्राइड ने एक्सपीरिएंशियल प्लेटफॉर्म का किया विस्तार

दुर्गापुर। ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने कोलकाता में ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरिएंसेस की शुरूआत के साथ अपनी एक्सपीरिएंशियल मार्केटिंग रणनीति का विस्तार किया है। यह एक सांस्कृतिक प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य इमर्सिव, मल्टी-सेंसरी एंगेजमेंट के माध्यम से फ्लेवर को फिर से परिभाषित करना है। यह पहल ऐसे समय में आई है जब ब्रांड पारंपरिक उत्पाद इंटरैक्शन से आगे बढ़कर सार्थक और उच्च अनुभवों के माध्यम से उपभोक्ताओं से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। रिजर्व्ड इन एवरी सेंस थीम पर आधारित यह प्लेटफॉर्म फ्लेवर को एक बहुआयामी यात्रा के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसे केवल चखने के बजाय देखा, सुना, महसूस और अनुभव किया जा सकता है। सेलिब्रिटी शेफ कुणाल कपूर के सहयोग से तैयार किए गए इस कोलकाता शोकेस में एक लाइव गैस्ट्रो-परफॉर्मेंस का प्रदर्शन किया गया, जहां रियल टाइम में फ्लेवर को संगीत के साथ जोड़ा गया है। पेर्नोड रिकार्ड इंडिया की मुख्य विपणन अधिकारी देबाश्री दासगुप्ता ने कहा कि उपभोक्ता तेजी से विशिष्ट और उद्देश्यपूर्ण अनुभवों की तलाश कर रहे हैं, जो ब्रांडों को जुड़ाव के अधिक समृद्ध रूप तैयार करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## एनएच-333 पर सड़क धंसने से बढ़ा हादसे का खतरा ग्रामीणों ने लगाए लाल झंडे

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-333 पर हवेली खड़गपुर-बरियारपुर मुख्य मार्ग स्थित प्रसंडो नया टोला के समीप सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से गंभीर दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे और लगातार हो रहे कटाव को देखते हुए स्थानीय लोगों एवं समाजसेवियों ने सोमवार को क्षतिग्रस्त स्थल पर लाल झंडे लगाकर राहगीरों और वाहन चालकों को सतर्क किया।स्थानीय निवासी एवं समाजसेवी हिमांशु कुमार सिंह के नेतृत्व में लगाए गए चेतावनी झंडों का उद्देश्य वाहन चालकों को संभावित खतरे से आगाह करना है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण सड़क के किनारे का हिस्सा लगातार कट रहा है, जिससे गड्ढे का आकार बढ़ता जा रहा है और सड़क की स्थिति दिन-प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है।

छात्र नेता ईशु यादव तथा समाजसेवी हिमांशु कुमार सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि क्षतिग्रस्त स्थल पर मजबूत बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सड़क और सुरक्षा रेलिंग की मरम्मत युद्धस्तर पर कराई जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इधर, स्थानीय लोगों ने विभागीय उदासीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर एनएच-333 के कार्यपालक अभियंता संजय वर्मा ने बताया कि सड़क क्षतिग्रस्त होने की सूचना विभाग को प्राप्त हुई है तथा गड्ढे को जल्द भरकर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

## मुंगेर प्रमंडल आयुक्त कार्यालय में जनता दरबार 8 आवेदनों पर की गई सुनवाई

मुंगेरः। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, मुंगेर में सोमवार को आयुक्त के सचिव सुधीर कुमार ने जनता दरबार में आए आवेदकों की सुनवाई की। आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 8 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुंगेर जिला से 6, जमुई से 1 और खगड़िया से 1 आवेदन शामिल था। आवेदनों में भूमि विवाद, सरकारी योजनाओं से संबंधित शिकायत, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति तथा अन्य जनहित के मामले थे। आयुक्त के सचिव ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनने के बाद संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय नियमों के अनुसार निष्पादन किया जाए और अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकताओं के साथ निष्पादित करने को कहा है।

## कैंची धाम व बांके बिहारी मंदिर में की गई पूजा-अर्चना

सिवान/दारौंदा प्रखंड प्रमुख गुड़िया सिंह एवं समाजसेवी नेता उमेश सिंह ने उत्तराखंड स्थित प्रसिद्ध कैंची धाम में पूज्य नीम करोली बाबा तथा वृंदावन स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी लाल जी के दिव्य एवं अलौकिक दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की।प्रखंड प्रमुख गुड़िया सिंह ने कहा कि नीम करोली बाबा की कृपा, सादगी, भक्ति एवं सेवा का संदेश हम सभी के जीवन को नई प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने बाबा के श्रीचरणों में कोटि-कोटि नमन करते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया।

## बहडारा गांव में गांव के दबंगों ने आम रास्ता को किया बंद ग्रामीण महिला ने विभाग के सभी अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर न्याय की लगाई गुहार



भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के करहरिया पंचायत के बहडारा गांव में गांव के दबंगों द्वारा आम रास्ता को बंद करने पर सीओ अनुज कुमार झा द्वारा दल बल के साथ पहुंचकर रास्ते को किया चालु/लेकिन गांव के दबंगों ने बाथ थाना पुलिस की मिली भगत से फिर से आम रास्ता को किया बंद/इस मामले में बहरारा गांव के रहनेवाली ग्रामीण मंजु देवी ने जिला पदाधिकारी,कमिशनर,सीओ सहित अन्य अधिकारी को ,ग्रामीण पिटिशन देकर अवगत कराया है कि चार घरों का आम रास्ता को गांव के दबंग मनोज सिंह,सुमित कुमार सिंह ललन कुमार सिंह, सभी मिलकर आम रास्ता को बंद कर दिया गया है/जो सीओ को लिखित आवेदन देने पर सीओ अनुज कुमार झा ने दल-बल के साथ पहुंचकर आम रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करते हुए आम रास्ता को चालु कर दिया था/लेकिन गांव के दबंगों ने फिर से बाथ थाना पुलिस व 112 पुलिस की मिली भगत से आम रास्ता को बंद कर दिया है/जिससे चारों घरों के ग्रामीण को आने जाने में परेशानी होने की बात कहते हुए न्याय की गुहार लगाई है/वहीं इस मामले में बाथ थाना प्रभारी मंटु कुमार ने बताया कि ऐसा कोई मामला हमारे संज्ञान में नहीं आया है कि बात कही संज्ञान में आने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी

# बिजली तार की चपेट में आने से भैंस की मौत, मुआवजे की मांग के लिए सड़क जाम

प्रात: किरण संवाददाता



संग्रामपुर। सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग पर धनकुंडा गांव के समीप एक ट्रांसफार्मर से निकले बिजली के तार की चपेट में आने से एक गर्भवती भैंस की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और पशुपालक ने मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य सड़क को लगभग एक घंटे तक जाम कर दिया। जाम के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धनकुंडा निवासी पशुपालक वकील यादव रविवार सुबह अपनी भैंस को चारा खिलाने के लिए लेकर निकले थे। इसी दौरान गांव के समीप लगे ट्रांसफार्मर से निकले विद्युत तार की चपेट में आने से उनकी गर्भवती भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वकील यादव ने बताया कि भैंस उनके परिवार के जीविकोपार्जन का प्रमुख साधन थी। दूध बेचकर ही परिवार का खर्च चलता था। गर्भवती भैंस की मौत से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। उन्होंने बिजली विभाग से उचित मुआवजे की मांग की। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही संग्रामपुर थाना अध्यक्ष विनोद कुमार झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं स्थानीय मुखिया हरिनंदन यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद सड़क पर यातायात सामान्य हो सका। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जर्जर एवं खुले बिजली तारों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# एबीपीएम मुंगेर ने मैट्रिक-इंटर टॉपर छात्रों को किया सम्मानित



● नया गांव कार्यालय में कार्यक्रम, जमालपुर, मोहली, कटारिया, कासिम बाजार के विद्यार्थी शामिल

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर।अखिल भारतीय पान महासंघ, मुंगेर द्वारा सदर प्रखंड के नया गांव स्थित एबीपीएम जिला कार्यालय में मैट्रिक और इंटरमीडिएट में पहला स्थान प्राप्त करने वाले दर्जनों छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में एबीपीएम के जमालपुर अध्यक्ष कारीयानंद तांती, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक राज, सदर प्रखंड सचिव जवाहर तांती, अशोक तांती सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहे। नया गांव, मोहली, कटारिया और कासिम बाजार क्षेत्र के टॉपर विद्यार्थियों को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के बच्चे मेहनत से पढ़ाई कर बेहतर अंक लाएं, महासंघ हमेशा उनके प्रोत्साहन के लिए ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा। जिलाध्यक्ष विनय गुप्ता, जो लखीसराय के जिला प्रभारी भी हैं, ने सभी सफल छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आरजेडी नेताओं ने सुनील सिंह को एमएलसी नामांकन पर दी बधाई

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। राजद के युवा नेता, मुंगेर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव और युवा राजद के प्रदेश सचिव गजेंद्र कुमार हिमांशु ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिहार विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव में राजद प्रत्याशी सुनील सिंह को नामांकन दाखिल करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नेता द्वय ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने पार्टी के लिए समर्पित, जुझारू और प्रखर वक्ता, राजद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तथा बिस्कोमान के पूर्व अध्यक्ष सुनील सिंह को पुनः उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने आज अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। संख्या बल के आधार पर सुनील बाबू का निर्विरोध चुनाव जीतना तय माना जा रहा है। इस निर्णय के लिए राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नेताओं ने कहा कि सुनील सिंह पूर्व की भांति विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।

## यूकोआरसिटी मुंगेर का गाय पालन-वर्मी कंपोस्ट प्रशिक्षण संपन्न, 35 महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र




■ 12 दिन चले प्रशिक्षण में संग्रामपुर की महिलाओं ने सीखे स्वरोजगार के गुर

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। यूकोआरसिटी मुंगेर द्वारा आयोजित गाय पालन एवं वर्मी कंपोस्ट निर्माण पर 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को समाप्त हो गया। संग्रामपुर प्रखंड की कुल 35 महिलाएं इस प्रशिक्षण में शामिल हुईं। प्रशिक्षण प्रशिक्षक मुकुंद कुमार सिंह ने गाय पालन की वैज्ञानिक पद्धति, चारा प्रबंधन, रोग नियंत्रण, केंचुआ खाद निर्माण की प्रक्रिया और बाजार संभावनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को यूको आरसिटी निदेशक रोहन और मुकुंद कुमार सिंह द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्य देवेन्द्र कुमार, सन्नी कुमार तथा कार्यालय सहायक आदित्य और कुणाल राज भी उपस्थित रहे। निदेशक रोहन ने प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग घर जाकर करें। ग्रामीण महिलाओं के लिए गाय पालन और वर्मी कंपोस्ट निर्माण स्वरोजगार के लाभदायक साधन हैं, जिसके लिए यूको बैंक समेत अन्य बैंकों से आर्थिक सहायता भी ली जा सकती है।

## जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण हुअ शुरू

सीवान । शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के तहत सोमवार को अंबेडकर भवन स्थित संवाद कक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र भगवानपुर हाट के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जितेंद्र प्रसाद, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण तथा प्रगतिशील महिला कृषक उपस्थित रहीं।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रसार कर्मी किसानों और कृषि विभाग के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने किसानों तक विभाग की योजनाओं एवं नई कृषि तकनीकों को पहुंचाने तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं कृषि विशेषज्ञों ने धान, मक्का, अरहर सहित खरीफ फसलों की समय पर बुआई, उन्नत बीजों के उपयोग, मिट्टी जांच आधारित उर्वरक प्रयोग तथा समेकित कीट प्रबंधन अपनाने की सलाह दी।जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों से विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, एटीएम-बीटीएम तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## 15 जून को दारौंदा में खरीफ कर्मशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम

सीवान/दारौंदा प्रखंड मुख्यालय में 15 जून को खरीफ कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इसकी जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामवीर यादव ने दी।उन्होंने बताया कि जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, सिवान के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, गुणवत्तापूर्ण बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि निदेशानुसार प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार पंचायत स्तर पर नए किसानों का चयन कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कृषि महोत्सव के सफल आयोजन एवं विभिन्न कृषि उपादानों के वितरण के लिए लाभुक किसानों की सूची भी तैयार की जाएगी।उन्होंने किसानों से कार्यक्रम में भाग लेकर आधुनिक कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

## दरौंदा-महाराजगंज मुख्य सड़क किनारे झाड़ियों में लगी आग, मुश्किल से काबू पाया गया

सीवान/दरौंदा-महाराजगंज मुख्य सड़क पर रामजानकी मंदिर एवं झोर पुल के बीच सोमवार की दोपहर सड़क किनारे झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग लगते ही आसपास के क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। हालांकि तेज हवा के कारण आग तेजी से पश्चिम दिशा की ओर फैलने लगी, जिससे स्थिति कुछ समय के लिए गंभीर हो गई।अग्निशमन कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क किनारे लगी आग पर काबू पा लिया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक चवर क्षेत्र की कुछ झाड़ियों में आग सुलग रही थी। अग्निशमन दल लगातार आग को पूरी तरह बुझाने में जुटा रहा।इस अभियान में प्रधान अग्निक मुन्ना कुमार एवं अग्निक ज्योति कुमारी सहित अन्य कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए आग पर नियंत्रण पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# खेती में किसान दें नवाचार को बढ़ावा , बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : डीएम

## शारदीय खरीफ महाभियान-2026 के तहत जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । कृषि विभाग, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार शारदीय खरीफ महाभियान-2026 के अंतर्गत सोमवार को ग्रीन रिसॉर्ट, चंदवा (आरा) में जिला स्तरीय शारदीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया, उप विकास आयुक्त बलदेव चौधरी एवं जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने कहा कि कृषि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र किसानों तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन के नए अवसर विकसित करने पर बल दिया। साथ ही बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि आदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा धान अधिप्राप्ति की पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने कृषि पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नियमित रूप से किसानों के बीच जाकर संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को समझने तथा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी लाते हुए सभी पात्र किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य का मूल्यांकन केवल संख्या के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता और प्रभावशीलता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, डेयरी एवं मृदा जांच से संबंधित योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कर्मशाला के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नीरज कुमार ने खरीफ उत्पादन कार्यक्रम के तहत धान, मक्का, मोटे अनाज एवं अरहर की खेती, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, कृषि यंत्रीकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, भूमि संरक्षण, आत्मा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसान सलाहकारों एवं कृषि समन्वयकों की सराहना करते हुए इस कार्य में और अधिक गति लाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक राणा राजीव रंजन कुमार ने किया। जानकारी दी गई कि शारदीय खरीफ महाभियान-2026 के तहत 11 जून से 19 जून तक प्रखंड स्तरीय कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण तथा 11 जून से 30 जून तक जिले के सभी पंचायतों में कृषि जनकल्याण चौपाल-सह-खेत बचाओ अभियान चलाया जाएगा। कर्मशाला में नाबार्ड, कृषि विज्ञान केंद्र, अग्रणी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आत्मा, उद्यान, पौधा संरक्षण, मिट्टी जांच प्रयोगशाला, कृषि अभियंत्रण सहित कृषि विभाग के विभिन्न पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम, बीटीएम, कार्यपालक सहायक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## 6 शराबी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में



प्रातः किरण संवाददाता

नकरदेई थाना अंतर्गत खुदिया टोला नेपाल जाने वाली चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान नेपाल से आने के क्रम मे 6 शराबियों को गिरफ्तार किया गया। यह सभी लोग बिहार में शराब बन्दी होने के कारण नेपाल से शराब का सेवन करके वापस आ रहे थे। उसी क्रम में नकरदेई थाना द्वारा वाहन जांच किया जा रहा था,उसी क्रम में इन 6 शराबियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराबी

01श्याम बाबू साह पिता रामसरुप साह घर बरवा, 02 श्याम बिहारी पिता अंबिका बिहारी घर चैनपुर, 03 हामिक मियां पिता हाफिज मियां घर मांगुरहा, 04 अवधेश भगत पिता प्रभु भगत घर माघी बरवा, 05 अजय यादव पिता बाबूलाल यादव, 06 शशिकांत प्रसाद यादव पिता बृजकिशोर प्रसाद यादव दोनों घर भवानीपुर सभी थाना आदापुर जिला पूर्वी चम्पारण मोतिहारी को शराब सेवन करने के आरोप मे गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-प्रशिक्षण वर्ग की समीक्षा बैठक की गई

### 52 जिलों और 1420 मंडलों में डेढ़ लाख से अधिक कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

- सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का लिया गया संकल्प

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत मंडल एवं जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्गों के सफल समापन के बाद एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूरे अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में प्रशिक्षण अभियान के केंद्रीय प्रभारी एवं सांसद अमरपाल मौर्य, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, बिहार प्रशिक्षण अभियान के संयोजक मृत्युंजय झा, सदस्य विकास ओझा सहित प्रशिक्षण अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्य और प्रशिक्षण टोली के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, डॉ. प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक तथा राजेश झा भी बैठक में मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेशभर में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों की उपलब्धियों, सहभागिता और संगठनात्मक प्रभाव का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। साथ ही सांसदों, प्रदेश पदाधिकारियों तथा अन्य संगठनात्मक दायित्वों से जुड़े कार्यकताओं के लिए आयोजित होने वाले आगामी प्रशिक्षण वर्गों की कार्ययोजना पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक प्रशिक्षण के महत्वों को रेखांकित किया गया तथा संगठन में प्रशिक्षित कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक में प्रशिक्षण अभियान की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और कार्यकताओं को बधाई दी गई। बैठक में बताया गया कि बिहार भाजपा द्वारा राज्य के सभी 52 संगठनात्मक जिलों में जिला प्रशिक्षण वर्गों का सफल आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से लगभग 20 हजार कार्यकताओं को संगठनात्मक, वैचारिक, राजनीतिक और सामाजिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं प्रदेश के 1420 मंडलों में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों के जरिए 1.50 लाख से अधिक कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान भाजपा की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति, जनसंपर्क, सोशल मीडिया, चुनाव प्रबंधन तथा सेवा कार्यों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इस बात पर भी विशेष जोर दिया गया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और गरीब कल्याण की उपलब्धियों को कार्यकर्ता प्रभावी ढंग से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। इसके लिए प्रशिक्षित कार्यकताओं को जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने तथा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से निरंतर संवाद बनाए रखने का आह्वान किया गया। बैठक के अंत में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का सफल आयोजन बिहार भाजपा संगठन के लिए नई ऊर्जा, नए संकल्प और आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक अभियानों की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगा। यह अभियान संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय तथा जनोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# रानीनगर नहर पुल की जर्जर हालत बनी चिंताजनक, समाजसेवियों ने की मरम्मत की मांग

### त्रिवेणी संगम और गजेंद्र मोक्ष धाम जाने का प्रमुख मार्ग, अंतिम संस्कार के लिए आने-जाने वाले लोगों को हो रही परेशानी

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। नवलपरासी जिले के त्रिवेणी क्षेत्र स्थित गजेंद्र मोक्ष धाम जाने वाले मुख्य मार्ग पर रानीनगर में पश्चिमी मुख्य नहर पर बना पुल बुरी तरह जर्जर हो चुका है। पुल की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने चिंता जताते हुए संबंधित अधिकारियों से अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह पुल त्रिवेणी संगम, गजेंद्र मोक्ष धाम तथा आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय निवासी और अंतिम संस्कार के लिए जाने वाले लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। पुल की जर्जर स्थिति के कारण राहगीरों को दुर्घटना का भय बना रहता है।समाजसेवियों का कहना है कि लंबे समय से पुल की मरम्मत नहीं होने के कारण इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। बरसात के मौसम में पुल से आवागमन और भी जोखिम भरा हो जाता है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से पुल का तकनीकी निरीक्षण कर शीघ्र मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि धार्मिक, सामाजिक और दैनिक आवागमन की दृष्टि से यह पुल अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

## दारौंदा में एनएच -531 की भूमि पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी

सीवान/दरौंदा/राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एचएच-531 की भूमि पर किए गए कथित अतिक्रमण को लेकर नोटिस जारी किया है। परियोजना निदेशक राजू कुमार, ढक्व-छपरा द्वारा जारी नोटिस में बताया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 531 के किमी 41+770 (बाएं हिस्से) पर लगभग 2015 वर्गफुट क्षेत्र में अनधिकृत कब्जा पाया गया है।

नोटिस के अनुसार, मनोज चौरसिया को तीन दिनों के भीतर उक्त अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही यदि संबंधित व्यक्ति को कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना है।

## रक्सौल नगर परिषद द्वारा शहर के मुख्य मार्ग पर डिवाइडर रेलिंग निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

रक्सौल। सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, कार्यवाहक सभापति पुष्पा देवी और कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर परियोजना की शुरूआत की।करीब 64 लाख 76 हजार रुपये की लागत से बनने वाली इस योजना को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। परियोजना के तहत शहर के प्रमुख मार्गों पर डिवाइडर रेलिंग लगाई जाएगी, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और जाम की समस्या में कमी आएगी।सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि यह परियोजना शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। कार्यक्रम में नगर परिषद के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## शारदीय (खरीफ) महाअभियान को सफल बनाने हेतु कृषि कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

- फॉर्मर रजिस्ट्री, मिट्टी जांच एवं फसल उत्पादन तकनीकों पर विशेषज्ञों ने साझा की महत्वपूर्ण जानकारी

बेतिया। कृषि विभाग द्वारा संचालित शारदीय (खरीफ) महाअभियान के सफल क्रियान्वयन एवं किसानों तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से डीआरसीसी सभागार, बेतिया में कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने किया।कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, एटीएम, बीटीएम सहित कृषि विभाग के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि कर्मियों को नवीन योजनाओं, तकनीकी जानकारियों एवं विभागीय कार्यक्रमों के संबंध में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना था, ताकि किसानों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके।उप विकास आयुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा देकर ही उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने सभी कृषि कर्मियों को निर्देश दिया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों को दिलाना सुनिश्चित करें।कार्यशाला में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया एवं इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी, श्री सरफराज असगर ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री किसानों के डाटा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही डीसीएस आत्मा योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिट्टी जांच के महत्व पर विशेष बल दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि मिट्टी की गुणवत्ता एवं पोषक तत्वों की उपलब्धता के आधार पर ही उर्वरकों का संतुलित उपयोग किया जाना चाहिए। इससे उत्पादन लागत में कमी आती है तथा फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि होती है। इसके साथ ही खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों एवं क्रियान्वयन की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने शारदीय (खरीफ) फसलों की उन्नत खेती, बीज चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, जल संरक्षण तथा जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने किसानों की आय बढ़ाने एवं फसल उत्पादन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक कृषि पर जोर दिया गया ।

## महिला कॉलेज में साइंस व कॉमर्स की पढ़ाई शुरू कराने का मिला आश्वासन

आरा । उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर ने स्थानीय महिला कॉलेज, डालमियानगर में विज्ञान (साइंस) और वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय की पढ़ाई शुरू कराने का आश्वासन दिया है। वीरसति दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मंत्री पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह के आवास पहुंचे, जहां स्थानीय भाजपा नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने महिला कॉलेज में साइंस और कॉमर्स विषयों की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया।इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं इंजीनियर सत्यनारायण सिंह ने बताया कि यह कॉलेज डेहरी अनुमंडल का एकमात्र महिला कॉलेज है। यहां नोहट्टा, चुटिया, रोहतास, बिक्रमगंज तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्राएं शिक्षा प्राप्त करने आती हैं। इसके बावजूद कॉलेज में अब तक विज्ञान और वाणिज्य संकाय की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं हो सकी है। इसके कारण छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अन्य संस्थानों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त समस्या उत्पन्न होती है।

स्थानीय प्रतिनिधियों ने मंत्री का ध्यान इस महत्वपूर्ण आवश्यकता की ओर आकर्षित करते हुए कॉलेज में दोनों संकाय शुरू करने की मांग की। इस पर मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि यदि विभाग को इस संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।मंत्री के इस आश्वासन से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय नागरिकों और शिक्षाविदों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में महिला कॉलेज में विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की पढ़ाई शुरू हो जाएगी।




मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496